# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



आनंद का सच्चा भाव®

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट* (75.00%) = | ₹108815/- |
| 22 कैरेट रेट* (91.60%) = | ₹132900/- |
| 24 कैरेट रेट* (99.99%) = | ₹145072/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

anand® Jewels Pandri, Raipur

*Conditions apply


## रायगढ़ के तमनार में फूटा मामला

एक एकड़ से अधिक खेत में कर रहा था खेती, गांव से काफी दूर होने की वजह से वहां नहीं जाता था कोई

**अंतरराज्यीय नेटवर्क का हो सकता है खुलासा**



### कांग्रेस की टीम पहुंची खेत

*इस पूरे घटनाक्रम के बीच कांग्रेस की टीम मौके पर पहुंची। वहां ग्रामीण अध्यक्ष नगेंद्र नेगी के नेतृत्व में पूरी टीम खेत का जायजा लेने पहुंची थी। इसकी रिपोर्ट पीसीसी को देने की बात नेताओं ने कही है। कांग्रेसियों ने आरोप भी यह सब सरकार के संरक्षण में हो रहा है। प्रदेश को सूखे नशे का गढ़ बना दिया गया है।*

सरकारी रिकॉर्ड में हो रही थी उड़द दाल की खेती

# केलो परियोजना की जमीन पर दामाद बाबू कर रहा था अफीम की खेती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तमनार

राज्य में अफीम की खेती का एक और मामला खुला है। इस बार रायगढ़ जिले के गांव में एक एकड़ में अफीम की फसल लहलहाती मिली। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस का कहना है, अफीम की खेती करते हुए झारखंड में पकड़े जाने के बाद आरोपी अपने साथियों के साथ ससुराल आ गया। यहां तमनार गांव से काफी दूर गोढ़ी नाला के किनारे स्थित केलो परियोजना की सरकारी जमीन पर एक एकड़ से अधिक खेत में अफीम की खेती करने लगा। दिलचस्प बात यह है कि शुक्रवार को सर्वे रिपोर्ट जमा करनी थी ,इसी वक्त अफीम की खेती का खुलासा हुआ और मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

सूचना मिलने के बाद आरोपी मार्शल सांगा पिता मिखाइल सांगा( 40 वर्ष) के घर में छापेमारी की गई और खेती की सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात किया। घर में भी कुछ मात्रा में अफीम मिली है, जिसे प्रोसेसिंग करके आरोपी ने रखा था। जानकारी के मुताबिक जमीन के पांच हिस्से- खसरा नं 462/3 विराज, प्रवीण उर्मिला, सुलोचना, खसरा नं 462/2 भूमि केलो परियोजना, खसरा नं 462/1 महंत पिता चमरा, अश्वनी बेवा चमरा, खसरा नं 462/4 दयानंद पिता धरमदेव, खसरा नं 462/5 हेमंत कुमार पिता धरमदेव के होने की जानकारी मिली है । खेत की हालत देखकर तो ऐसा लग रहा है कि यहां सालों से खेती हो रही ▶▶|शेष पेज 4 पर



### गांव से बाहर है खेत

गांव से काफी दूरी पर यह खेत है जहां अफीम की फसल लगाई गई है। गांव के लोग उधर कभी जाते नहीं हैं। टिकरा जैसा खेत है और वहां गोढ़ी नाला बहता है। इस नाले का पानी बहते हुए केलो नदी में मिलता है। इसी नदी के पानी से अफीम की फसल पर सिंचाई की जाती है। इसमें से कुछ फसल सूख गई है तो अधिकांश अभी कच्ची ही है। राजस्व विभाग की टीम ने पूरे खेत की नापजोख की है। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि एक एकड़ से अधिक खेत पर अफीम लगी है।

### रिकार्ड में उड़द और धान दर्ज

साल में दो बार गिरदावरी होती है। खरीफ के बाद रबी सीजन में। खरीफ में तो पूरे खेतों की गिरदावरी करना जरुरी होता है, लेकिन रबी सीजन में जहां खेती करते हैं वहां जाकर गिरदावरी कर ली जाती है। सवाल यह है कि खरीफ सीजन में इस खेत की गिरादावरी की गई थी या नहीं। नहीं की गई तो भी पटवारी की लापरवाही है और करने के बाद जानकारी नहीं मिली तो भी पटवारी की गलती है। जबकि जो जानकारी मिली है उसमें एक खसरे में उड़द तो दूसरे खसरे में धान की एंट्री है। दो खसरे में निरंक लिखा है। अब इसमें से कौन से खेत में अफीम लगी है यह तो जांच के बाद ही पता चल सकता है।


### रिपोर्ट देने तहसीलदार ने की थी इंक्वारी

जिले में अफीम की खेती को लेकर सर्वे किया जा रहा था। इसकी रिपोर्ट 19 मार्च तक देना था। इसमें पटवारियों से प्रमाण पत्र भी लेना था। गुरुवार की रात तमनार तहसीलदार ने कृषि विभाग के अधिकारियों से इसकी जानकारी ली थी। याने उन्होने सर्वे का प्रमाण पत्र देने से पहले इंक्वारी की है, लेकिन तब तक इसकी कोई जानकारी किसी को नहीं था।

### अप्रैल में पूरी हो जाती प्रोसेसिंग

यह फसल 120-150 दिन की होती है। अभी जो अफीम की फसल लगी है वह मार्च के आखिरी और अप्रैल तक पूरी हो जाएगी। याने अप्रैल में प्रोसेसिंग करने की स्थिति में हो जाएगी। यदि इसका खुलासा नहीं होता तो आरोपी बड़ा आसामी होता, लेकिन किस्मत ने धोखा दे दिया। दूसरी ओर तमनार तहसीलदार रिचा सिंह ने जमीन मालिक का नाम बताने से असमर्थता जताई है।

ये है फूल



### फूल करते हैं आकर्षित

*अफीम के पौधे यहां के लोगों ने नहीं देखे थे लेकिन इसके फूल काफी खूबसूरत होते हैं। पिंक कलर की फूल लोगों को आकर्षित करते हैं। इन फूलों को देखकर बरबस ही कोई उस ओर खिंचा जाएगा, लेकिन यहां हालत अलग है। गांव से काफी दूर और सुनसान होने के कारण कोई जाता भी नहीं था। इसके कारण उसे कोई देखता भी नहीं था।*

### आरोपी गिरफ्तार निगरानी रखी जा रही

*तमनार के आमाघाट गांव में अफीम की खेती मिली है। खेती करने वाले झारखंड के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिले में मादक पदार्थों अवैध संग्रहण, तस्करी या किसी भी प्रकार के कारोबार पर सतत निगरानी रखी जा रही है। ऐसे अपराधों में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।*

*-शशि मोहन सिंह*
*एसएसपी, रायगढ़*

---

**युद्ध का साइड इफेक्ट**

**बाजार प्रभावित, बढ़ेगी महंगाई! मिडिल ईस्ट में थम नहीं रहे हमले**

# प्रीमियम पेट्रोल 2.35 रुपए महंगा, रुपया भी लुढ़का डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

मिडिल ईस्ट में अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध का असर अब भारत पर भी दिखने लगा है। एलपीजी के बाद अब देश में पेट्रोल की कीमत में भी बढ़ोतरी हो गई है। सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों ने प्रीमियम पेट्रोल की कीमत में 2.35 रुपये प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी कर दी है। हालांकि फिलहाल रेगुलर पेट्रोल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है। माना जा रहा है कि इस बढ़ोतरी से औद्योगिक सेक्टर, लॉजिस्टिक्स और ट्रांसपोर्ट कॉस्ट पर असर पड़ सकता है। इससे महंगाई बढ़ने की आशंका है। बीपीसीएल ने ▶▶|शेष पेज 4 पर



### सामान्य और प्रीमियम पेट्रोल में ऑक्टेन वैल्यू का अंतर

सामान्य और प्रीमियम पेट्रोल में मुख्य अंतर इनके ऑक्टेन नंबर का होता है। प्रीमियम पेट्रोल का ऑक्टेन लेवल ज्यादा होता है जो इंजन को 'नॉकिंग' (झटके) से बचाकर बेहतर परफॉर्मेंस और लंबी लाइफ देता है। प्रीमियम पेट्रोल के दाम इसलिए ज्यादा होते हैं क्योंकि इसकी रिफाइनिंग प्रोसेस महंगी है और इसे बनाने के लिए खास 'एडिटिव्स' का इस्तेमाल होता हैं।

### भारत के लिए होर्मुज खाड़ी है अहम

*भारत के लिए होर्मुज की खाड़ी बहुत अहम है क्योंकि देश की क्रूड और गैस की अधिकांश सप्लाई इसी रास्ते आती है। हालांकि वहां समस्या को देखते हुए भारत अब दूसरे स्रोतों से तेल और गैस खरीद रहा है। पेट्रोलियम मंत्रालय के मुताबिक भारत का 70 फीसदी कच्चा तेल अब दूसरे रास्तों से आ रहा है। इसी तरह गैस भी दूसरे स्रोतों से खरीदी जा रही है।*

### धमकी देने के कुछ घंटे बाद ही मारे गए ईरानी जनरल

*तेहरान। धमकी मिलने के कुछ घंटे बाद ही इजराइल ने एयर स्ट्राइक कर ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के प्रवक्ता जनरल अली मोहम्मद नैनी को शुक्रवार को मार गिराया। यह हमला ऐसे समय में हुआ जब ब्रिगेडियर जनरल अली मोहम्मद नैनी ने कुछ घंटे पहले ही अमेरिका और इजरायल को चुनौती दी थी।*



*उन्होंने कहा था कि ईरान की मिसाइल उद्योग पूरी तरह मजबूत है और युद्ध की स्थिति में भी प्रोडक्शन जारी रहेगा। आईआरजीसी के जनसंपर्क विभाग ने एक बयान जारी कर उनकी मौत की पुष्टि की है। इससे पहले इजरायल के हमले में ईरान के डी फैक्टो लीडर अली लारिजानी की 17 मार्च 2026 को मौत हो गई थी।*

---

**विकास और समस्याओं पर होगा मंथन**

## बलौदाबाजार में आज हरिभूमि आईएनएच जिला संवाद 2026





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले के समग्र विकास, चुनौतियों और भविष्य की संभावनाओं पर व्यापक चर्चा के उद्देश्य से हरिभूमि–आईएनएच द्वारा "जिला संवाद 2026" कार्यक्रम आज सुबह 11 बजे से स्थानीय ऑडिटोरियम में किया जाएगा। इस विशेष कार्यक्रम में राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिले में हुए विकास कार्यों, संचालित योजनाओं तथा आम जनता से जुड़ी प्रमुख समस्याओं पर विस्तृत मंथन ▶▶|शेष पेज 4 पर

**सरकार ने बड़े पैमाने पर की डिजिटल स्ट्राइक**

## जुए से जुड़े 300 ऐप और वेबसाइट्स ब्लॉक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

ऑनलाइन जुआ और सट्टा खिलाने वाली वेबसाइट्स पर भारत सरकार ने एक बार फिर डिजिटल स्ट्राइक कर दी है। एक रिपोर्ट के अनुसार, सरकार ने अवैध ऑनलाइन जुआ और सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म पर अपनी कार्रवाई तेज कर दी है, और अपनी ताजा कार्रवाई में लगभग 300 वेबसाइट्स और मोबाइल ऐप्स को ब्लॉक कर दिया है। सरकार ने उन प्लेटफॉर्म पर शिकंजा कसा है जो ऑनलाइन स्पोर्ट्स बेटिंग, कसीनो-स्टाइल गेमिंग और पीयर-टू-पीयर सट्टेबाजी सिस्टम जैसी कई तरह की गैर-कानूनी गतिविधियों में शामिल थे। इससे ▶▶|शेष पेज 4 पर



### 8,400 ऐसी वेबसाइट्स और ऐप हुए ब्लॉक

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, सरकार ने अब तक लगभग 8,400 ऐसी वेबसाइट्स और एप्लिकेशन को ब्लॉक कर दिया है। इनमें से एक बड़ा हिस्सा, लगभग 4,900 प्लेटफॉर्म्स को ऑनलाइन गेमिंग अधिनियम लागू होने के बाद हटाया गया; इस अधिनियम ने डिजिटल गेमिंग और सट्टेबाजी की गतिविधियों को रेगुलेट करने के लिए कानूनी ढांचे को मजबूत किया।

### ये वेबसाइट्स और एप्लीकेशन्स किए गए ब्लॉक

- ऑनलाइन स्पोर्ट्स बेटिंग प्लेटफॉर्म्स
- स्लॉट्स, रूलेट, लाइव डीलर टेबल्स ऑफर करने वाले ऑनलाइन कैसिनो
- पी-2-पी बेटिंग मार्केटप्लेस की तरह काम करने वाले बेटिंग एक्सचेंज
- सट्टा/मटका गैंबलिंग नेटवर्क्स
- रियल-मनी कार्ड और कैसिनो गेम ऐप्स




पश्चिम बंगाल

## घोषणापत्र में 10 लुभावने वायदे कर पूरा करने की ली जिम्मेदारी

# ममता का बड़ा ऐलान, महिलाओं को 1500 रुपए और युवाओं को मिलेगी पॉकेट मनी

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों की सरगर्मी के बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने टीएमसी का घोषणा पत्र जारी कर दिया है। 'लक्ष्मी भंडार' योजना के विस्तार से लेकर युवाओं के लिए सीधे नकद लाभ तक, टीएमसी ने समाज के हर वर्ग को साधने की कोशिश की है। घोषणा पत्र में आर्थिक सहायता को केंद्र में रखा गया है।

### घोषणा पत्र की प्रमुख बातें

लक्ष्मी भंडार योजना, युवाओं को सहारा, घर-घर इलाजः 'दुआरे सरकार' की सफलता के बाद अब 'दुआरे चिकित्सा'। स्मार्ट स्कूलः राज्य के हजारों स्कूलों को ई-लर्निंग सुविधाओं के साथ आधुनिक बनाया जाएगा। प्रशासनिक सुधार, इंडस्ट्री और रोजगार पर फोकस सहित अन्य योजनाओं को शामिल किया गया है।

## दीदी की बढ़ी टेंशन : हुमायूं कबीर ने ओवैसी से मिलाया हाथ

पश्चिम बंगाल की राजनीति में विधानसभा चुनाव से ठीक पहले एक बड़ा भूचाल आ गया है। तृणमूल कांग्रेस से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने अपनी नई पार्टी 'आम जनता उन्नयन पार्टी' का गठन किया है और असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम के साथ गठबंधन का औपचारिक ऐलान भी कर दिया है। हुमायूं कबीर ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार पश्चिम बंगाल में कोई मुस्लिम मुख्यमंत्री या कम से कम डिप्टी सीएम बनेगा। उन्होंने साफ कर दिया है कि बिना एजेयूपी के समर्थन के किसी की भी सरकार नहीं बन पाएगी।



### स्टार प्रचारकों की सूची जारी

इधर, तृणमूल कांग्रेस ने बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों के समर्थन में 18 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। इस लिस्ट में ममता और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी शामिल हैं।

### बीजेपी पर बोला तीखा हमला

मेनिफेस्टो जारी करते समय ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार और बीजेपी पर निशाना साधा। उन्होंने जनता से एकजुट होने की अपील करते हुए कहा कि केंद्रीय एजेंसियों से डरने की जरूरत नहीं है। उन्होंने बाहरी तत्वों और माफियाओं के प्रति आगाह करते हुए सामाजिक सद्भाव (हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई एकता) बनाए रखने पर जोर दिया।

### केंद्र सरकार की नागरिकता छीनने की योजना

ममता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान आरोप लगाया कि बंगाल चुनाव के बाद केंद्र सरकार एनआरसी और जनगणना के नाम पर लोगों की नागरिकता छीनने की योजना बना रही है। ममता ने कहा कि केंद्र और चुनाव आयोग मिलकर निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन (डिलिमिटेशन) की योजना बना रहे हैं, ताकि अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा को फायदा पहुंचाया जा सके। ममता ने आरोप लगाया कि राज्य में अनौपचारिक रूप से राष्ट्रपति शासन जैसा माहौल बना दिया गया है।

### रूपा गांगुली बोलीं- 30 साल से सोनारपुर से जुड़ी हूं



पश्चिम बंगाल के सोनारपुर विधानसभा सीट से भाजपा कैंडिडेट रूपा गांगुली ने कहा कि मैं कई सालों से सोनारपुर जाती रही हूं, क्योंकि मेरे माता-पिता वहीं रहते थे। मैंने उनके लिए वहां घर खरीदा था। उन्होंने कहा कि पिछले 30 सालों से मैं वहां जा रही हूं और उस इलाके की हर समस्या को जानती हूं। अब इन जरूरतों और समस्याओं को दूर करना मेरी जिम्मेदारी होगी।

### दिलीप घोष बोले- ममता ईसी को सलाह न दें



भाजपा के नेता दिलीप घोष ने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को सलाह देने या सवाल पूछने का कोई हक नहीं है। हर कोई जानता है कि उन्होंने 15 साल तक किस तरह की सरकार चलाई, यहां के अधिकारियों के साथ कैसा बर्ताव किया... पूरा देश इस चुनाव आयोग पर भरोसा करता है। उन्होंने बिहार में भी सफलतापूर्वक चुनाव करवाए हैं, और यहां भी चुनाव सफलतापूर्वक होंगे, और बदलाव आएगा।

केरल

## बदलाव के लिए केरल के लोग तैयार : राहुल



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केरल में संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) की जीत का भरोसा व्यक्त करते हुए शुक्रवार को कहा कि राज्य के लोग बदलाव के लिए तैयार हैं। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''टीम यूडीएफ ही टीम केरलम है। गांधी ने अपनी पोस्ट में कहा, ''प्रत्येक उम्मीदवार केरल के लोगों की आवाज, आकांक्षाओं और विश्वास का प्रतिनिधित्व करता है। यह अनुभवी नेताओं और युवा परिवर्तनकर्ताओं का एक समूह है - पुरुषों और महिलाओं की एक मजबूत टीम जो अपने प्रतिनिधित्व वाले निर्वाचन क्षेत्रों की बारीकियों को समझती है।'' वायनाड के पूर्व सांसद ने कहा, ''मेरे लिए केरल मेरा घर है और केरल के लोग मेरा परिवार हैं। मैंने यहाँ के लोगों से जो कुछ भी सीखा है और जिस प्यार एवं स्नेह से उन्होंने मुझे अपनाया है, उसके लिए मैं उनका बहुत आभारी हूँ - मैं हमेशा आपका साथी रहूँगा।

### केरल कांग्रेस के दो नेता भाजपा में हुए शामिल

तिरुवनंतपुरम। केरल में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस के दो नेता शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। दोनों नेताओं के चुनावी मैदान में उतरने की संभावना जताई जा रही है। यहां आयोजित एक समारोह में भाजपा की केरल इकाई के अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने वर्ष 2021 के विधानसभा चुनाव में चिरायिनकीझु से कांग्रेस उम्मीदवार रहे बी एस अनूप और केरल प्रदेश कांग्रेस समिति (केपीसीसी) कार्यसमिति के सदस्य आर एस अरुण राज को पार्टी में शामिल किया। पार्टी सूत्रों के अनुसार, अनूप को चिरायिनकीझु और अरुण राज को चदयामंगलम विधानसभा क्षेत्रों से उम्मीदवार बनाया जा सकता है।

असम

### सीएम हिमंता ने नॉमिनेशन भरा, गुवाहाटी में रोड-शो किया

## मतदाताओं से कहा, आपका प्यार ही मेरी असली ताकत

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

असम में सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने शुक्रवार को जालुकबारी सीट से नॉमिनेशन दाखिल किया। वे छठी बार इस सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। नॉमिनेशन से पहले उन्होंने रोड शो भी किया। इस दौरान उनकी पत्नी रिनिकी भुइयां सरमा और बेटे नंदिल बिस्वा सरमा साथ मौजूद रहे। बीजेपी ने असम चुनाव के लिए गुरुवार को 88 कैंडिडेट्स की लिस्ट जारी की थी। पार्टी ने कांग्रेस से आए प्रद्युत बोरदोलोई और भूपेन बोरा को भी टिकट दिया है।



### हिमंता का दावा कई कांग्रेस नेता भाजपा में शामिल होंगे

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि मुझे अपने क्षेत्र के साथ-साथ पूरे असम के लोगों का पूरा समर्थन मिलेगा। अगर कांग्रेस पार्टी ने मुझे एक संस्था बना दिया है, तो मुझे खुशी होनी चाहिए। मैं उनका धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने कहा कि वे किसी पार्टी से नहीं, एक व्यक्ति से लड़ रहे हैं। इसका मतलब है कि आज मैं एक संस्था बन गया हूं। जल्द ही कई कांग्रेस नेता भाजपा में शामिल होंगे।

तमिलनाडु

### गठबंधन को लेकर किया खुलासा

## एआईडीएमके चार दिन में करेगी सीट बंटवारा, निर्वाचन क्षेत्रों की घोषणा

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के महासचिव ई. के. पलानीस्वामी ने कहा कि 23 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए उनकी पार्टी भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के अन्य घटक दलों के साथ सीट बंटवारे को अंतिम रूप देगी तथा दलों को आवंटित निर्वाचन क्षेत्रों की औपचारिक घोषणा चार दिन में कर देगी। पलानीस्वामी ने गत रात केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से उनके आवास पर मुलाकात की थी। अन्नाद्रमुक प्रमुख ने कहा कि शाह के साथ उनकी बैठक सौहार्दपूर्ण रही।



### राजग का नेतृत्व कर रही अन्नाद्रमुक

राज्य में अन्नाद्रमुक राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का नेतृत्व कर रही है। इसके घटक दलों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), अम्मा मक्कल मुनेत्र कषगम (एएमएमके) और पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) शामिल हैं। हम आवंटित निर्वाचन क्षेत्रों के संबंध में घोषणा करेंगे।

### द्रमुक ने कहा- अन्नाद्रमुक पार्टी अपने दफ्तर पर 'ताला' जड़ दे

**चेन्नई।** तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) ने ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के प्रमुख ई.के. पलानीस्वामी पर तंज कसते हुए कहा कि उनका दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत करना अप्रत्याशित है, क्योंकि तमिलनाडु में विपक्षी दल (अन्नाद्रमुक) राजग का नेतृत्व कर रहा है।



बिलासपुर
शनिवार 21 मार्च 2026
चैत्र शुक्ल पक्ष तृतीया
वर्ष : 25, अंक : 358
पृष्ठ : 10+8 =18, मूल्य : 4 .00***


मौसम
अधि. 33.5
न्यून. 20.2


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



7 ▶ आईपीएल बना वनडे वर्ल्ड कप का ट्रायल 20 खिलाड़ियों पर नजर ...





आजकल पेज
शहादत के जांच-घर में हम फेल हैं!








inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### दिल्ली दंगा : शरजील छह साल बाद तिहाड़ से बाहर

**नई दिल्ली।** दिल्ली दंगा (2020) मामले में आरोपी शरजील इमाम शुक्रवार दोपहर दिल्ली की तिहाड़ जेल से बाहर आए। 9 मार्च को



दिल्ली की कड़कड़डूमा कोर्ट ने शरजील को बीमार मां से मिलने और भाई की शादी में शामिल होने के लिए 20 मार्च से 30 मार्च की अंतरिम जमानत मंजूर की थी। तिहाड़ से बहार निकलते ही शरजील खुश नजर आए। हालांकि उन्होंने मीडिया से बात नहीं की।

### मंत्री चौधरी को मिली जान से मारने की धमकी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय लोकदल (आरएलडी) के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी को एक अज्ञात फोन नंबर से धमकी मिली है।



जानकारी के अनुसार, फोन करने वाले शख्स ने उन्हें जान से मारने की बात कही, जिसके तुरंत बाद मंत्री के कार्यालय द्वारा सुरक्षा एजेंसियों और पुलिस को सूचित किया गया। यह धमकी उनके व्यक्तिगत सहायक विश्वेंद्र शाह को फोन और व्हाट्सएप के जरिए दी गई। कॉल

### धुरंधर 2 ने तोड़ा शाहरुख की जवान का रिकॉर्ड

**मुंबई।** रणवीर सिंह स्टारर फिल्म 'धुरंधरः द रिवेंज' यानी 'धुरंधर 2' ने 'जवान' का रिकॉर्ड तोड़ते हुए पहले दिन सबसे ज्यादा कमाई



करने वाली फिल्म बन गई। ट्रेड एनालिस्ट के अनुसार, फिल्म ने पहले दिन 97 करोड़ रुपए से अधिक का बिजनेस किया। इससे पहले 2023 में आई 'जवान' ने पहले दिन 75 करोड़ कमाए थे। 'धुरंधर 2' ने पेड प्रीव्यू में 47 करोड़ का कारोबार किया था। पेड प्रीव्यू और ओपनिंग डे को मिलाकर फिल्म की कुल कमाई 144 करोड़ पहुंच गई।

विधानसभा में भर्ती परीक्षाओं में अनुचित साधनों की रोकथाम सहित 3 अहम विधेयक पारित

# कांग्रेस ने युवाओं के साथ किया था अन्याय परीक्षार्थियों को अब मिलेगा न्याय : साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा में शुक्रवार को तीन महत्वपूर्ण विधेयक पारित किए गए। इनमें छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल विधेयक, छत्तीसगढ़ लोक भर्ती एवं व्यावसायिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों की रोकथाम विधेयक, छत्तीसगढ़ विधानसभा ने छत्तीसगढ़ उपकर (संशोधन) विधेयक पारित किया।

खास खबर

विधेयक पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, पिछली कांग्रेस सरकार ने युवाओं के सपनों के साथ अन्याय किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस शासन में कोयला, शराब और डीएमएफ जैसे घोटालों के साथ पीएससी में भ्रष्टाचार कर युवाओं के भविष्य का सौदा किया गया। उस समय परीक्षाएं तो होती थीं, लेकिन या तो उनके परिणाम नहीं आते थे या फिर परिणाम गड़बड़ी और भ्रष्टाचार से प्रभावित होते थे। मुख्यमंत्री ने कहा, उनकी सरकार ने सत्ता में आते ही परीक्षा व्यवस्था में व्याप्त गड़बड़ियों पर करारा प्रहार किया है। सबसे पहले पीएससी घोटाले में शामिल लोगों पर सख्त कार्रवाई की गई और आज वे सलाखों के पीछे हैं। उन्होंने कहा, हमारी सरकार का स्पष्ट उद्देश्य है कि आम नागरिक, किसान और मध्यवर्गीय परिवारों पर किसी भी प्रकार का अनावश्यक आर्थिक बोझ न पड़े।

### युवाओं का खोया हुआ भरोसा हमने लौटाया अब हर साल परीक्षाएं

विधानसभा में छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल विधेयक 2026 पारित होने के साथ ही राज्य की भर्ती प्रणाली में बड़ा संस्थागत बदलाव तय हो गया। कानून के माध्यम से राज्य में छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल की स्थापना की जाएगी, जो तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के पदों पर भर्ती प्रक्रिया को एकीकृत, पारदर्शी और समयबद्ध बनाएगा। उन्होंने कहा, पिछली कांग्रेस सरकार के लचर रवैये का सीधा नुकसान युवाओं को ▶▶| शेष पेज 6 पर



### विधेयक में यह प्रावधान

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बताया कि अभी तक परीक्षाओं के बेहतर प्रबंधन के अभाव में कई विभागों में पांच-पांच साल में एक बार परीक्षा हो पाती थी, मंडल के गठन के बाद न केवल हर साल परीक्षाएं आयोजित होंगी। अब परीक्षार्थियों के पास उस वर्ष होने वाली सभी परीक्षाओं का कैलेंडर उपलब्ध होगा, जिससे उन्हें तैयारी में ▶▶| शेष पेज 4 पर

### उपकर समाप्त होने से राजस्व की हानि जनता को लाभ

मंत्री ने बताया कि वर्ष 2024-25 में राज्य सरकार को उपकर से लगभग 148 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था तथा वर्तमान वित्तीय वर्ष में अब तक लगभग 150 करोड़ रुपये का उपकर प्राप्त हो चुका है। उपकर समाप्त होने से सरकार को राजस्व की हानि ▶▶| शेष पेज 4 पर

### भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता लाने कड़ा कानून

**कड़े दंड का प्रावधान**

नए कानून के तहत नकल माफिया, फर्जी अभ्यर्थियों और तकनीकी माध्यमों से धोखाधड़ी करने वालों पर कड़े दंड का प्रावधान किया गया है। दोषी पाए जाने पर 3 से 10 साल तक की सजा, अधिकतम 1 करोड़ रुपये तक का जुर्माना और नकल में शामिल अभ्यर्थियों को तीन साल तक किसी भी भर्ती परीक्षा से ब्लैकलिस्ट किया जाएगा।

विधानसभा में आज छत्तीसगढ़ (लोक भर्ती एवं व्यावसायिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों की रोकथाम) विधेयक 2026 पारित होने के साथ ही भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता और सख्ती की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया। मुख्यमंत्री ने कहा, इस कानून का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रतियोगी परीक्षाएं पूरी तरह पारदर्शी रहें, किसी भी व्यक्ति या संगठित गिरोह द्वारा उनमें हस्तक्षेप न किया जा सके। प्रश्नपत्र लीक की घटनाओं पर पूरी तरह रोक लगे और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के माध्यम से होने वाली नकल पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके। उन्होंने कहा कि यह कानून पीएससी और व्यापमं द्वारा आयोजित सभी परीक्षाओं के साथ-साथ विभिन्न निगमों और मंडलों की भर्ती परीक्षाओं पर भी लागू होगा। विधेयक के तहत परीक्षा से जुड़ी एजेंसियों, आईटी एजेंसियों, परीक्षा केंद्रों के प्रबंधकों और सेवा प्रदाताओं को भी जवाबदेह बनाया गया है तथा लापरवाही या बदनीयती पाए जाने पर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई का प्रावधान किया गया है।

### अचल संपत्ति रजिस्ट्री पर उपकर समाप्त

विधानसभा ने छत्तीसगढ़ उपकर (संशोधन) विधेयक, 2026 को पारित कर दिया। अब अचल संपत्ति की रजिस्ट्री पर बाजार मूल्य के आधार पर लगाया जाने वाला 0.60 प्रतिशत उपकर समाप्त हो गया है। वाणिज्यिक कर मंत्री ओपी चौधरी ने बताया कि छत्तीसगढ़ उपकर अधिनियम, 1982 के अंतर्गत स्थावर संपत्ति के अंतरण पर उपकर का प्रावधान किया गया था। वर्ष 2023 में तत्कालीन सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ रोजगार मिशन एवं राजीव गांधी मितान क्लब योजना के वित्त पोषण हेतु स्टांप शुल्क के अतिरिक्त 12 प्रतिशत की दर से उपकर अधिरोपित किया गया था। इसके कारण नागरिकों को संपत्ति के पंजीयन पर ▶▶| शेष पेज 4 पर

# एयर इंडिया की ऐसी गलती कि बन आई 'महाराजा' की मूंछों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



जब से और इंडिया वापिस निजी क्षेत्र में गया है तब से ऐसे ऐसे कारनामे सामने आ रहे हैं कि वर्षों एयर इंडिया की ब्रांडिंग करने वाले महाराजा की मूंछों पर बन आई है। दिल्ली से कनाडा के वैंकूवर जा रही एयर इंडिया की एक अंतरराष्ट्रीय उड़ान यात्रियों के लिए जान मुंह को आने वाली साबित हुई। तकनीकी और नियामकीय चूक के कारण विमान को लगभग 8 घंटे हवा में रहने के बाद वापस दिल्ली लौटना पड़ा। एयर इंडिया की उड़ान एआई185 शुक्रवार को सुबह 11:34 बजे दिल्ली से वैंकूवर के लिए रवाना हुई थी। विमान पूर्व दिशा में अपनी निर्धारित उड़ान पर आगे बढ़ रहा था। लेकिन उड़ान के करीब चार घंटे बाद, जब विमान चीन के कुनमिंग क्षेत्र के हवाई क्षेत्र में पहुंचा, तब एयरलाइन को पता चला कि जिस ▶▶| शेष पेज 4 पर

### 7 घंटे 54 मिनट उड़ान के बाद वापसी

जैसे ही यह त्रुटि सामने आई, विमान को तुरंत वापस दिल्ली बुला लिया गया। इस दौरान विमान कुल 7 घंटे 54 मिनट तक हवा में रहा और अंततः उसी स्थान पर लौट आया, जहां से उसने उड़ान भरी थी। विमान सुरक्षित रूप से दिल्ली हवाई अड्डे पर उतरा और सभी यात्रियों व चालक दल के सदस्यों को बिना किसी परेशानी के उतार लिया गया।

### एयर इंडिया का बयान

एयर इंडिया ने इस घटना को 'परिचालन संबंधी समस्या' बताया है। एयरलाइन ने अपने बयान में कहा,'निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार निर्णय लेते हुए विमान को वापस बुलाया गया। विमान सुरक्षित उतरा और सभी यात्री एवं चालक दल सुरक्षित बाहर आए। हम अपने यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते हैं।'

रिश्वत खोरों पर एसीबी की ताबड़तोड़ कार्रवाई

# जांजगीर में एई-जेई, नवागढ़ में एकाउंटेंट को रिश्वत लेते पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जांजगीर चांपा-नवागढ़

आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (एसीबी) जबरदस्त एक्शन मोड में है। शुक्रवार को ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए जांजगीर में बिजली विभाग के दो अफसर व एक बाबू व नवागढ़ में नगर पंचायत विभाग के एकाउंटेंट को पकड़ा है। आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने जांजगीर बड़ी कार्रवाई की है। यहां विद्युत मंडल के सहायक अभियंता, उप अभियंता और सहायक ग्रेड 1 को 35 हजार रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। बताया जाता है कि उन्होंने ट्रांसफार्मर और मीटर लगाने के एवज में रिश्वत मांगी थी। ▶▶| शेष पेज 4 पर



### शिकायत का सत्यापन

कराने पर शिकायत सही पाई गई जिस पर ट्रैप की योजना तैयार की गई। किसी कड़ी में शुक्रवार 20 मार्च को प्रार्थी को संबंधित आरोपी अधिकारी और बाबू को रिश्वत राशि देने हेतु सीएसपीडीसीएल कार्यालय जांजगीर भेजा गया। यहां उसके द्वारा उप अभियंता राजेंद्र को रिश्वत राशि 10 हजार दिया तथा सहायक अभियंता नोर्गे द्वारा रिश्वत की रकम ▶▶| शेष पेज 4 पर

### नवागढ़ में एकाउंटेंट ने चेक जारी कराने के एवज में मांगी थी रिश्वत



एंटी करप्शन ब्यूरो ((एसीबी) की टीम ने नवागढ़ नगर पंचायत के लेखापाल को 8 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए पकड़ा है। बताया जाता है कि चेक जारी करने की आवाज में उसने रिश्वत ली थी। डीएसपी ▶▶| शेष पेज 4 पर

### एसीबी से बचाने मांगी रिश्वत, एकाउंटेट एक लाख लेते गिरफ्तार



अंबिकापुर। एसीबी के नाम पर रिश्वत वसूलने के मामले में एंट्री करप्शन ब्यूरो की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। एसीबी ने दरिमा तहसील में ▶▶| शेष पेज 4पर

19 अप्रैल से होने जा रही है इस वर्ष यात्रा की शुरुआत

# चारधाम यात्रा के पहले 12 दिन में 7 लाख रजिस्ट्रेशन

एजेंसी ▶▶| देहरादून

देहरादून से जारी चारधाम एवं हेमकुंड साहिब यात्रा 2026 के आंकड़ों ने इस बार श्रद्धालुओं के उत्साह को साफ तौर पर दिखा दिया है। 18 मार्च 2026 तक जारी डेली बुलेटिन के अनुसार कुल 6,86,305 पंजीकरण दर्ज किए जा चुके हैं। यह संख्या लगातार तेजी से बढ़ रही है और संकेत दे रही है कि इस साल यात्रा में नया रिकॉर्ड बन सकता है। धामवार आंकड़ों की बात करें तो केदारनाथ धाम सबसे आगे है। यहां अब तक 2,29,295 श्रद्धालुओं ने रजिस्ट्रेशन कराया है। बाबा केदारनाथ के दर्शन को लेकर हर साल की तरह इस बार भी श्रद्धालुओं में सबसे ज्यादा उत्साह देखने को मिल रहा है। इस वर्ष यात्रा की शुरुआत 19 अप्रैल से होने जा रही है।

### चारधाम यात्रा की महत्वपूर्ण तिथियां

- 19 अप्रैल : यमुनोत्री और गंगोत्री धाम के कपाट खुलेंगे।
- 22 अप्रैल : केदारनाथ धाम के कपाट खुलेंगे।
- 23 अप्रैल : बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलेंगे।
- 23 मई : सिखों के पवित्र तीर्थ हेमकुंड साहिब के कपाट खुलेंगे।



### बड़ी संख्या में हो रहे रजिस्ट्रेशन

वहीं बद्रीनाथ धाम के लिए 2,02,622 श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराया है। इसके अलावा गंगोत्री के लिए 1,28,253 और यमुनोत्री के लिए 1,25,366 श्रद्धालुओं ने रजिस्ट्रेशन किया है। इन आंकड़ों से साफ है कि चारों धामों को लेकर लोगों में भारी उत्साह बना हुआ है।

### हेमकुंड साहिब में भी बढ़ी श्रद्धालुओं की संख्या

हेमकुंड साहिब के लिए भी 769 श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराया है। यह संख्या भले ही अन्य धामों की तुलना में कम है, लेकिन लगातार बढ़ती जा रही है। कुल मिलाकर चारधाम यात्रा 2026 को लेकर श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। तेजी से बढ़ते पंजीकरण यह संकेत दे रहे हैं कि इस साल यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या पिछले रिकॉर्ड को भी पार कर सकती है।

### इन राज्यों से आ रहे सबसे ज्यादा श्रद्धालु


बीते वर्ष 2025 में लगभग 51 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए थे। इस बार भी यूपी, महाराष्ट्र, मप्र, गुजरात और राजस्थान ऐसे राज्य हैं, जहां से सबसे अधिक आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। राज्य सरकार ने यात्रा को सुव्यवस्थित करने के लिए 70% ऑनलाइन और 30% ऑफलाइन पंजीकरण का कोटा रखा है। ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन 17 अप्रैल से शुरू होंगे। प्रमुख केंद्र हरिद्वार, ऋषिकेश, नया गांव और हरबर्टपुर होंगे। प्रशासन ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए इस बार केंद्रों की संख्या में बढ़ोतरी की है ताकि श्रद्धालुओं को लंबी कतारों से बचाया जा सके।




## चिंतन

# आईपीएल से पूर्व ऑनलाइन सट्टेबाजी पर कड़ा एक्शन

आईपीएल जैसे बड़े आयोजनों से ठीक पहले केंद्र सरकार का ऑनलाइन सट्टेबाजी पर कड़ा एक्शन सिर्फ एक प्रशासनिक कदम नहीं, बल्कि डिजिटल दौर में बढ़ती एक गंभीर सामाजिक समस्या के खिलाफ चेतावनी है। चमक-दमक, बड़े-बड़े विज्ञापन और सेलिब्रिटी के चेहरे इन सबके पीछे छिपा कड़वा सच अब धीरे-धीरे सामने आ रहा है कि ऑनलाइन सट्टेबाजी का खेल असल में आम लोगों की जेब काटने का सुनियोजित तंत्र बन चुका है। सरकारी आंकड़े खुद इस खतरे की गंभीरता को उजागर करते हैं। 300 वेबसाइट्स और एप्स को एक साथ ब्लॉक करना और अब तक 8400 प्लेटफॉर्म्स पर प्रतिबंध लगाना बताता है कि यह कोई छोटा-मोटा मामला नहीं है। खास बात यह है कि इनमें से अधिकांश प्लेटफॉर्म अवैध रूप से संचालित हो रहे थे और करोड़ों रुपये का लेनदेन बिना किसी पारदर्शिता के कर रहे थे। यह न सिर्फ आर्थिक अपराध है, बल्कि सामाजिक असंतुलन को भी जन्म देता है। ऑनलाइन सट्टेबाजी का सबसे खतरनाक पहलू यह है कि यह युवाओं को तेजी से अपनी गिरफ्त में ले रहा है। पैसा कमाने का लालच, मोबाइल स्क्रीन पर एक क्लिक की दूरी और जीत की झूठी कहानियां, ये सब मिलकर एक ऐसा भ्रम पैदा करते हैं, जिसमें फंसकर लोग अपनी मेहनत की कमाई गंवा बैठते हैं। आंकड़े बताते हैं कि करीब 90 फीसदी लोग इस खेल में हारते हैं, लेकिन प्रचार ऐसा किया जाता है, मानो हर कोई जीत रहा हो। यही धोखा सबसे बड़ी ऑनलाइन ठगी का मकड़जाल है। सरकार द्वारा लागू किया गया प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025 इस दिशा में एक बड़ा और सख्त कदम है। रियल मनी गेम्स पर पूर्ण प्रतिबंध, सख्त सजा और भारी जुर्माने का प्रावधान, और एक नियामक संस्था का गठन, ये सभी उपाय इस उद्योग को नियंत्रित करने के लिए जरूरी थे। खासकर यह प्रावधान कि गेम खेलने वाले यूजर्स को सजा नहीं होगी, बल्कि प्लेटफॉर्म चलाने और प्रचार करने वालों पर कार्रवाई होगी, एक संतुलित दृष्टिकोण को दर्शाता है। हालांकि, इस कानून के कुछ पहलुओं पर बहस भी जरूरी है। स्किल बेस्ड और चांस बेस्ड गेम्स दोनों पर एक समान प्रतिबंध लगाना कई विशेषज्ञों को कठोर लगता है। तर्क यह है कि कुछ गेम्स वास्तव में कौशल पर आधारित होते हैं और उन्हें पूरी तरह प्रतिबंधित करना डिजिटल नवाचार और गेमिंग इंडस्ट्री के विकास को प्रभावित कर सकता है। लेकिन सरकार का पक्ष साफ है कि जहां पैसे का दांव लगेगा, वहां शोषण और धोखाधड़ी की संभावना बनी रहेगी। यह भी उल्लेखनीय है कि ई-स्पोर्ट्स और बिना पैसे वाले सोशल गेम्स को बढ़ावा देने की बात इस कानून में शामिल है। इससे यह संकेत मिलता है कि सरकार गेमिंग के खिलाफ नहीं, बल्कि अवैध और शोषणकारी मॉडल के खिलाफ है। यह संतुलन बनाना आसान नहीं है, लेकिन जरूरी है। इसके अलावा, डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देना, स्कूल-कॉलेज स्तर पर वित्तीय शिक्षा देना और विज्ञापनों पर कड़ी निगरानी रखना भी जरूरी कदम हैं। सेलिब्रिटी एंडोर्समेंट पर सख्ती से नियम लागू किए जाने चाहिए, ताकि वे बिना जिम्मेदारी के ऐसे प्लेटफॉर्म्स का प्रचार न कर सकें। ऑनलाइन सट्टेबाजी के खिलाफ यह कार्रवाई समय की मांग है। यह सिर्फ कानून का मुद्दा नहीं, बल्कि समाज के भविष्य का सवाल है। सरकार ने पहल कर दी है, अब जिम्मेदारी समाज और नागरिकों की भी है कि वे इस डिजिटल जाल को पहचानें और उससे दूर रहें। तभी यह लड़ाई सच में जीती जा सकेगी।



जिरहनामा
कनक तिवारी

क्या है भगतसिंह का तात्विक अर्थ? दुनिया में कोई नौजवान बुद्धिजीवी मैदानी योद्धा पैदा नहीं हुआ जिसने कम से कम पांच वर्ष देश के इतिहास को अपने कांधों पर उठाए रखा। भगतसिंह आजीवन प्रतिबद्ध समाजवाद की हैसियत के लिए लड़ते रहे। संविधान सभा की बहस में समाजवाद का बार बार उल्लेख होने पर भी भगतसिंह का जिक्र किसी सदस्य ने नहीं किया। भगतसिंह इतिहास से ज्यादा देश का भविष्य हैं। पाठ्यक्रम में भगतसिंह शामिल नहीं किए जाते। नास्तिक भगतसिंह का उद्बोधन था कि गरीब के लिए इंकलाब और आर्थिक बराबरी लाने, समाजवाद को साकार करने, देश का निर्माण करने, चरित्र के नये आयाम गढ़ने तथा दुनिया में हिन्दुस्तान का यश रेखांकित करने के लिए किसी मजहब के अहसान की जरूरत नहीं होनी चाहिए।

# शहादत के जांच-घर में हम फेल हैं!

पांच बरस बाद एक भारतीय बुद्धिजीवी क्रांतिकारी की शहादत की शताब्दी होगी जिसके नाम से अंगरेज हुक्कामों की घिग्गी बंध जाती थी। दुर्भाग्यवश देश में कोई संप्रदाय, जाति, प्रदेश, धर्म, राजनीतिक दल, आर्थिक व्यवस्था उन्हें पूरी तौर पर अपना नहीं पाई है। अनसुलझा सवाल चीख रहा है कि दुनिया के इतिहास में तेईस, चौबीस वर्ष की उम्र के बुद्धिजीवी भगतसिंह का यही चेहरा अपने ही देश के इतिहास और राजनीति में सबसे धुंधला है। सियासत कुछ वर्षों तक भगतसिंह का जन्मदिन और शहादत-पर्व मनाती थी। फिर लाल, नारंगी, तिरंगे, दो रंगी साम्प्रदायिक झंडे आ गए। सभी अमेरिकी साम्राज्यवाद और भारतीय कॉरपोरेटियों के सामने घुटने टेकने लगे।

क्या है भगतसिंह का तात्विक अर्थ? दुनिया में कोई नौजवान बुद्धिजीवी मैदानी योद्धा पैदा नहीं हुआ जिसने कम से कम पांच वर्ष देश के इतिहास को अपने कांधों पर उठाए रखा। भगतसिंह आजीवन प्रतिबद्ध समाजवाद की हैसियत के लिए लड़ते रहे। संविधान सभा की बहस में समाजवाद का बार बार उल्लेख होने पर भी भगतसिंह का जिक्र किसी सदस्य ने नहीं किया। भगतसिंह इतिहास से ज्यादा देश का भविष्य हैं। पाठ्यक्रम में भगतसिंह शामिल नहीं किए जाते। नास्तिक भगतसिंह का उद्बोधन था कि गरीब के लिए इंकलाब और आर्थिक बराबरी लाने, समाजवाद को साकार करने, देश का निर्माण करने, चरित्र के नये आयाम गढ़ने तथा दुनिया में हिन्दुस्तान का यश रेखांकित करने के लिए किसी मजहब के अहसान की ज़रूरत नहीं होनी चाहिए।

भगतसिंह पहले विचारक हैं जिन्होंने 1928 में दिल्ली के क्रांतिकारी सम्मेलन में कहा था कि सामूहिक नेतृत्व के जरिए ही पार्टी को चलाने का शऊर सीखना होगा। हममें से कोई चला भी जाए तो पार्टी नहीं बिखरे क्योंकि व्यक्ति से पार्टी बड़ी होती है। पार्टी से सिद्धांत बड़ा होता है। उनका कहना था बड़े बड़े अखबार तो बिके हुए हैं। क्रांतिकारी दल के साथी छोटे छोटे ट्रैक्ट और पुस्तिकाएं छाप कर बांटते थे। सत्ता प्रतिष्ठान के विरुद्ध यह प्रतिरोधी रणनीति बहुत कारगर हुई। विचारों की सान पर जो चीज चढ़ेगी वही तलवार होती है-यह उस कालजयी क्रांतिकारी ने नये इतिहास को सिखाया था।

पंजाब केसरी लाला लाजपतराय पर जानलेवा हमले के बाद 17 दिसम्बर 1928 को सान्डर्स की हत्या करने के बाद भगतसिंह और उनके साथी भारतीय लोक गीतों तक में समाहित हो गए। भगतसिंह ने क्रांति के बचे खुचे साथियों को इकट्ठा कर 8 सितम्बर 1928 को दिल्ली के फीरोजशाह कोटला में ऐतिहासिक बैठक में समाजवाद के पक्ष में पुरजोर दलीलें देते प्रतिनिधि संगठन का मूल नाम बदलकर इंडियन रिपब्लिकन सोशलिस्ट एसोसिएशन करने में



साथियों का बहुमत से अनुमोदन हासिल किया। चार दस्तावेज बुनियादी तौर पर भगतसिंह और उनके साथियों के विचार विमर्श के ज्वलंत प्रामाणिक सन्देश वाहक हैं:-{1} लाहौर की नौजवान भारत सभा का घोषणा पत्र {अप्रेल, 1928 {2} असेम्बली बम प्रकरण में भगतसिंह और बटुकेश्वर दत्त का अदालती बयान {6: जून, 1929} {3} कांग्रेस के लाहौर अधिवेशन के समय वितरित घोषणा पत्र {1929} {4} 'बम का दर्शन' {26 जनवरी 1930} 1928 राजनीति के मोड़ का महत्वपूर्ण वर्ष है। 1928 से 1930 के बीच कांग्रेस की हालत बदल गई। जो कांग्रेस केवल पिटीशन या अंग्रेज के जाने की बातें करती थी उसे मजबूर होकर युवा नेतृत्व को आगे लाकर लगभग अर्धहिंसक आंदोलनों में भी अपने आपको कभी कभी झोंकना पड़ा। यह भगतसिंह का कांग्रेस की सियासी ताकत पर पौरुषपूर्ण प्रभाव था। साम्राज्यवाद, पूंजीवाद, अधिनायकवाद और तानाशाहियां अपने जबड़ों में लोकतंत्र, समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता, सर्वहारा और पूरे भविष्य को फंसाकर लीलने में मशगूल हैं। गांधी ने खुद कहा है कि भगतसिंह और उनके साथियों की देशभक्ति और आंदोलन को लेकर उनके मन में सम्मान है। गांधी ने यह स्पष्ट कहां किया कि वे भगतसिंह के केवल यौद्धिक रास्ते की ही आलोचना कर रहे थे क्योंकि भगतसिंह के बौद्धिक योगदान को उन्होंने कहां पढ़ा था? भगतसिंह ने विदेश जाने से इंकार किया था। रूसी या अन्य कम्युनिस्ट पार्टियों ने उन्हें कभी निमंत्रित भी नहीं किया। गांधी जी से असहमति के बावजूद भगतसिंह गांधीवाद की ऐतिहासिक भूमिका को वैज्ञानिक यथार्थवादी की तरह आंकते थे। गांधीवाद को पूरी तरह रद्द नहीं करते थे।

भगतसिंह द्वारा लिखी किताबें कम्युनिस्ट मेनिफेस्टो के समानांतर कही जाती हैं। उनकी जेल डायरी भी आधी अधूरी ही मिली। 'इंकलाब जिंदाबाद' मूलतः भगतसिंह का नहीं कम्युनिस्टों का नारा है। भगतसिंह ने इसके साथ नारा जोड़ा 'साम्राज्यवाद मुर्दाबाद।' 'साम्राज्यवाद मुर्दाबाद' का नारा आज भी कुलबुलाता रहता है। भगतसिंह ने यह भी कहा 'दुनिया के मजदूरों एक हो।' अंग्रेजों के बनाए काले कानून आज भी मजदूर की आत्मा पर शिकंजा कसे हुए हैं। भगतसिंह भारत के शायद पहले नागरिक, विचारक और नेता हैं जिन्होंने कहा कि हिन्दुस्तान में केवल किसान और मजदूर के दम पर नहीं, नौजवानों को भी साथ लेकर ही क्रांति हो सकती है। 'प्रताप', 'किरती', 'महारथी' और 'मतवाला' सहित अन्य पत्रिकाओं में हिन्दी, अंग्रेजी, उर्दू, पंजाबी में भगतसिंह अभिव्यक्त हुए हैं। साथीपन के साथ भगतसिंह की टीम ने आजादी के लिए मुकम्मल संघर्ष किया। वह साथीपन लोकतंत्र से गायब है। समाजवाद को संविधान के जीवित मकसद के रूप में घोषित करने के बाद भी देश वैश्वीकरण, मुक्त बाजार और साम्राज्यवाद के सामने घुटने टेके है। धर्मनिरपेक्षता के संवैधानिक मकसद के बावजूद भारत सांप्रदायिक दंगों का दुनिया का सबसे बड़ा अखाड़ा है। अछूत से भाईचारा रखना भगतसिंह ने समझाया था। अछूत जगह जगह सवर्णों की हिंसा के शिकार हैं। इस किसान पुत्र ने किसानों को भारतीय अर्थनीति की रीढ़ बताया था। किसान ही थोकबन्द आत्महत्याएं कर रहे हैं। सरकारें उन पर अहसान बताकर कर्ज माफ कर रही हैं लेकिन पैदावार का उचित मूल्य और भूमि सुधार नहीं दे पातीं। नौजवान भगतसिंह का सपना थे। वे बच्चे ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना तथा बेकारी के भत्ते से लेकर सड़कों पर उत्पात करने की सांस्कृतिक गतिविधियों में लिप्त किए जाते हैं। मजदूरों को भगतसिंह माक्सवाद से प्रभावित होकर जेहाद बोलने के काम पर लगाना चाहते थे। वे अपने अधिकारों में लगातार कटौती किए जाने से लुंज पुंज हो गए हैं। भगतसिंह की नास्तिकता के विपरीत देश में अशिक्षित धर्मांध साधुओं का हिप्पीवाद भारतीय धार्मिकता का लिहाफ बनाया जा रहा है।

देश में मूर्ख (भी) सत्ता पर लगातार बैठते ही रहे हैं। जो चारित्रिक हस्ताक्षर नहीं हैं, राजनीतिक चेक पर दस्तखत कर रहे हैं। आई.ए.एस. की नौकरशाही में भ्रष्ट अधिकारी इतने होते रहे कि ईमानदार अधिकारी ढूंढ़ना मुश्किल होता रहा है। निकम्मे साधुओं की जमात समाज के वटवृक्ष पर अमरबेल की तरह चढ़ी मलाई चट कर रही है। भगतसिंह की कुरुचिपूर्ण मूर्तियां तो कन्याकुमारी से गौहाटी और जम्मू तक मिल जाएंगी। दरअसल भगतसिंह की याद में देश में बड़ा केन्द्रीय पुस्तकालय खोलने की जरूरत है क्योंकि भगतसिंह से बड़ा पढ़ाकू भारतीय राजनीति में कोई नहीं है। सरकारें उनके स्मृति-आयोजनों में शिरकत करने वाले मंत्रियों की सुरक्षा पर जितना खर्च कर देती हैं, उतने धन से भगतसिंह साहित्य प्रकाशित कर देश के विद्यार्थियों में वितरित कर दिया जाए तो देश (और भगतसिंह) का ज्यादा भला हो सकता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)।

उत्पादन
डॉ. जयंतीलाल भंडारी



# युद्ध के दौर में खाद्यान्न भंडार की शक्ति

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9.3 करोड़ से अधिक किसानों को 18640 करोड़ रुपये से अधिक राशि की पीएम-किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त जारी करते हुए कहा कि किसान और कृषि परिवेश भारत की शक्ति बन गए हैं। यह उल्लेखनीय है कि इस समय पश्चिम एशिया में युद्ध के बीच जहां भारत के रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन और रिकॉर्ड खाद्य प्रसंस्करण उत्पाद देश के आम आदमी के लिए राहत और अर्थव्यवस्था की ताकत बन गए हैं, वहीं 1 अप्रैल से लागू होने वाले वर्ष 2026-27 के आम बजट के तहत देश की कृषि को उन्नत और निर्यात उन्मुख बनाने की प्रभावी पहल की गई है। गौरतलब है कि दुनिया के तेजी से खुलते हुए कृषि बाजारों और खाद्यान्न की बढ़ती वैश्विक मांग के मद्देनजर भारत के द्वारा कृषि को निर्यात उन्मुख बनाए जाने से किसानों की आर्थिक सशक्तता के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था का नया अध्याय लिखा जा सकेगा। 21वीं सदी के इस दौर में कृषि क्षेत्र को नई ऊर्जा के साथ आगे ले जाना सरकार की प्राथमिकता है। बजट 2026-27 में कृषि क्षेत्र के लिए 1,62,671 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 7 प्रतिशत अधिक है। सरकार तकनीक और कृषि हितप्रद नीति के माध्यम से किसानों को केवल 'अन्नदाता' ही नहीं, बल्कि 'निर्यातकर्ता' बनाने की दिशा में काम कर रही है। खाद्य तेल और दलहन पर राष्ट्रीय मिशन और प्राकृतिक खेती पर राष्ट्रीय मिशन सहित सभी कृषि क्षेत्रों को मजबूत किया जा रहा हैं। ऐसे में उच्च मूल्य वाले कृषि क्षेत्र को बड़े पैमाने पर बढ़ाने से ही हम अपनी खेती को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी क्षेत्र में बदल सकते हैं और दुनिया में भारत से बड़े पैमाने पर कृषि निर्यात बढ़ा सकते हैं। इस समय भारत दुनिया का सातवां सबसे बड़ा कृषि उत्पादों का निर्यातक देश है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि जहां देश का रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन देश के आम आदमी के लिए भोजन की गारंटी है, वहीं दुनिया के कई जरूरतमंद देशों के करोड़ों लोगों के लिए खाद्यान्न आपूर्ति का आधार भी है। पिछले वर्ष 2024 - 25 में भारत में 35.70 करोड़ टन खाद्यान्न का रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है और इस वर्ष 2025-26 में इससे भी अधिक खाद्यान्न उत्पादन की संभावना है। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के पास केंद्रीय पूल में अप्रैल 2026 तक लगभग 182 लाख टन गेहूं उपलब्ध हो जाने का अनुमान है। इस समय देश के 80 करोड़ से अधिक कमजोर वर्ग के लोगों को निःशुल्क खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि 2008 की वैश्विक मंदी में भी भारत की अर्थव्यवस्था खाद्यान्न ताकत के कारण बहुत कम प्रभावित हुई। छह साल पहले कोरोना से जंग में देश के खाद्यान्न भंडार देश के लिए हथियार बन गए थे और भारत ने जरूरतमंद देशों को खाद्यान्न का निर्यात भी किया। अब एक बार फिर इस समय जब ईरान और इजराइल-अमेरिका युद्ध से दुनिया में खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ रही हैं और खाद्यान्न आपूर्ति में व्यवधान है, तब भारत का रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन और रिकॉर्ड खाद्य प्रसंस्करण उत्पाद एक मजबूत हथियार दिखाई दे रहे हैं और भारत नए खाद्यान्न निर्यात आदेशों की पूर्ति के लिए तत्पर दिखाई दे रहा है। पिछले माह फरवरी 2026 में भारत ने 25 लाख टन गेहूं का निर्यात भी सुनिश्चित भी किया है। निःसंदेह कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार और देश के दीर्घकालिक विकास का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। खासतौर से विगत कुछ वर्षों में कृषि क्षेत्र व छोटे किसानों की मजबूती के लिए कई प्रभावी कदम उठाए गए हैं। 'पीएम किसान सम्मान निधि' और एमएसपी जैसे कई कार्यक्रमों से देश का कृषि क्षेत्र लगातार मजबूत हुआ है। गांवों में अप्रैल 2020 से शुरू की गई पीएम स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीणों को उनकी जमीन का कानूनी हक देकर उनके आर्थिक सशक्तिकरण का नया अध्याय लिखा जा रहा है। गांवों में बैंक शाखाओं की संख्या मार्च 2010 के 33,378 से बढ़कर दिसंबर 2024 तक 56,579 हो गई। साथ ही किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) कृषि इंफ्राक्ट्रक्चर फंड, सहकारी समितियों और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूह, ग्रामीण बैंकिंग व्यवस्था आदि प्रभावी भूमिका निभा रहे हैं। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि इस समय भारत दुनिया की नई खाद्य टोकरी और वैश्विक खाद्य सुरक्षा के प्रतिबद्ध देश के रूप में रेखांकित हो रहा है। इस समय भारत खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में नवाचार, स्थिरता और सुरक्षा के वैश्विक मानक स्थापित कर रहा है। उम्मीद करें कि भारत रिकॉर्ड खाद्यान्न भंडार से आम आदमी की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए दुनिया में खाद्यान्न निर्यात व वैश्विक खाद्य सुरक्षा में अहम योगदान देने वाले सबसे प्रमुख देश के रूप में भी रेखांकित होते हुए दिखाई देगा।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# जीवन ऊर्जा पर करें मन को केंद्रित



संकलित
दर्शन

बुद्धिमान व्यक्ति इस ब्रह्मांड, इस संसार से परे चले जाते हैं और अमरत्व को प्राप्त कर लेते हैं। लेकिन कैसे? वस्तुतः हमारे भीतर कुछ ऐसा होता है, जो कभी नहीं मरता, जो कभी बूढ़ा नहीं होता। इस बारे में प्रत्येक व्यक्ति अपने ढंग से सोचता है। अगर आप देखें तो छोटे बच्चे बड़े हो रहे हैं और स्थितियां भी बदल रही हैं, लेकिन कई बार आप महसूस करते हैं कि आप नहीं बदल रहे हैं। कुछ लोग कहते हैं- मैं तो बूढ़ा हुआ ही नहीं/हुई ही नहीं। भीतर से आपको महसूस होता है कि सिर्फ समय बीता है, आपमें कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। यह सच भी है, क्योंकि आपके भीतर एक ऐसा अंश है, जो न तो बदलता है और न ही मरता है। यही एक दूसरी दुनिया है, जहां अमरत्व है। मृत्युलोक वह है, जहां सब कुछ बदल जाता है। मृत्यु का अर्थ है परिवर्तन या क्षय। आप इस नाशवान संसार से अमरत्व, अपरिवर्तनशील संसार, शाश्वत-आत्मा की ओर मुड़ जाते हैं, जो आपके भीतर है। आपके मन के पीछे है। आत्मा वह नहीं है, जिसे आप देख सकें, बल्कि वह है, जिसे आप अपने भीतर महसूस करते हैं। यह प्राणों का प्राण है। जब प्राण उच्च स्तर में होता है, तब आप हर परिस्थिति में मुस्कुरा सकते हैं। आप अपनी दैनिक गतिविधियों में प्राण ऊर्जा को खर्च करते हैं। यदि आप प्राण की कमी को पूरा किए बिना प्राण को खर्च करते रहते हैं, तब आपको अवसाद घेर लेता है। जीवन विरोधी चिह्न शरीर में उत्पन्न होने लगते हैं और सौंदर्य नष्ट होने लगता है। अपने प्राण, अपने श्वास का निरीक्षण करें। यह दायीं नासिका में चल रहा है या बायीं नासिका में?

# लक्ष्मी जी कहाँ निवास करतीं हैं



संकलित
प्रेरणा

एक बार की बात है, राजा बलि समय बिताने के लिए एकान्त स्थान पर गधे के रूप में छिपे हुए थे। देवराज इन्द्र उनसे मिलने के लिए उन्हें ढूँढ रहे थे। एक दिन इन्द्र ने उन्हें खोज निकाला और उनके छिपने का कारण जानकर उन्हें काल का महत्व बताया। साथ ही उन्हें तत्वज्ञान का बोध कराया। तभी राजा बलि के शरीर से एक दिव्य रूपात्मा स्त्री निकली। उसे देखकर इन्द्र ने पूछा: दैत्यराज! यह स्त्री कौन है? देवी, मानुषी अथवा आसुरी शक्ति में से कौन-सी शक्ति है? राजा बलि बोले: देवराज! ये देवी तीनों शक्तियों में से कोई नहीं हैं। आप स्वयं पूछ लें। इन्द्र के पूछने पर वे शक्ति बोलीं: देवेन्द्र! मुझे न तो दैत्यराज बलि जानते हैं और न ही तुम या कोई अन्य देवगण। पृथ्वी लोक पर लोग मुझे अनेक नामों से पुकारते हैं। जैसे- श्री, लक्ष्मी आदि। इन्द्र बोले: देवी! आप इतने समय से राजा बलि के पास हैं लेकिन ऐसा क्या कारण है कि आप इन्हें छोड़कर मेरी ओर आ रही हैं? लक्ष्मी जी बोलीं: देवेन्द्र! मुझे मेरे स्थान से कोई भी हटा या डिगा नहीं सकता है। मैं सभी के पास काल के अनुसार आती-जाती रहती हूँ। जैसा काल का प्रभाव होता है मैं उतने ही समय तक उसके पास रहती हूँ। अर्थात मैं समयानुसार एक को छोड़कर दूसरे के पास निवास करती हूँ। इन्द्र बोले: देवी! आप असुरों के यहाँ निवास क्यों नहीं करतीं? लक्ष्मी जी बोलीं: देवेन्द्र! मेरा निवास वहीं होता है जहाँ सत्य हो, धर्म के अनुसार कार्य होते हों, व्रत और दान देने के कार्य होते हों। लेकिन असुर भ्रष्ट हो रहे हैं। ये पहले इन्द्रियों को वश में कर सकते थे, सत्यवादी थे, ब्राह्मणों की रक्षा करते थे, पर अब इनके ये गुण नष्ट होते जा रहे हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### विलुप्त होते पक्षियों का संरक्षण जरूरी

प्रतिवर्ष विश्व गौरैया दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने के पीछे का मुख्य उद्देश्य गौरैया तथा अन्य छोटे पक्षियों के संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना, उनकी निरंतर घटती संख्या के कारणों को समझाना, जैव-विविधता (बायो-डायवर्सिटी) के महत्व को रेखांकित करना तथा लोगों को पेड़-पौधे लगाने, कृत्रिम घोंसले बनाने और पक्षियों के लिए दाना-पानी उपलब्ध कराने जैसे व्यावहारिक कदम उठाने के लिए प्रेरित करना है। इस दिवस की शुरुआत वर्ष 2010 में भारत की संस्था नेचर फोरएवर सोसायटी द्वारा की गई थी, जिसके संस्थापक पर्यावरणविद् मोहम्मद दिलावर हैं। इसका मूल उद्देश्य गौरैया संरक्षण के लिए एक वैश्विक मंच तैयार करना है, जिससे इस छोटे किंतु अत्यंत महत्वपूर्ण पक्षी के प्रति लोगों में संवेदनशीलता विकसित हो सके। - रमेश कश्यप, रायपुर

## करंट अफेयर

# किम व उनकी बेटी ने सैन्य प्रशिक्षण की निगरानी की

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन और उनकी बेटी एक बार फिर सार्वजनिक रूप से साथ नजर आए और दोनों ने टैंक में सवार होकर सैन्य प्रशिक्षण की निगरानी की। सरकारी मीडिया ने शुक्रवार को कार्यक्रम की तस्वीरें प्रसारित कर यह जानकारी दी। इससे पहले किम और उनकी बेटी ने एक साथ रॉकेट प्रक्षेपण देखा था और पिस्तौल चलाई थीं। सरकारी 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) ने बताया कि किम ने बृहस्पतिवार को टैंक और पैदल सेना के जवानों से जुड़े गोलीबारी एवं अन्य सैन्य अभ्यासों की निगरानी की। केसीएनए द्वारा प्रसारित तस्वीरों में किम और उनकी बेटी बृहस्पतिवार को प्रशिक्षण के दौरान चमड़े की काली जैकेट पहने अन्य सैनिकों के साथ जैतूनी-हरे रंग के एक टैंक पर सवार दिखे। तस्वीरों में किम की बेटी टैंक के 'हैच' से अपना सिर बाहर निकाले नजर आ रही हैं जबकि किम टैंक के ऊपर बैठे मुस्कुराते दिख रहे हैं। ऐसा बताया जाता है कि किम जोंग उन की बेटी किम जू ऐ की आयु लगभग 13 साल है और वह 2022 के अंत से ही सैन्य परेड और हथियार प्रक्षेपण सहित कई प्रमुख कार्यक्रमों में अपने पिता के साथ नजर आती रही हैं। ऐसी अटकलें हैं कि किम जोंग उन अपनी बेटी को अपना उत्तराधिकारी नामित करने वाले हैं।



## ऑफ बीट

# नाक से सांस लेने पर आपकी दौड़ हो सकती है आसान



श्वास अवचेतन है। हमें इसके बारे में सोचने की ज़रूरत नहीं है – यह बस हो जाता है। कम और मध्यम तीव्रता वाले व्यायाम (जैसे पैदल चलना और साइकिल चलाना) के दौरान, हममें से अधिकांश लोग अपनी नाक से सांस लेते हैं और अपने मुंह से सांस छोड़ते हैं। लेकिन व्यायाम जितना अधिक तीव्र होता जाता है, उतना ही हम पूरी तरह मुंह से सांस लेने लगते हैं। हममें से अधिकांश लोग यह मानेंगे कि गहन व्यायाम के दौरान मुंह से सांस लेना सबसे अच्छी तकनीक है, क्योंकि यह हमारी मांसपेशियों तक अधिक ऑक्सीजन पहुंचने में मदद देता है। लेकिन सबूत इसके विपरीत दिखाते हैं – और यह कि आपकी नाक से सांस लेना वास्तव में गहन व्यायाम (जैसे दौड़ना) के दौरान उपयोग करने के लिए एक बेहतर तकनीक हो सकती है। व्यायाम करते समय, मुंह से सांस लेने की तुलना में नाक से सांस लेने पर कम ऑक्सीजन का उपयोग होता है। हालांकि यह कोई फ़ायदा नहीं लग सकता है, लेकिन मूल रूप से इसका मतलब यह है कि शरीर कम ऑक्सीजन का उपयोग करते हुए भी उतनी ही मात्रा में व्यायाम कर सकता है। और गति को अधिक समय तक बनाए रखना ही सफलता का मूलमंत्र है।

## ट्रेंड

### भारत-थाईलैंड की साझेदारी



अनुतिन चर्नविराकुल को थाईलैंड के प्रधानमंत्री चुने जाने पर हार्दिक बधाई। मैं उनके साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं। हम मिलकर भारत-थाईलैंड की बहुआयामी रणनीतिक साझेदारी को और भी मजबूत करेंगे।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### सनातन का अपमान निंदनीय



सनातन का अपमान, देवी-देवताओं और पूजा-पद्धतियों का उपहास करना अत्यंत निंदनीय है। इंडी गठबंधन के नेताओं द्वारा लगातार यह धारणा बनाई जा रही है कि हिंदू समाज सहनशील है, इसलिए उसकी भावनाओं को आहत करना आसान है।

-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय महिला विकास मंत्री

### भाजपा की मानसिकता



अब भाजपा सरकार कहेगी कि ये भी अफवाह है कि अस्पताल में मरीजों का खाना बनने तक के लिए सिलेंडर नहीं मिल रहा है। दरअसल, भाजपा की मानसिकता ही बीमार है, उससे अस्पताल के मरीजों का ख्याल रखने की उम्मीद करना बेकार है।

- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

### जन-जागरूकता अभियान



पिछली भाजपा सरकार ने नशे के खिलाफ कोई ठोस पहल नहीं की। चिट्टे के खिलाफ सबसे बड़े कानून पिट-एनडीपीएस एक्ट को लागू करने का नोटिफिकेशन हमने जारी किया। हम युवाओं को जागरूक बनाने के लिए व्यापक जन-जागरूकता अभियान भी चला रहे हैं।

-सुखविंदर सिंह सुक्खू, सीएम, हिप्र

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

# बस्तर हेरिटेज मैराथन में विदेशियों के साथ दौड़ेंगे आत्मसमर्पित नक्सली

## मैराथन में केन्या और इथोपिया के 68 विदेशी धावकों ने कराया पंजीयन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

खास खबर

बस्तर की पावन धरा वैश्विक खेल मानचित्र पर अपनी अमिट छाप छोड़ने के लिए पूरी तरह तैयार है। 22 मार्च को आयोजित होने वाली 'बस्तर हेरिटेज मैराथन 2026' केवल एक क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय प्रतिभाओं और स्थानीय संस्कृति का एक भव्य संगम बनने जा रही है।

इस वर्ष के आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता विदेशी धावकों की उत्साहजनक भागीदारी है, जो बस्तर की सड़कों पर अपनी रफ्तार का जलवा बिखेरेंगे। अब तक हुए 5000 से अधिक कुल पंजीकरणों में 68 विदेशी धावकों का शामिल होना इस बात का प्रमाण है कि बस्तर की यह दौड़ अब वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना चुकी है। विशेष रूप से लंबी दूरी की दौड़ के लिए दुनिया भर में मशहूर इथोपिया के 42 और केन्या के 26 मंझे हुए एथलीट्स की मौजूदगी ने इस मुकाबले को बेहद रोमांचक और चुनौतीपूर्ण बना दिया है। इस महाकुंभ का मुख्य आकर्षण 42 किलोमीटर की 'फुल मैराथन' होगी। यह ऐतिहासिक सफर जगदलपुर के लालबाग मैदान से शुरू होकर 'भारत के नियाग्रा' कहे जाने वाले विश्व प्रसिद्ध चित्रकोट जलप्रपात के तट पर संपन्न होगी। विदेशी और स्थानीय धावक जब बस्तर के पारंपरिक गांवों और नैसर्गिक सौंदर्य के बीच से गुजरेंगे, तो उन्हें यहाँ की समृद्ध विरासत और अदम्य साहस का जीवंत अनुभव होगा। इस बस्तर हेरिटेज मैराथन के आयोजन को समावेशी स्वरूप देते हुए आयोजकों ने इसे फुल मैराथन, हाफ मैराथन (21 किमी), 10 किलोमीटर और 5 किलोमीटर की श्रेणियों में विभाजित किया है, ताकि पेशेवर एथलीट्स के साथ-साथ फिटनेस प्रेमी और युवा भी इसका हिस्सा बन सकें। खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 25 लाख रुपये की विशाल इनामी राशि की घोषणा की गई है, जो विभिन्न श्रेणियों के विजेताओं के बीच वितरित की जाएगी। प्रतियोगिता की गरिमा को बढ़ाते हुए इसमें 'ओपन कैटेगरी' के साथ-साथ विशेष रूप से 'बस्तर कैटेगरी' को भी शामिल किया गया है।



### सुकमा जिले के 30 समर्पित नक्सली लेंगे भाग

बस्तर हेरिटेज मैराथन में सुकमा जिले के नक्सल पुनर्वास केंद्र के 30 पुनर्वासित युवाओं का इस मैराथन में भाग लेना एक प्रेरणादायक कदम है। यह केवल दौड़ नहीं, बल्कि उन युवाओं की नई शुरुआत का प्रतीक है, जिन्होंने हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में लौटने का साहसिक निर्णय लिया है। प्रशासन द्वारा उन्हें प्रशिक्षण देना, उनकी प्रतिभा को मंच देना और समाज से जोड़ना यह दर्शाता है कि सरकार केवल योजनाएं नहीं बनाती, बल्कि उन्हें जमीन पर प्रभावी रूप से लागू भी करती है।

### विश्व पटल पर बस्तर की छवि को मजबूती से प्रस्तुत करेगी: छिकारा

बस्तर कलेक्टर आकाश छिकारा ने विदेशी मेहमानों और अन्य क्षेत्रों के धावकों का स्वागत करते हुए सभी से अपील की है कि वे आधिकारिक वेबसाइट या हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से इस ऐतिहासिक दौड़ का हिस्सा बनें। यह मैराथन न केवल खेलभावना को बढ़ावा देगी, बल्कि विश्व पटल पर बस्तर की एक नई, शांतिप्रिय और साहसी छवि को भी मजबूती से प्रस्तुत करेगी।




# कोरोना काल में निजी संस्था द्वारा नियुक्ति से सेवा देने वाले भी बोनस अंकों के हकदार होंगे : हाईकोर्ट

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने अपने एक बड़े फैसले में कहा है कि कोरोना काल में निजी संस्था के द्वारा नियुक्ति से सेवा देने वाले भी बोनस अंकों के हकदार होंगे। यह फैसला स्वास्थ्य विभाग में नियुक्तियों को लेकर सुनाया गया है। हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता को 60 दिनों के भीतर विधिवत नियुक्ति देने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट में यह है याचिका सुनील मरकाम ने लगाई थी।

- **स्वास्थ्य विभाग में नियुक्तियों को लेकर सुनाया गया**

याचिका के मुताबिक सीएमएचओ कोंडागांव ने फार्मासिस्ट के लिए विज्ञापन जारी किया था। हाईकोर्ट में दायर याचिका के मुताबिक याचिकाकर्ता बोनस अंकों में कटौती के बाहर हुआ था जबकि कोरोना काल में याचिकाकर्ता ने अपनी सेवाएं दी थी।



### शासन ने की थी अंक देने की घोषणा

कोरोना काल में स्वास्थ्य कार्यकर्ता के रूप में 6 माह तक सेवा देने वाले कर्मियों को सरकारी भर्तियों में 10 नम्बर बोनस देने के निर्देश हाईकोर्ट ने दिए हैं। इसे लेकर राज्य शासन ने 3 साल पहले घोषणा की थी, लेकिन लाभ नहीं दिया जा रहा था। इसी को आधार बनाकर याचिका दायर की गई थी।

### तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के पदों पर मिलेगा लाभ

ज्ञात हो कि याचिका कर्ता ने कोविड-19 के दौरान अजीम प्रेमजी फाउंडेशन और प्राथमिक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र द्वारा संयुक्त रूप से संचालित कोविड-19 कार्यक्रम में काम लिया था। 6 माह पूरे करने के बाद ऐसे कर्मचारियों ने आगे सर्विस जारी रखने की शासन से मांग की थी। जिस पर सरकार ने 7 दिसंबर 2021 को आदेश जारी किया कि कोविड काल में जिन कार्यकर्ताओं ने 6 महीने काम किया है, उनको प्रदेश में होने वाली तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के पदों पर भर्ती प्रक्रिया में 10 अंक बोनस दिए जाएंगे। याचिकाकर्ता ने स्वास्थ्य विभाग की भर्ती में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन में किए गए अपने कार्य का प्रमाण पत्र पेश किया, लेकिन इसे अमान्य कर बोनस के 10 अंक नहीं दिए गए। इस पर हाईकोर्ट में याचिका लगाई गई। हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई के बाद आदेश दिया है कि शासन के साथ संयुक्त रूप से संचालित कोविड-19 कार्यक्रम के काम करने वालों को भी 10 अंक बोनस दिए जाए।

## नगर निगम एक्ट के भर्ती नियम को चुनौती, हाईकोर्ट ने मांगा शासन से जवाब

शासन ने नियमों का हवाला देकर नगर निगम रिसाली के एकमात्र रिक्त पद पर याचिकाकर्ता को पदोन्नति देने से इनकार कर दिया। नियम को क्षेत्राधिकार से बाहर (अल्ट्रा वायरस) करार देने पेश याचिका पर सुनवाई कर हाईकोर्ट ने शासन से 4 सप्ताह में जवाब तलब किया है।

याचिकाकर्ता किरण वर्मा नगर निगम रिसाली में लेखापाल के पद पर कार्यरत हैं। इनके लिए निगम में एकमात्र प्रमोशनल पोस्ट असिस्टेंट एकाउंट्स ऑफिसर (सहायक लेखा अधिकारी) की है। इस रिक्त पद के लिए नगर पालिक निगम एक्ट 2018 के नियम में कहा गया है कि, इस पद को 75 प्रतिशत सीधी भर्ती से और 25 प्रतिशत पदोन्नति से भरा जाना है। इस मामले में रिसाली निगम की मेयर इन काउंसिल ने एक संकल्प पारित किया और शासन से कहा कि, निगम में यह एकमात्र पद ही है, इसलिए इसमें नियमों से छूट दे दी जाए ताकि यह पद भरा जा सके। शासन ने नगर निगम एक्ट का हवाला देकर कहा कि , इस मामले में कोई छूट नहीं दी जा सकती है। इसके साथ ही एमआईसी का यह प्रस्ताव नामंजूर कर दिया। किरण वर्मा ने अपने अधिवक्ता आरके केशरवानी के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका पेश कर नगर निगम एक्ट के इस नियम को चुनौती दी। याचिका में इस नियम को ही अल्ट्रा वायरस घोषित करने का अनुरोध हाईकोर्ट से किया गया। इसमें कहा गया कि एकमात्र पद रिक्त होने की स्थिति में इस प्रकार के नियम का कोई औचित्य ही नहीं है। चीफ जस्टिस व जस्टिस रविन्द्र अग्रवाल की डिवीजन बेंच में प्रकरण की सुनवाई हुई। दोनों पक्षों के तर्क सुनने के बाद हाईकोर्ट ने शासन को नोटिस जारी कर 4 सप्ताह में जवाब मांगा है।

- **नगर निगम रिसाली के एकमात्र रिक्त पद पर याचिकाकर्ता**

## दोबारा नहीं होंगी परीक्षाएं, अन्य विषयों के प्रदर्शन के आधार पर तय होंगे परिणाम

**रायपुर।** मिडिल ईस्ट में पढ़ने वाले हजारों छात्रों के लिए इस सत्र में परीक्षा का दौर अधिक जटिल साबित हुआ। युद्ध जैसे हालात के बीच जब कई परीक्षाएं अचानक रद्द हो गईं, तो छात्रों के सामने बड़ा सवाल खड़ा हो गया अब उनके नतीजे किस आधार पर तय होंगे? इसी बीच केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने एक खास व्यवस्था लागू कर दी है, जिससे करीब 13,500 से ज्यादा कक्षा 10 के छात्रों को राहत मिली है। साथ ही अब कई छात्र अपने नंबर बेहतर करने के लिए इम्प्रूवमेंट एग्जाम देने की भी तैयारी कर रहे हैं। गौरतलब है, बहरीन, ईरान, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और यूएई में हालात अचानक बदल गए थे। सुरक्षा कारणों से 2 मार्च के बाद होने वाली कई परीक्षाएं रद्द करनी पड़ीं। हालांकि 17 फरवरी से 28 फरवरी के बीच जो परीक्षाएं हुईं, वे पूरी हो गईं। इस दौरान कुल 44 पेपर कराए गए, जिनमें गणित, अंग्रेजी, विज्ञान जैसे मेन सब्जेक्ट के साथ भाषा और स्किल आधारित विषय भी शामिल थे।



# पॉवर कंपनी से पूछा-क्या बड़े बकायादारों के भी कनेक्शन काट रहे, नहीं तो कारण बताएं

**किस प्रक्रिया से किनके कनेक्शन काट रहे, पूरी जानकारी लिखित में मांगी**



हजार रुपए के लिए बिजली कट...नहीं चलेगा आयोग खफा, पॉवर कंपनी को थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आम उपभोक्ताओं से बकाया वसूलने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी की मनमर्जी पर बिजली नियामक आयोग भारी खफा है। प्रदेशभर के छोटे बकायेदार जिन पर हजार रुपए का भी बकाया है, तो उनकी बिजली को कट कर

नोटिस किया है जारी

आयोग ने खुद से संज्ञान लेते हुए छोटे बकायेदारों का बिजली कनेक्शन कट करने के मामले में याचिका लगाकर पॉवर कंपनी को नोटिस जारी किया है। अब इस मामले में अब 17 मार्च को सुनवाई होगी। जनसुनवाई में भी इस मामले की शिकायतें मिली थीं।

खबर का असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलग खबर

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी द्वारा हजार रुपए तक के बकाया पर ही बिजली कट करने के मामले में बिजली नियामक आयोग में छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने आयोग के नोटिस के जवाब में अपना पक्ष तो रखा दिया है, पर कंपनी के पक्ष से आयोग संतुष्ट नहीं है।

आयोग ने जहां अगले आदेश तक फिलहाल किसी भी उपभोक्ता की बिजली कट करने पर रोक लगा दी है, वहीं पॉवर कंपनी से लिखित में जवाब मांगा है कि किनका कनेक्शन किस प्रक्रिया के तहत कट किया जा रहा है। आयोग ने जानना चाहा है कि क्या सिर्फ छोटे बकायादारों का ही कनेक्शन कट हो रहा है या फिर बड़े बकायेदारों का भी कनेक्शन कट किया जा रहा है। कंपनी के जवाब के बाद अगली सुनवाई अगले माह होगा। बिजली कनेक्शन कट करने के मामले में पॉवर कंपनी का तर्क है कि बिल भुगतान की अंतिम तिथि के 15 दिनों के बाद कनेक्शन कट करने का एक्ट में प्रावधान है, लेकिन आयोग के पास जो शिकायतें आई हैं, उसमें तो अंतिम तिथि के पहले भी कई कनेक्शन कट कर दिए गए हैं। इसी के साथ अंतिम तिथि समाप्त होने के बाद बिना 15 दिनों का इंतजार किए बिना ही कभी भी कनेक्शन कट कर दिए गए हैं। इस मामले को लेकर आयोग भारी खफा है।

### जवाब मांगा है

किन उपभोक्ताओं के कनेक्शन किस प्रक्रिया के तहत काटे जा रहे हैं, इसकी पूरी जानकारी कंपनी से लिखित में मांगी गई है।
- एसपी शुक्ला सचिव, बिजली नियामक आयोग

आवश्यकता है

हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

रायपुर शहर
सीनियर प्रसार प्रतिनिधि
05 पद

शैक्षणिक योग्यता स्नातक

समाचार पत्र में प्रसार विभाग में
कार्य अनुभव 2 साल

वेतन 15000 + 5000/-

दिनांक - 20 मार्च से 23 मार्च 2026
समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक

नोट : प्रसार वृद्धि के लिये टीम तैयार करने वाले को प्राथमिकता

ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।
cir.haribhoomi@gmail.com

हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

## दो मामलों में 47.50 लाख नकद जब्त



**महासमुंद।** जिले की बसना एवं बलौदा पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में वाहन जांच के दौरान कुल 47.5 लाख रुपए नकंद बरामद किए हैं। उक्त रकम का स्त्रोत और वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाने के चलते पुलिस द्वारा जब्ती कार्रवाई कर आयकर विभाग को मामला सौंप दिया है। बसना पुलिस ने बताया कि पदमपुर (ओडिशा) से छत्तीसगढ़ की ओर आ रही एक संदिग्ध सफेद रंग की टोयोटा हाईराइडर कार क्रमांक सीजी 04 क्यूयू 6591 को पलसापाली नाका पर घेराबंदी कर रोका गया। आशु बंसल निवासी मुरैना वर्तमान रायपुर और चालक महेंद्र चौहान बैठे थे। वाहन की सघन तलाशी लेने पर पिछली सीट के ऊपर रखे एक सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी के अंदर भारी मात्रा में नोटों के बंडल बरामद हुए। यह रकम 32 लाख 50 हजार रुपए था।

**सिरपुर में 15 लाख बरामद-** इसी प्रकार दूसरे मामले में थाना बलौदा के सिरपुर नाका में चेकिंग के दौरान कार सवार केशव अग्रवाल पिता नरेश (24 वर्ष) ग्राम मंदर बगीचा भवानी पटना (ओडिशा) एवं गोविंद चंद पिता दिवाकर मुंड (52 वर्ष) ग्राम मंदर बगीचा भवानी पटना (ओडिशा) के कब्जे से एक्सयूवी कार से कुल 15 लाख रुपए बरामद किए गए।

**जानकारी ले रहे: एएसपी-** एडिशनल एसपी प्रतिभा पांडेय का कहना है कि मामले में पकड़ी गई रकम के स्त्रोत की जानकारी लेने का प्रयास किया गया। वैध दस्तावेज और साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर पाने के चलते दोनों मामलों में आयकर विभाग को प्रतिवेदित किया गया है।



# 108 घंटे की चर्चा, 8 विधेयक पारित होने के साथ बजट सत्र का समापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के आखिरी दिन सभापति धरमलाल कौशिक ने पक्ष-विपक्ष के सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, सभी के सहयोग और मार्गदर्शन से ही वे अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर सके।

सभापति ने बताया कि स्वास्थ्य कारणों से विधानसभा अध्यक्ष सत्र में उपस्थित नहीं हो सके, लेकिन उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से सदन की पूरी कार्यवाही का लगातार अवलोकन किया और संचालन से जुड़े विषयों पर उनका मार्गदर्शन लगातार मिलता रहा, जिससे सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से संचालित होती रही। आगामी सत्र जुलाई के तीसरे या चतुर्थ सप्ताह के मध्य संभावित है। इस बजट सत्र में कई महत्वपूर्ण विधायी कार्य पूरे किए गए, कई अहम विधेयकों को सदन में प्रस्तुत कर पारित किया गया, जो राज्य के प्रशासनिक और विकासात्मक ढांचे को मजबूती देंगे। छत्तीसगढ़ विधासनभा बजट सत्र के दौरान 26 दिनों में 15 बैठकें आयोजित हुईं। लगभग 108 घंटे तक विभिन्न विषयों पर गंभीर चर्चा की गई। सत्र के दौरान कुल 2924 प्रश्नों की सूचनाएं प्राप्त हुईं, जिनमें 1495 तारांकित और 1429 अतारांकित प्रश्न शामिल थे। 14 बैठकों में 86 प्रश्न सीधे सभा में पूछे गए, जिनके उत्तर सरकार द्वारा दिए गए।

- आगामी सत्र जुलाई के तीसरे या चतुर्थ सप्ताह के मध्य संभावित
- सभापति धरमलाल कौशिक ने पक्ष-विपक्ष के सभी सदस्यों को दिया धन्यवाद

## ध्यानाकर्षण, स्थगन और शून्यकाल सक्रिय

603 ध्यानाकर्षण सूचनाएं प्राप्त हुईं, जिनमें 220 को ग्राह्य किया गया। 244 स्थगन प्रस्तावों की सूचनाएं आईं। शून्यकाल के तहत 137 सूचनाएं प्राप्त हुईं, जिनमें 40 ग्राह्य और 31 अग्राह्य रहीं। याचिकाएं और अशासकीय संकल्प 370 याचिकाएं प्रस्तुत की गईं, जिनमें 115 ग्राह्य और 228 अग्राह्य रहीं। 31 अशासकीय संकल्प प्रस्तुत हुए, जिनमें 7 ग्राह्य किए गए, 1 स्वीकृत हुआ और 24 अस्वीकृत हो गए।

# छत्तीसगढ़ में जल क्रांति का नया अध्याय जल जीवन मिशन 2.0 के लिए एमओयू

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शुक्रवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा में जल जीवन मिशन 2.0 के तहत केन्द्र और राज्य के बीच एमओयू कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल की वर्चुअल मौजूदगी में अधिकारियों ने एमओयू पर हस्ताक्षर कर एक्सचेंज किया।



मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य की ग्रामीण पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में यह पहल ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि "हर घर जल" के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए जल जीवन मिशन 2.0 के तहत हुये एमओयू से इन कार्यों में गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 10 मार्च 2026 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जल जीवन मिशन के विस्तारित चरण, जल जीवन मिशन 2.0 को मंजूरी दी है। इस चरण में जल सेवा वितरण प्रणाली को मजबूत करने के साथ-साथ जनभागीदारी को भी सुनिश्चित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में अब तक 41 लाख 30 हजार से अधिक ग्रामीण परिवारों, यानी लगभग 82.66 प्रतिशत घरों को नल कनेक्शन उपलब्ध कराया जा चुका है। श्री साय ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत दूरस्थ, वनांचल और आदिवासी क्षेत्रों तक शुद्ध पेयजल पहुंचने से महिलाओं को बड़ी राहत मिली है, जिन्हें पहले पानी के लिए दूर-दूर तक जाना पड़ता था।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### केलो परियोजना की ....

थी। पुलिस का कहना है कि इसमें अंतरराज्यीय नेटवर्क भी हो सकता है। आरोपी मार्शल सांगा के बारे में जानकारी मिली है कि उसके दोस्त झारखंड में अफीम की खेती करते हैं, और उसी से प्रेरित होकर यहां वह खेती करने लगा। यह भी कहा जा रहा है कि वह झारखंड में अफीम की खेती करता था और पकड़ा गया था। किसी तरह छूटने के बाद तमनार के आमागांव ससुराल आ गया। प्रशासनिक टीम खेत में लगे अफीम के पौधों की गिनती और कितने एकड़ में लगी है यह जानकारी जुटाने की कोशिश कर रही है। गुरुवार की रात अफीम की खेती करने वाले मार्शल सांगा पिता मिखाइल सांगा निवासी ग्राम हडमबनम थाना खुंटी जिला खुंटी झारखंड को हिरासत में ले लिया था। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। अभी पुलिस और राजस्व विभाग की टीम कुछ भी जानकारी देने से बच रही हैं। एएनटीएफ (एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स) टीम द्वारा अफीम फसल की कटाई कराई जा रही है, जिसके पश्चात वास्तविक वजन एवं मूल्य का आंकलन किया जाएगा। फिलहाल आरोपी मार्शल सांगो के विरुद्ध थाना तमनार में एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### प्रीमियम पेट्रोल 2.35 ....

स्पीड, एचपीसीएल ने पावर और आईओसीएल ने एक्सपी95 में 2.09 रुपये से लेकर 2.35 रुपये प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी की है। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) ने इंडस्ट्रियल डीजल के दाम में 22 रुपये की बढ़ोतरी की है। इसे 87.67 प्रति लीटर से बढ़ाकर 109.59 प्रति लीटर कर दिया है। ईरान और अमेरिका/इजरायल ने एकदूसरे के एनर्जी इन्फ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाया है। इससे कच्चे तेल की कीमत में तेजी आई है। गुरुवार को कच्चा तेल एक समय 116 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया था। हालांकि बाद में उसमें कुछ नरमी आई। आज ब्रेंट क्रूड 1.19 फीसदी तेजी के साथ 109.9 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेड कर रहा है। ईरान युद्ध के कारण होर्मुज की खाड़ी से जहाजों की आवाजाही प्रभावित हुई है। इस कारण कच्चा तेल महंगा हुआ है। दुनिया का 20 फीसदी तेल और गैस इसी रास्ते से आता है। आपको बता दें, पेट्रोलियम मिनिस्ट्री ने गुरुवार को कहा था कि देश की रिफाइनरीज पूरी क्षमता के साथ काम कर रही हैं और किसी भी फ्यूल आउटलेट पर तेल की कोई कमी नहीं है। पेट्रोलियम मंत्रालय में जॉइंट सेक्रेटरी सुजाता शर्मा ने कहा कि तेल मार्केटिंग कंपनियां देशभर में पेट्रोल पंपों पर औचक निरीक्षण कर रही हैं ताकि किसी भी गलत प्रैक्टिस से बचा जा सके।

-मिडिल ईस्ट जंग का साइड इफेक्ट
- एलपीजी के बाद अब देश में पेट्रोल की कीमतों में इजाफा
- अमेरिका/इजरायल और ईरान ने एकदूसरे के एनर्जी इन्फ्रास्ट्रक्चर को बनाया है निशाना

(पेट्रोल कीमत)
प्रीमियम पेट्रोल की बिक्री कुल पेट्रोल का केवल 3-4%
प्रीमियम फ्यूल की बिक्री कुल पेट्रोल बिक्री का एक छोटा हिस्सा है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि प्रीमियम कैटेगरी के पेट्रोल में बढ़ोतरी हुई है, लेकिन यह बेचे जाने वाले कुल पेट्रोल का केवल 3-4% ही है।
सामान्य पेट्रोल: इसका ऑक्टेन नंबर आमतौर पर 91 होता है। यह ज्यादातर कारों और बाइक्स के इंजन के लिए स्टैंडर्ड फ्यूल है।

### बलौदाबाजार में ....

किया जाएगा। कार्यक्रम में हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और समाज के विभिन्न वर्गों से सीधा संवाद कर जिले की वर्तमान स्थिति और भविष्य की दिशा पर चर्चा करेंगे।कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के राजस्व, खेल एवं उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इसके अलावा जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल, जिला भाजपा अध्यक्ष आनंद यादव, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे, नगर पालिका भाटापारा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, नगर पालिका परिषद बलौदा बाजार अध्यक्ष अशोक जैन, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा तथा कांग्रेस वरिष्ठ नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी, सुरेंद्र शर्मा, सुनील माहेश्वरी सहित अनेक जनप्रतिनिधि अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। वहीं प्रशासनिक स्तर पर कलेक्टर कुलदीप शर्मा, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, डीएफओ गणवीर धम्मशील एवं जिला पंचायत सी ई ओ दिव्या अग्रवाल जिले की स्थिति और योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर अपने विचार साझा करेंगे।
संवाद कार्यक्रम में व्यापार, चिकित्सा, शिक्षा और समाजसेवा से जुड़े प्रतिष्ठित नागरिकों को भी आमंत्रित किया गया है, जो अपने-अपने क्षेत्र की समस्याएं और सुझाव मंच पर रखेंगे। कार्यक्रम के दौरान जनकल्याणकारी योजनाओं, अधोसंरचना विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और रोजगार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा होगी। साथ ही जिले की प्रमुख समस्याओं को चिन्हित कर उनके समाधान हेतु ठोस सुझावों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

### जुए से जुड़े ....

पहले जनवरी में, केंद्र सरकार ने 242 अवैध सट्टेबाजी और जुआ खिलाने वाली वेबसाइट्स को ब्लॉक किया था। सरकार के एक बयान के अनुसार, यह कार्रवाई कई तरह के गैर-कानूनी प्लेटफॉर्म्स को निशाना बनाकर की गई, जिनमें ऑनलाइन स्पोर्ट्स बेटिंग वेबसाइट्स, स्लॉट्स, रूलेट और लाइव डीलर टेबल्स जैसे गेम्स देने वाले वर्चुअल कसीनो, और पीयर-टू-पीयर मार्केटप्लेस के तौर पर काम करने वाले बेटिंग एक्सचेंज शामिल हैं। अधिकारियों ने सट्टा और मटका जुआ नेटवर्क्स के साथ-साथ असली पैसों वाले कार्ड और कसीनो गेमिंग एप्लीकेशन्स के खिलाफ भी कार्रवाई की। यह कार्रवाई, अवैध ऑनलाइन गेमिंग गतिविधियों पर अंकुश लगाने और लोगों को वित्तीय धोखाधड़ी तथा लत के जोखिमों से बचाने के व्यापक प्रयासों का एक हिस्सा है।

### युवाओं का खोया हुआ...

उठाना पड़ा। युवाओं ने न केवल सिस्टम पर भरोसा खोया, बल्कि आयुसीमा का नुकसान भी झेला। भर्ती प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से ही यह विधेयक लाया गया है।

### विधेयक में यह ...

आसानी होगी। कर्मचारी चयन मंडल में एक अध्यक्ष और अधिकतम तीन सदस्य होंगे। इसके साथ ही सचिव, परीक्षा नियंत्रक और अन्य अधिकारी-कर्मचारी होंगे तथा व्यावसायिक परीक्षा मंडल के अधिकारी-कर्मचारी भी इसके अंतर्गत माने जाएंगे। मंडल को यह अधिकार होगा कि वह चयन प्रक्रिया के संचालन का दायित्व किसी एजेंसी को सौंप सके।

### उपकर समाप्त होने ...

अवश्य होगी, किंतु इसका सीधा लाभ आम जनता को मिलेगा और यही सरकार की नीतियों का मूल केंद्र है। अचल संपत्ति के अंतरण विलेखों के पंजीयन पर लगाया जाने वाला उपकर अब पूर्णतः समाप्त कर दिया जाएगा।

### अचल संपत्ति रजिस्ट्री ...

बाजार मूल्य का लगभग 0.60 प्रतिशत अतिरिक्त भार वहन करना पड़ रहा था। वर्तमान में राजीव गांधी मितान क्लब योजना संचालित नहीं है तथा रोजगार संबंधी योजनाओं का वित्तपोषण अब राज्य के सामान्य बजट से किया जा रहा है। ऐसे में जिस उद्देश्य से यह उपकर लगाया गया था, वह अब प्रासंगिक नहीं रह गया है। इसी सोच के अनुरूप जनता को राहत प्रदान करने के लिए इस अनावश्यक उपकर को समाप्त करने का निर्णय लिया गया है।

### एयर इंडिया की ऐसी ...

विमान का उपयोग किया गया है, उसे कनाडा में उड़ान भरने की अनुमति नहीं है। सोचिये, जो विमान कनाडा के लिए फिट नहीं, उसको इजाजत नहीं, उसमें यात्रियों को भरकर जहाज को उड़ने दिया गया।

### जांजगीर में एई-जेई,...

इस संबंध में जानकारी देते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो बिलासपुर के डीएसपी अजितेश सिंह ने बताया कि जांजगीर निवासी प्रदीप यादव ने एसीबी इकाई बिलासपुर में इस आशय की शिकायत की गई थी, कि वह ग्राम खोखसा में फ्लाई एश ब्रिक्स का प्लांट डालना चाहता है, जहां ट्रांसफार्मर लगाने के लिए उसने सीएसपीडीसीएल कार्यालय जांजगीर में आवेदन दिया था। इसके लिए उसने डिमांड नोट भी जमा कर दिया था। इसके बाद भी उसके यहां ट्रांसफार्मर और मीटर नहीं लगा। उसने शिकायत में बताया कि ट्रांसफॉर्मर और मीटर लगाने के एवज में उप अभियंता राजेंद्र द्वारा 10 हजार रुपए और सहायक अभियंता नोर्गे और उनके सहायक सहायक ग्रेड 1 देवेंद्र राठौर द्वारा 25 हजार रुपए रिश्वत की मांग की जा रही है। शिकायतकर्ता ने कहा कि वह उन्हें उक्त कार्य के लिए रिश्वत नहीं देना चाहता बल्कि उन्हें रंगे हाथ पकड़वाना चाहता है।

लगातार हो रही कार्रवाई

एसीबी के द्वारा भ्रष्ट अधिकारियों /कर्मचारियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जांजगीर और नवागढ़ में कार्रवाई की गई है।एसीबी द्वारा किसी भी विभाग के लोक सेवक द्वारा रिश्वत की मांग किए जाने पर तत्काल सूचना देने हेतु अपील की गई है।

### शिकायत का सत्यापन...

25 हजार रुपये को अपने सहायक देवेंद्र राठौर को देने को कहने पर प्रार्थी ने रिश्वत रकम 25 हजार रुपए को देवेंद्र राठौर को दिया। इस दौरान पहले से आसपास फैली एसीबी टीम को इसकी सूचना दी गई,जिस पर एसीबी टीम ने तीनों को त्वरित रूप से पकड़ लिया । उनके पास से रिश्वत में ली गई राशि 35 हजार रुपए को भी बरामद कर लिया। एसीबी ने आरोपी सहायक अभियंता विजय नोर्गे,उप अभियंता राजेंद्र शुक्ला और सहायक ग्रेड 1 देवेंद्र राठौर को धारा 7,12 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के तहत गिरफ्तार कर मामले को विवेचना में ले लिया है।

### नवागढ़ में एकाउंटेंट ने चेक जारी...

एसीबी बिलासपुर अजितेश सिंह ने बताया कि नवागढ़ निवासी अब्दुल वहाब ने एसीबी इकाई बिलासपुर में इस आशय की शिकायत की गई थी,कि उसके फर्म के द्वारा नगर पंचायत नवागढ़ क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2024-25 में अधोसंरचना से संबंधित कार्य और मरम्मत का काम किया गया था, जिसकी बिल राशि करीब 2 लाख 3 हजार रुपए का चेक जारी कराने के एवज में लेखापाल ने 16 हजार रुपए रिश्वत की मांगी । वह 6 हजार रुपए दे चुका है, तथा 10 हजार रुपए की और मांग की जा रही है, जो वह उसे नहीं देना चाहता, बल्कि उसे रंगे हाथ पकड़वाना चाहता है। शिकायत सत्यापन - कराने पर शिकायत सही पाई गई और सत्यापन में मोलभाव पर आरोपी द्वारा 10 हजार रुपए की जगह 8 हजार रुपए लेने सहमति दी गई, जिस पर ट्रैप की योजना तैयार की गई । इसी के तहत शुक्रवार 20 मार्च को प्रार्थी को संबंधित को रिश्वत रकम देने भेजा गया । आरोपी लेखपाल प्रकाश जायसवाल ने प्रार्थी से रिश्वती रकम अपने हाथ में लेकर अपनी कार में रख लिया। इस दौरान आसपास फैली एसीबी टीम ने उसे ग्राम सेमरा के पास शाह क्रशर के पास पकड़ लिया। उसके पास से रिश्वत में ली गई राशि 8 हजार रुपए को बरामद कर लिया गया है। मामले में एसीबी ने आरोपी लेखापाल प्रकाश जायसवाल को रिश्वत के साथ गिरफ्तार किया। मामले में धारा 7, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के तहत कार्यवाही की जा रही है ।

### एसीबी से बचाने मांगी रिश्वत, सरगुजा...

पदस्थ एक बाबू को जिला ग्रंथालय के सामने एक लाख रूपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी बाबू अनिल गुप्ता ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के लिपिक अखिलेश कुमार सोनी को एसीबी से बचाने के नाम पर दो लाख रुपए की मांग की थी। फिलहाल एसीबी द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर मामले की जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार, 10 मार्च की शाम अनिल ने अखिलेश से कहा, उनका भतीजा एंटी करप्शन ब्यूरो में है और उनके पास कुछ लोगों पर कार्रवाई करने के लिए सूची आई हुई है जिसमें अखिलेश का भी नाम है। गिरफ्तारी से बचाने गुप्ता ने सोनी से दो लाख रुपए की मांग की। सोनी ने इसकी सूचना एंटी करप्शन ब्यूरो के डीएसपी प्रमोद खेस को दी। उसके बाद ट्रैप कार्रवाई के दौरान जिला ग्रंथालय के सामने एक लाख रूपए लेते अनिल गुप्ता को पकड़ा गया है।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग**
**जशपुर जिला- जशपुर (छत्तीसगढ़)**
Phone: 9424242409 E-Mail ID: ee-res.jashpur@nic.in

**"निविदा आमंत्रण सूचना"**

क्रमांक/2032/वलेलि/ग्रा.यां.से/2025-26 जशपुर, दिनाँक 18/03/2026

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ में एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत "डी" एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत सिविल ठेकेदारों से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु प्रतिशत दर पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | ऑनलाईन निविदा क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रूपए लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि | अमानत राशि सत्यनिष्ठा संधि एवं तकनीकी दस्तावेज स्पीड पोस्ट से जमा करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 187464 | महाकुल यादव समाज बगीचा में वृंदावन भवन का विस्तार, विकासखण्ड बगीचा, जिला- जशपुर (छ.ग.) | 44.685 | 06/04/2026 | 08/04/2026 |
| | | Total | 44.685 | | |

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी दिनांक 23.03.2026 से कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर एवं विभागीय वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in/ से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग
जिला- जशपुर

जी-252607308/1


# रविवार से लौटेगी गर्मी, तापमान में चार दिन में पांच डिग्री तक बढ़ोतरी

**रायपुर।** तेज गर्मी से राहत देने वाला सिस्टम शनिवार को असर दिखाने के बाद कमजोर पड़ जाएगा। रविवार से गर्मी की वापसी होगी और चार दिनों में तापमान में पांच डिग्री की बढोतरी हो जाएगी। शुक्रवार को भी मौसम सुकून भरा रहा और शाम ढलने के बाद शहर के कई इलाकों में हल्की बारिश भी हुई। राज्य का अधिकतम तापमान 38 डिग्री से नीचे और रायपुर का 33 डिग्री से कम रिकार्ड किया गया। राज्य के मौसम को बदलकर रख देने वाली मौसम तंत्रिका कमजोर होने लगी है। इसकी वजह से पिछले चार दिन से प्रदेश का मौसम बदला हुआ था और राजधानी समेत कई इलाकों में बारिश और ओलावृष्टि भी हुई। छाए बादलों और तापमान में गिरावट की वजह से बढ़ चुकी गर्मी नियंत्रण में आ गई थी। मौसम में ठंडकता की वजह से उपयोग किए जाने वाले एसी-कूलर को बंद करना पड़ गया था।

## राशिफल


**मेष** किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकता है। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।


**वृष** बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।


**मिथुन** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी ।लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से मान-सम्मान की


**कर्क** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जाना हो सकता है। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।


**सिंह** मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। अफसरों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। सफलता के योग बन रहे हैं।


**कन्या** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सुस्वादु खान-पान में रुचि बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।


**तुला** शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।


**वृश्चिक** किसी पैतृक सम्पत्ति के लिए विवाद की स्थिति बन सकती है। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।


**धनु** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। लाभ के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में सद्भाव बनाये रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।


**मकर** मन अशान्त रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।


**कुंभ** मन शान्त रहेगा। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। जीवनसाथी के परिवार के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है।


**मीन** संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है ।नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

## प्रदेश कार्यसमिति के लिए अभी और इंतजार राष्ट्रीय कार्यसमिति के बाद ही संभव

**रायपुर।** प्रदेश भाजपा संगठन की प्रदेश कार्यसमिति करीब डेढ़ साल से नहीं हो सकी है। किरण देव को पूर्णकालिक अध्यक्ष बने एक साल से ज्यादा हो गया है, लेकिन अब तक एक भी कार्यसमिति नहीं हो सकी है। इसके पीछे का सबसे बड़ा कारण यह है कि राष्ट्रीय कार्यसमिति के बाद ही आमतौर पर प्रदेश कार्यसमिति होती है। करीब डेढ़ साल से राष्ट्रीय कार्यसमिति भी नहीं हो सकी है। अब नितिन नबीन नए राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हैं। उनकी कार्यकारिणी के बनने के बाद जब राष्ट्रीय कार्यसमिति होगी, तब जाकर प्रदेश की कार्यसमिति होगी। इसके पहले कार्यसमिति के सदस्य छह माह लंबे इंतजार के बाद अब जाकर तय हुए हैं, लेकिन प्रदेश की कार्यसमिति के लिए अभी भी लंबा इंतजार करना पड़ेगा। प्रदेश कार्यसमिति हर तीन माह में करने का प्रावधान तो है, लेकिन इसके लिए सबसे अहम यह है कि राष्ट्रीय कार्यसमिति के बाद ही प्रदेश कार्यसमिति होती है।


**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड**
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)
(छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल की एक उत्तरवर्ती कंपनी)

क्र./कार्य. यंत्री/सामा/सू. प्रकाशन / 4017 पत्थलगांव, दिनांक 20/03/2026

**// बिजली बंद की सूचना //**

समस्त सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि पत्थलगांव उप-संभाग के अंतर्गत 33 के.व्ही. लुडेग फीडर 11 के.व्ही मेन-1. मेन 2 एवं टाऊन-1 एवं टाऊन-2 का ए.बी स्वीच / आईसोलेटर बदलने हेतु दिनांक 22.03.2026 को प्रात: 10.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक निम्नलिखित फीडर की सप्लाई बंद रहेगी। सम्माननीय उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद है।

| क्र | दिनांक एवं समय | दिन | उपकेन्द्र का नाम | प्रभावित 11 के.व्ही. फीडर का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | दिनाक 22.03 2026 समय सुबह 10.00 बजे से शायं 04:00 बजे तक | रविवार | 33/11 के व्ही. उपकेन्द्र पत्थलगांव | 11 के व्ही. गाला |
| | | | | 11 के व्ही पालीडीह |
| | | | | 11 के.व्ही. टाऊन-1 |
| | | | | 11 के व्ही टाऊन-2 |
| | | | 33/11 के व्ही. उपकेन्द्र लुडेग | 11 के व्ही लुडेग |
| | | | | 11 के व्ही बनगाव |
| | | | | 11 के व्ही कछार |
| | | | | 11 के व्ही तिरसोट |
| | | | | 11 के व्ही बागबहार |
| | | | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र बटुराबहार | 11 के व्ही तमता |
| | | | | 11 के व्ही पाकरगाव |
| | | | | 11 के व्ही हीरापुर |
| | | | | 11 के व्ही पण्डरीपानी |
| | | | 33/11 के. व्ही उपकेन्द्र कुमेकेला | 11 के.व्ही मिर्जापुर |
| | | | | 11 के.व्ही. दिवानपुर |
| | | | | 11 के व्ही पतरापाली |
| | | | | 11 के व्ही भाटामुडा |
| | | | 33/11 के व्ही उपकेन्द्र किलकिला | 11 के व्ही कापू ग्रामीण |
| | | | | 11 के व्ही कापू शहर |
| | | | | 11 के व्ही फिल्टर प्लाट |
| | | | | 11 के.व्ही. सुरेशपुर |

नोट :- आवश्यकतानुसार कार्य की समय-सीमा बढ़ाई व घटाई जा सकती है।
// स्वहित व राष्ट्रहित में ऊर्जा बचाएँ //
// विद्युत बिलों का समय पर भुगतान करें //

कार्यपालन यंत्री (सं/सं.) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लिमि., पत्थलगांव



**छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग सामान्य वनमण्डल दुर्ग**

**पुलगांव डिपो का ई-ऑक्शन का संक्षिप्त विज्ञापन**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि दुर्ग वनमण्डल के अधिनस्थ शासकीय उपभोक्ता डिपो पुलगांव, अण्डा, सुपेला, पाटन, वन परिसर कुम्हारी, बेमेतरा, एवं अन्य डिपो में संग्रहित ईमारती काष्ठ, जलाऊ एवं बल्ली का ई-ऑक्शन द्वारा निर्वतन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है, कि वे ई-ऑक्शन में भाग लेवें। ई-ऑक्शन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय/संबंधित परिक्षेत्र कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। ई-ऑक्शन में रखे जाने वाले अनुमानित मात्रा:-

नीलाम तिथि - 27/03/2026
समय - प्रात: 9.00 बजे

नया ईमारती काष्ठ/जलाऊ चट्टा

| परिक्षेत्र | डिपो | प्रजाति | लट्ठा घ.मी. | चिरान | बल्ली नग | डेंगरी | जलाऊ चट्टा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दुर्ग | पाटन | कहुआ लट्ठा/मिश्रित लट्ठा | 6.663 | - | - | - | - |
| | सुपेला | मिश्रित लट्ठा/मिश्रित जलाऊ | 17.507 | - | - | - | 33 |
| | अण्डा | मिश्रित लट्ठा | 2.312 | - | - | - | - |
| धमधा | धमधा | कहुआ लट्ठा/सोफा फ्रेम, बत्ता चिरान/मि.ज. | 1.716 | 0.304 | - | - | 3 |
| साजा | साजा | सागौन लट्ठा/बल्ली/डेंगरी | 14.736 | | 110 | 23 | - |
| | | योग :- | 42.934 | 0.304 | 110 | 23 | 36 |

अविक्रित काष्ठ /जलाऊ चट्टा

| परिक्षेत्र | डिपो | प्रजाति | लट्ठा घ.मी. | चिरान | बल्ली नग | डेंगरी | जलाऊ चट्टा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दुर्ग | पुलगांव | सागौन लट्ठा/बल्ली/डेंगरी | 525.392 | - | 25362/20722 | - | 6 |
| -- | -- | आम/मिश्रित लट्ठा | 4.563 | - | - | - | - |
| -- | पाटन | सागौन लट्ठा, बल्ली, डेंगरी/साल चिरान | 3.476 | 2.185 | 203/745 | - | 38 |
| -- | सुपेला | सागौन लट्ठा, नीलगिरी लट्ठा | 1.277 | - | - | - | - |
| धमधा | धमधा / कुम्हारी | सागौन लट्ठा,डें. / मिश्रित जलाऊ | 3.582 | - | 122 | 23 | 4 |
| बेमेतरा | बेमेतरा | सागौन लट्ठा | 18.462 | - | - | 23 | - |
| | | योग :- | 556.752 | 2.185 | 25565/21489 | 23 | 48 |


टीप :- (1) क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कामर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। (2) क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व क्रय लॉटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है। (3) लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई-कामर्स पोर्टल में अपने आईडी से लॉग-इन करके देख सकते है।। (4) ई-ऑक्सन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकंड का समय प्राप्त होगा उसी लॉट में अन्य क्रेताओ द्वारा 40 सेकंड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकंड का समय प्राप्त होगा। (5) सफल क्रेताओं को अपना पूर्ण पता, मो. नं., पैन कार्ड एवं GST की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

फोन नं.- 75870-13100, ई-मेल: dfodurg@gmail.com

वनमण्डलाधिकारी
दुर्ग वनमण्डल, दुर्ग (छ.ग.)

जी-252607311/3


## शब्द पहेली - 6171



**बाएँ से दाएँ**
1.यश प्राप्त करना-5
5.चतुर, जहीन-5
9.दया, तरस-3
10.कामदेव-3
11.लीन, तल्लीन-2
13.बोली, आवाज-2
14.राजदुर्वा-2
15.एक प्रकार का बिस्किट-2,3
18.मत, सलाह-2
19.जो लायक न हो-4
20.अधीनस्थ-4
21.कहानी, गाथा-2
22.श्रवणेंद्रिय-2
23.कुएं से पानी भरने का चबूतरा-4
26.दान देने वाला-4
29.वरदान, दूल्हा-2
30.पत्नी का नाना-2,3
33.सूर्य, दिनकर-2
34.भीगा हुआ-2
35.सुर आलाप-2
36.फूलों का रस,अर्क-3
38.तरंग, हिलोर-3
41.जरूरतमंद-5
42.सेंधमार-5

**ऊपर से नीचे**
1.नामकरण-5
2.टैक्स,हाथ-2
3.महीना, मास-2
4.नामवर, प्रसिद्ध-4
5.संधि, सामंजस्य-4
6.सरुर, नशा-2
7.झंकार-2
8.रमण योग्य-5
12.तगारी, नांद-3
13.सुअर-3
15.अभिमान मर्दित होना -2,3
16.समाप्त-2
17.नेकनीयत-5
23.हनुमान-3,2
24.मुलायम-3
25.उम्मीद, आशा-2
27.बहादुरी-3
28.शिव, रविलोचन-2,3
31.नामचीन-4
32.सुसंचालन-4
36.चेहरे का तेज, दर्प-2
37.रिश्तेदार-2
39.अधिकार-2
40.ईश्वर, भगवान-2

**शब्द पहेली- 6170 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6181

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 7 | | 1 | | | 3 |
| 3 | | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | | 4 |
| 1 | | | 4 | | 6 | | 9 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6180 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 |

# तेल आपूर्ति दबाव से निपटने घर से करें काम, हवाई यात्रा घटाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने पश्चिम एशिया में व्यवधान के कारण वैश्विक तेल आपूर्ति पर पड़ रहे दबाव के प्रभाव को कम करने के लिए घर से काम और हवाई यात्रा घटाने जैसे कदम उठाने का सुझाव दिया है।

- तेल बाजार के इतिहास में सबसे बड़ी आपूर्ति बाधा आई

अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर हमले और तेहरान की व्यापक जवाबी कार्रवाई के बाद तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गईं। आईईए ने अपनी नई रिपोर्ट में कहा, '' पश्चिम एशिया का संघर्ष वैश्विक तेल बाजार के इतिहास में सबसे बड़ी आपूर्ति बाधा लेकर आया है क्योंकि होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही लगभग ठप हो गई है। आम तौर पर हर दिन करीब 1.5 करोड़ बैरल कच्चा तेल और 50 लाख बैरल तेल उत्पाद इस जलडमरूमध्य से गुजरते थे, जो वैश्विक तेल खपत का लगभग 20 प्रतिशत है।

## अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी आईईए ने दिए सुझाव

### भारत का कच्चे तेल का आधा आयात इसी मार्ग से

भारत का कच्चे तेल का आधा आयात, 40 प्रतिशत गैस आयात और 85-90 प्रतिशत एलपीजी की आपूर्ति इसी मार्ग से होती थी। आईईए ने कहा, '' यह प्रवाह अब बहुत कम रह गया है। आपूर्ति में कमी का वैश्विक बाजारों पर बड़ा असर पड़ रहा है, जिससे कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर चली गई हैं।''

### अर्थव्यवस्था पर असर को लेकर चिंता बढ़ी

आईईए ने कहा कि ऊंची कीमतों के घरों, व्यवसायों तथा व्यापक अर्थव्यवस्था पर असर को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं। इसी को देखते हुए सरकारों, व्यवसायों एवं लोगों के लिए ईंधन खपत घटाने और कीमतों के दबाव को कम करने के लिए 10 कदम सुझाए गए हैं।



### तीन दिन घर से काम करने पर 6 फीसदी तेल की बचत

अन्य उपायों में वाहन चलाने की दक्षता बढ़ाना, व्यावसायिक हवाई यात्राएं कम करना, गैर-जरूरी उपयोग में एलपीजी के विकल्प अपनाना और औद्योगिक ईंधन दक्षता बढ़ाना शामिल है। आईईए ने कहा, '' राष्ट्रीय स्तर पर जिन कामों में संभव हो, सप्ताह में तीन अतिरिक्त दिन घर से काम करने से कारों से तेल खपत में दो से छह प्रतिशत की कमी आ सकती है।''

### सार्वजनिक वाहनों का प्रयोग करे

*राजमार्गों पर गति सीमा 10 किलोमीटर प्रति घंटा कम करने से व्यक्तिगत चालक की तेल खपत पांच से 10 प्रतिशत और निजी कारों की कुल खपत एक से छह प्रतिशत तक घट सकती है। आईईए ने कहा, '' निजी कारों से यात्रा कम कर बसों तथा ट्रेनों जैसे सार्वजनिक परिवहन की ओर जाने से कारों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर तेल खपत एक से तीन प्रतिशत तक घट सकती है।''*

### आपात भंडार से 40 करोड़ बैरल तेल जारी

*इसके अलावा अल्पावधि में व्यावसायिक हवाई यात्राओं में करीब 40 प्रतिशत कमी संभव है और इससे विमान ईंधन की मांग सात से 15 प्रतिशत तक घट सकती है। आईईए ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य से आवागमन बहाल करना बाजार को स्थिर करने के लिए महत्वपूर्ण है। इस बीच, सदस्य देशों ने आपात भंडार से 40 करोड़ बैरल तेल जारी किया है जो एजेंसी के इतिहास में सबसे अधिक है।*

## खबर संक्षेप

### वर्ष 2025-26 में 200 खनिज ब्लॉक की हुई नीलामी : केंद्र



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कहा कि उसने वित्त वर्ष 2025-26 में रिकॉर्ड 200 खनिज ब्लॉक की नीलामी की है। यह एक साल में बेचे गए ब्लॉक की अब तक की सबसे ज़्यादा संख्या है। इस बार तमिलनाडु ने पहली बार नीलामी प्रक्रिया में हिस्सा लिया, जबकि उत्तराखंड ने अपना पहला मैग्नेसाइट ब्लॉक बेचकर इस दौड़ में अपनी जगह बनाई।

### एनबीसीसी को मिला 5,800 करोड़ रुपए का बड़ा ठेका

**नई दिल्ली।** सरकारी कंपनी एनबीसीसी को जयपुर में राजस्थान मंडपम परियोजना बनाने के लिए 5,800 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। एक नियामकीय सूचना में कंपनी ने बताया कि उसे राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम से जयपुर में ''राजस्थान मंडपम और उससे जुड़ी परियोजनाओं'' को बनाने का अनुबंध मिला है।

### जम्मू-कश्मीर 'ट्रैवल मार्ट' की अप्रैल में करेगा मेजबानी



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पर्यटन विभाग इस वर्ष अप्रैल में 'कश्मीर ट्रैवल मार्ट' का आयोजन करेगा। इसका उद्देश्य क्षेत्र की पर्यटन संभावनाओं को प्रदर्शित करना है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, '' जम्मू-कश्मीर पर्यटन 14-15 अप्रैल को 'कश्मीर ट्रैवल मार्ट-2026' की मेजबानी करेगा।

### विदेशी मुद्रा भंडार में सात अरब डॉलर की गिरावट



**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 13 मार्च को समाप्त सप्ताह में 7.05 अरब डॉलर घटकर 709.76 अरब डॉलर रहा। आरबीआई ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इसके एक सप्ताह पहले देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 11.68 अरब डॉलर घटकर 716.81 अरब डॉलर रहा था। विदेशी मुद्रा भंडार में 27 फरवरी को समाप्त हुए सप्ताह में 4.88 अरब डॉलर की वृद्धि हुई थी।

## सीबीडीटी ने आयकर अधिनियम 2025 के लिए नियमों को किया अधिसूचित

# सरल आयकर कानून के लिए नियम अधिसूचित, एक अप्रैल से होंगे प्रभावी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने शुक्रवार को आयकर अधिनियम, 2025 के लिए नियमों को अधिसूचित कर दिया। इसमें वेतनभोगियों के लिए मकान किराया भत्ते पर बढ़े हुए कर लाभ का प्रावधान है, लेकिन मकान मालिक-किरायेदार के संबंधों का खुलासा करना अनिवार्य कर दिया गया है। आयकर नियम, 2026 उस सरल प्रत्यक्ष कर कानून को लागू करेंगे, जिसे पिछले साल संसद ने मंजूरी दी थी। यह एक अप्रैल से प्रभावी होगा।

- इसमें मकान किराए भत्ते पर बढ़े हुए कर लाभ का प्रावधान है
- मकान मालिक व किराएदार के संबंध का खुलासा करना अनिवार्य होगा
- सरल प्रत्यक्ष कर कानून को पिछले साल संसद ने मंजूरी दी थी

राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना में कहा गया, ''इन नियमों को आयकर नियम, 2026 कहा जा सकता है। ये एक अप्रैल, 2026 से लागू होंगे। संसद ने 12 अगस्त, 2025 को छह दशक पुराने आयकर अधिनियम, 1961 को बदलने के लिए एक नया आयकर विधेयक पारित किया था। यह कोई नई कर दर लागू नहीं करता है, बल्कि केवल भाषा को सरल बनाता है। जटिल आयकर कानूनों को समझने के लिए ऐसा करना आवश्यक था।

### उचित बाजार मूल्य का निर्धारण

अधिसूचना पर टिप्पणी करते हुए एएमआरजी एंड एसोसिएट्स के वरिष्ठ भागीदार रजत मोहन ने कहा कि ये नियम विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रक्रियात्मक स्पष्टता लाते हैं, जिसमें उचित बाजार मूल्य का निर्धारण और सीमा पार संरचनाओं में आय की गणना शामिल है।

### कंपनियों की जिम्मेदारी बढ़ाई गई

*नए नियमों के तहत आयकर कटौती का दावा करने के लिए किरायेदार-मकान मालिक के संबंधों के बारे में जानकारी देना जरूरी है और इसमें विदेशी आय पर टैक्स क्रेडिट दावों के लिए लेखा परीक्षकों और कंपनियों की जिम्मेदारी बढ़ाई गई है। इसमें पैन के दोहरीकरण और प्रतिकूल ऑडिट टिप्पणी से पैदा होने वाली कर देनदारी की जांच के लिए लेखा परीक्षकों को अधिक जिम्मेदारी दी गयी है।*




### नए नियमों में पूंजीगत लाभ के लिए सख्त नियम

नए नियमों में पूंजीगत लाभ, शेयर बाजार के लेनदेन और अनिवासी कराधान के लिए सख्त नियम बनाए गए हैं, जबकि अन्य खुलासा प्रणाली को सरल बनाया गया है। अधिसूचना में 150 से अधिक आधिकारिक फॉर्म पेश किए गए हैं। आयकर नियम वेतनभोगी करदाताओं पर लागू होने वाले मकान किराया भत्ता (एचआरए) छूट के लिए प्रस्तावित ढांचे को बरकरार रखते हैं।

### आठ शहर के कर्मचारी 50 फीसदी एचआर छूट का दावा कर पाएंगे

नए नियमों के तहत आठ शहर - मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, चेन्नई, हैदराबाद, पुणे, अहमदाबाद और बेंगलुरु - वेतन के 50 प्रतिशत की उच्च छूट सीमा के लिए पात्र होंगे, जबकि अन्य सभी स्थान 40 प्रतिशत पर बने रहेंगे। इस समय मुंबई, दिल्ली, कोलकाता और चेन्नई में वेतनभोगी कर्मचारी अपने वेतन के 50 प्रतिशत तक एचआरए छूट का दावा कर सकते है, जबकि अन्य स्थानों पर रहने वाले 40 प्रतिशत की निचली सीमा के लिए पात्र हैं।

### नए नियम कर्मचारियों के लिए मददगार

*डेलॉयट इंडिया के भागीदार सुरेश कुमार एस ने कहा, ''विभिन्न कर्मचारी अनुलाभों और छूटों के लिए फिर से व्यवस्थित सीमाओं को देखते हुए नए नियम नियोक्ताओं और कर्मचारियों के लिए बहुत मददगार होने चाहिए। हालांकि ये मुख्य रूप से पुरानी आयकर व्यवस्था वालों के लिए लागू हैं, लेकिन नई व्यवस्था के तहत आने वाले कर्मचारियों को भी लाभ होना चाहिए।''*

### अनावश्यक प्रावधानों व पुरानी भाषा को हटाया गया

*इस अधिनियम ने अनावश्यक प्रावधानों और पुरानी भाषा को हटा दिया है और आयकर अधिनियम, 1961 की 819 धाराओं को घटाकर 536 और अध्यायों की संख्या 47 से घटाकर 23 कर दी है। नए आयकर विधेयक में शब्दों की संख्या 5.12 लाख से घटाकर 2.6 लाख कर दी गई है और स्पष्टता बढ़ाने के लिए 1961 के कानून के बोझिल पाठ के स्थान पर पहली बार 39 नई तालिकाएं और 40 नए सूत्र पेश किए गए हैं।*

# लोटस पर गुड़ी पड़वा ऑफर को बेहतर प्रतिसाद

**बिलासपुर।** इलेक्ट्रॉनिक्स का वन स्टॉप डेस्टिनेशन और रिश्ता बेहतर जिंदगी से बनाने वाली आपकी अपनी लोटस पर गुड़ी पड़वा ऑफर को बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है, जिसमें आप पा सकते हैं 70% तक की छूट, जो ग्राहक को देते हैं अनगिनत खुशियां।

लोटस का कहना है की जब आपको एक ही जगह पर ढेरों विकल्प मिलते हैं, तो उनमें से अपना पसंदीदा उत्पाद खरीदना बहुत आसान हो जाता है। यही वजह है कि लोटस पर आकर ग्राहकों को हर प्रकार की शंका और दुविधा का समाधान मिल जाता है। परिवार में हर सदस्य की जरूरतें अलग-अलग होती हैं। उसी प्रकार इलेक्ट्रॉनिक सामान को लेकर भी परिवार के सदस्यों की पसंद भी अलग-अलग होती है। लोटस इलेक्ट्रॉनिक्स पर इस बात का विशेष ध्यान रखा गया है कि ग्राहकों को अपनी जरूरत का प्रॉडक्ट चुनने के लिए हर तरह की मदद जरूर मिले। इसके लिए लोटस के सभी स्टोर्स पर एक्सपर्ट टीम मौजूद रहती हैं, जो ग्राहकों को विधिवत तरीके से किसी भी प्रॉडक्ट से जुड़ी हर छोटी-बड़ी जानकारी मुहैया कराती है। जैसे कि प्रॉडक्ट पर मिलने वाले कंपनी ऑफर्स, फेस्टिव ऑफर्स, विशेष डिस्काउंट, स्पेशल प्राइस, ड्यूरेबिलिटी, सर्विस हेल्प, वॉरंटी और डिलीवरी ऑप्शन तक कंपलीट इंफॉर्मेशन मिलती है। कस्टमर फ्रेंडली स्टाफ बेहतर सेवा के साथ बेहतर प्रॉडक्ट्स पेश करना लोटस को स्पेशल बनाता है। लोटस की एक्सपर्ट टीम ग्राहकों को सही उत्पाद का चयन करने में सहायता करती है। ग्राहकों की शॉपिंग को यादगार बनाने के लिए यहां का कस्टमर फ्रेंडली स्टाफ हमेशा से ही खास भूमिका निभाता रहा है। यही वजह है कि लोटस पर आकर प्रॉडक्ट्स को लेकर ग्राहकों की हर दुविधा और कंफ्यूजन दूर हो जाता है। यहां से प्रॉडक्ट खरीदने पर ग्राहकों को एक्सपर्ट एडवाइज के साथ ही प्रॉडक्ट का फ्री डेमो भी मिलता है। ऑफ्टर सेल सर्विस मिलने से ग्राहकों के लिए उनकी हर शॉपिंग, वैल्यू फॉर मनी साबित होती है। ग्राहकों के अटूट विश्वास और प्यार ने लोटस को सिर्फ इंदौर ही नहीं बल्कि भारत के कई अन्य शहरों में इलेक्ट्रॉनिक्स का प्रमुख नाम बनाया है।





**छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल**
पर्यावास भवन, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला- रायपुर (छ.ग.)

**// सर्व संबंधित को सूचना //**

भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली की अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 (यथा संशोधित) के तहत् सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि श्री विकास यादव (लोफंदी सेण्ड माईन), ग्राम- लोफंदी, तहसील व जिला बिलासपुर स्थित कुल क्षेत्रफल - 20 हेक्टेयर में रेत (गौण खनिज) उत्खनन क्षमता- 1,20,000 घनमीटर प्रतिवर्ष के पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई बाबत् छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल में आवेदन किया गया है। उक्त प्रस्तावित परियोजना के संबंध में आपत्ति / सुझाव / टीका-टिप्पणी इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अंदर क्षेत्रीय अधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय, छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल, व्यापार विहार, पं. दीनदयाल उपाध्याय पार्क के पास, बिलासपुर (छ.ग.) के कार्यालय में लिखित रूप से कार्यालयीन समय में प्रस्तुत की जा सकती है। इस परियोजना के लिए **लोक सुनवाई दिनांक 23/04/2026 को प्रातः 11:00 बजे स्थान ग्राम- कछार, तहसील व जिला- बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 791/2 रकबा 2.023 हेक्टेयर भूमि में नियत की गई है।** सूचित हो कि लोक सुनवाई के दौरान भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के आफिस मेमोरेंडम F.No. 22-25/2000-IA,III दिनांक 14.09.2020 तथा कोरोना वायरस के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु शासन द्वारा जारी समस्त दिशा-निर्देशो का अक्षरशः पालन किया जाना अनिवार्य होगा।

ई.आई.ए. अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 (यथा संशोधित) के प्रावधानों के अनुसार ड्राफ्ट ई.आई.ए. रिपोर्ट, कार्यपालकसार की प्रति (हिन्दी व अंग्रेजी में) एवं इसकी सी. डी. (साफ्ट कॉपी) जन सामान्य के अवलोकन / पठन हेतु कलेक्टर, कार्यालय कलेक्टर, जिला-बिलासपुर, आयुक्त, कार्यालय नगर पालिक निगम, बिलासपुर जिला-बिलासपुर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, कार्यालय, जिला पंचायत - बिलासपुर, जिला- बिलासपुर, अनुविभागीय अधिकारी (रा.), कार्यालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) तखतपुर / कोटा / बिलासपुर, जिला-बिलासपुर, मुख्य महाप्रबंधक, कार्यालय मुख्य महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, बिलासपुर, जिला-बिलासपुर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, कार्यालय जनपद पंचायत, तखतपुर / कोटा / बिल्हा, जिला- बिलासपुर, उपसंचालक (खनि. प्रशा.) कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला-बिलासपुर, क्षेत्रीय अधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, व्यापार विहार पं. दीनदयाल उपाध्याय पार्क के पास, बिलासपुर, सरपंच / सचिव कार्यालय ग्राम पंचायत / ग्राम - लोफन्दी, सेंदरी, घुटकु, तुर्काडीह, कछार, भाड़म, लमेर, लच्छनपुर, निरतू, भरारी, गतौरी, तहसील - बिलासपुर, जिला- बिलासपुर (छ.ग.) डायरेक्टर, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन, मंत्रालय, भारत सरकार, इंदिरा पर्यावरण भवन, वायु विंग, जोरबाग रोड़, नई दिल्ली, क्षेत्रीय निदेशक, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, अरण्य भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर एवं मुख्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, पर्यावास भवन, नॉर्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला - रायपुर (छ.ग.) में रखी गई है।

सदस्य सचिव
छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल,
नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)


# भारतीय मूल के सूर्या ने तोड़ा जुकरबर्ग का 18 साल पुराना रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने 30 साल से कम उम्र के 35 अरबपति बनाने का रिकॉर्ड बना दिया है। इनमें फोर्ब्स की वर्ल्ड बिलिनियर लिस्ट में शामिल सूर्या मिधा भी हैं। 22 साल के सूर्या आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से भर्ती करने वाली स्टार्टअप कंपनी 'मर्कोर' के सह-संस्थापक हैं। निजी निवेशकों ने पिछले साल इसकी वैल्यूएशन 10 अरब डॉलर आंकी थी।

सूर्या मिधा और उनके सह-संस्थापक, दुनिया के अरबपतियों की इस एक्सक्लूसिव सूची में पहली बार शामिल होने वाले अब तक के सबसे कम उम्र के सेल्फ-मेड अरबपति हैं जिन्होंने मार्क जुकरबर्ग को पीछे छोड़ दिया है। मेटा के मालिक जुकरबर्ग ने करीब लगभग दो दशक पहले 23 वर्ष की आयु में इस सूची में डेब्यू किया था। 22 वर्षीय मिधा की कुल संपत्ति 2.2 बिलियन डॉलर है। और वह मर्कोर में अपने दो अन्य सह-संस्थापकों- ब्रेंडन फूडी और आदर्श हीरेमठ से कुछ महीने छोटे हैं। फोर्ब्स के अनुसार, भारतीय अप्रवासी माता-पिता के बेटे मिधा का जन्म कैलिफोर्निया के सैन जोस में हुआ था और वह हाई स्कूल में नेशनल डिबेट चैंपियन थे। मिधा के माता-पिता दिल्ली से अमेरिका में आकर बस गए थे।



**मर्कोर क्या करती है? :** मर्कोर एक भर्ती स्टार्टअप है जो सिलिकॉन वैली की सबसे बड़ी एआई लैब को अपने मॉडल को प्रशिक्षित करने में मदद करता है। फोर्ब्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, यह एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जहां आवेदकों का इंटरव्यू एक एआई अवतार द्वारा लिया जाता है और उन्हें प्रतिभाओं की भर्ती करने वाली कंपनी में अपॉइन्ट किया जाता है। यह कंपनी अब सही जगह पर सही अवसर तलाशने वालों के लिए एक उम्मीद बनकर उभरी है।

### फोर्ब्स की नई सूची में सबसे कम उम्र की महिला अरबपति

इस सूची में सबसे कम उम्र की सेल्फ-मेड महिला अरबपति का नाम भी शामिल है। 29 साल की लुआना लोपेस लारा एक पूर्व बैले डांसर और एमआईटी ग्रेजिए है। उन्होंने प्रेडिक्शन मार्केट फर्म कल्शि की सह-स्थापना की है। ब्राजील मूल की निवासी लोपेज लारा ने 31 वर्षीय स्केल एआई की सह-संस्थापक लूसी गुओ को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने अप्रैल में टेलर स्विफ्ट से यह खिताब छीना था। फोर्ब्स के अनुसार, लोपेज लारा के सह-संस्थापक तारेक मंसूर भी इस साल के 17 नए 30 वर्ष से कम आयु के अरबपतियों में शामिल हैं। इनमें से 11 नए सेल्फ-मेड हैं।


**कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)**
प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के किरायेदार घटक अंतर्गत पात्र हितग्राहियों का दावा आपत्ति आमंत्रित किये जाने के संबंध में।

विज्ञापन क्र. 641 — दिनांक 20/03/2026

**दावा आपत्ति सूचना**

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के ''मोर मकान मोर आस'' योजना अंतर्गत नूतन चौक में निर्मित 02 आवास एवं प्रभुदयाल खडेलवाल में निर्मित 23 आवास (G+3) आवासीय फ्लेट कुल 25 आवासों के आबंटन हेतु पात्र एवं अपात्र आवेदकों की सूची का प्रकाशन किया गया था।

दावा आपत्ति निराकरण उपरांत नूतन चौक 24 एवं प्रभुदयाल खंडेलवाल राजकिशोर नगर में 77 पात्र आवेदकों की सूची का प्रकाशन कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा की गई है।

अतः उक्त पात्र आवेदकों हेतु दिनांक 23/03/2026 से 25/03/2026 कुल 03 दिवस की दावा आपत्ति आमंत्रित की जाती है। दावा आपत्ति कार्यालयीन समय में प्रधानमंत्री आवास योजना कक्ष में प्रस्तुत की जा सकती है। निर्धारित तिथि के पश्चात दावा आपत्ति अमान्य होगी।

आयुक्त
नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)

पर्यावरण संरक्षण हेतु पॉलीथीन का उपयोग न करें।



**कार्यालय नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)**

क्रमांक 4905/न.पा.नि./ लोनिवि/25-26 अम्बिकापुर दिनांक 20/3/2026

**-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना (द्वितीय) :-**

निकाय क्षेत्रान्तर्गत दीनदयाल उपाध्याय मांगलिक भवन निर्माण एवं विभिन्न वार्डो में सड़क डामरीकरण कार्य (System Tender No. 187343, 187314, 187369, 187372, 187373, 187374, 187376, 187380 & 187382) हेतु द्वितीय ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की गई है।

विस्तृत निविदा सूचना छ.ग. शासन के ई- प्रोक्यूरमेंट पोर्टल https://eproc. cgstate.gov.in & https:// uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

**आयुक्त, नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर**


# चांदी 1,800 रुपए किलो मजबूत और सोना हुआ 650 रुपए सस्ता

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में चांदी की कीमत 1,800 रुपये बढ़कर 2.40 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गई, जबकि सोने का भाव 650 रुपये टूटकर 1.52 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रहा।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। चांदी की कीमत 1,800 रुपये यानी लगभग एक प्रतिशत बढ़कर, 2,40,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। बृहस्पतिवार को यह 2,38,700 रुपये प्रति किलोग्राम थी। हालांकि, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने में लगातार तीसरे दिन गिरावट जारी रही। यह 650 रुपये यानी 0.42 प्रतिशत टूटकर 1,52,650 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रहा।



- चांदी बढ़कर 2.40 लाख रुपए प्रति किलोग्राम
- सोना टूटकर 1.52 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम


**कार्यालय नगर पालिका परिषद, चांपा जिला जांजगीर-चांपा**
E-Mail ID-cmochampa@rediffmail.com, cmochampanp@gmail.com

क्रमांक/3648/लो.नि.वि./न.पा./2025-26 — चांपा, दिनांक 20.03.2026

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

नगरपालिका परिषद चांपा क्षेत्रान्तर्गत एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत सक्षम श्रेणी में ठेकेदारों से निर्माण कार्य हेतु ऑन-लाइन (online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सिस्टम टेंडर. नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डाउनलोड / सबमिट करने की अंतिम तिथि | Physical Doc Submission End Date | Online Bid Open Date (Scheduled) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 187505 | Revamping of Material Recovery Facility (MRF) including Installation of Machinery and construction of Compost Plant in Municipal Areas of Champa, Chhattisgarh (Second Call) | 122.03 | दिनांक 05.04.2026 समय 17:30 P.M. | 06-04-2026 Time 15.30 pm | 07-04-2026 Time 11.00 am |
| 2 | 187512 | Constraction of R.C.C. Nala from in frount of bulet agency to satsang bhawan electric pole ward no. 22. (Third Call) | 196.62 | दिनांक 31.03.2026 समय 17:30 P.M. | 01-04-2026 Time 15.30 pm | 02-04-2026 Time 11.00 am |

निविदा की विस्तृत जानकारी UAD Portal: http://uad.cg.gov.in एवं Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in मे डाउनलोड/ देखी जा सकती है। इस निविदा एवं निर्माण/मरम्मत/विस्तार कार्य के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो सप्रमाणपत्र प्रकाशन से 15 दिवस के भीतर प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि मे आपत्ति प्राप्त नही होने पर नियमानुसार निर्माण कार्य कराया जावेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद् चांपा



**कार्यालय नगर पालिका परिषद् मनेन्द्रगढ़, जिला-मनेन्द्रगढ़ - चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)**

क्रमांक 3319 /नपा/2025-26/ — मनेन्द्रगढ़, दिनांक: 19/03/2026

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु मैन्युअल पद्धति द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है :-

1. निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर डाक द्वारा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 10/04/2026 समय दोपहर 01:30 बजे तक।
2. निविदा खोलने की तिथि :- 10/04/2026 समय दोपहर 05:00 बजे।

| क्र. | कार्य का नाम | लागत राशि (रु. लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | समयावधि (वर्षा ऋतु सहित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका परिषद् मनेन्द्रगढ़ के वार्ड नं. 09 में कुआ के पास शेड निर्माण कार्य। | 5.00 | 5000/- | 750/- | 04 माह |
| 2 | नगर पालिका परिषद् मनेन्द्रगढ़ के वार्ड नं. 17 में जोडा तालाब के पास शेड निर्माण कार्य। | 5.00 | 5000/- | 750/- | 04 माह |
| 3 | नगर पालिका परिषद् मनेन्द्रगढ़ के वार्ड नं. 22 में आमाखेरवा तिराहा मुक्तिधाम के पास शेड निर्माण कार्य। | 5.00 | 5000/- | 750/- | 04 माह |
| 4 | विकासखण्ड मनेन्द्रगढ़ में पशुचिकित्सालय मनेन्द्रगढ़ में प्रशिक्षण कक्ष निर्माण कार्य। | 4.03 | 4100/- | 750/- | 04 माह |
| 5 | विकासखण्ड मनेन्द्रगढ़ के तहसील कार्यालय मनेन्द्रगढ़ में शौचालय निर्माण कार्य। | 2.70 | 2700/- | 750/- | 03 माह |
| 6 | पं.दीनदयाल उपाध्याय पार्क में प्रतिक्षालय भवन, शेड निर्माण पार्क किनारे सड़क एवं रंग रोगन कार्य। | 5.00 | 5000/- | 750/- | 04 माह |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in पर अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् मनेन्द्रगढ़, जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)

Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
छाती, एलर्जी एवं सांस से जुड़ी सभी बीमारियों का आधुनिक एवं विशेष उपचार एक ही स्थान पर
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
24 घंटे आपात चिकित्सा
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

Skin Care
डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं
• लेजर हेयर रिमूवल • केमिकल पीलिंग
• हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी
• कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH
साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग
• बांझपन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड
• बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221, 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंती विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

अंत्यावसायी विभाग अंतर्गत संचालित दो योजना को छोड़कर अन्य सभी योजनाएं बंद

# 7 साल में रिकवरी नहीं, 60 करोड़ से अधिक लोन बकाया, योजनाएं भी बंद हो चुकीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अंत्यावसायी विभाग अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय एवं राज्य की कई योजनाएं पिछले कई वर्षों से बकाया लोन की राशि की रिकवरी नहीं किए जाने के कारण बंद हैं। विभागीय सूत्र के अनुसार प्रदेश के 16 जिलों में 9 हजार से अधिक हितग्राहियों पर अभी भी 60 करोड़ रुपए से अधिक का लोन बकाया है। यह लोन की राशि वर्ष 2020 के पूर्व हितग्राहियों ने विभिन्न योजनाओं के तहत ली थी, जिसकी रिकवरी विभाग अब तक नहीं कर पाया है। हालांकि बकाया लोन की राशि पहले 127 करोड़ रुपए के करीब थी। विभाग ने इसमें से आधी से अधिक राशि की रिकवरी कर ली है, लेकिन अभी भी 60 करोड़ रुपए से अधिक का लोन बकाया है, जिसे वसूला नहीं जा सका है।

## आरआरसी जारी होने के बाद कई हितग्राहियों ने नहीं पटाया लोन

इन योजनाओं के तहत लोन का भुगतान नहीं करने वाले हितग्राहियों को सभी जिलों के अंत्यावसायी विभाग की ओर से पहले कई दफे नोटिस जारी किया गया। इसके बाद भी जब हितग्राहियों ने लोन की राशि अदा नहीं की, तो उनके विरुद्ध आरआरसी जारी किया गया। इसके तहत लोन लेने वाले या उनकी गारंटी बने व्यक्ति की संपत्ति कुर्क करके लोन की राशि वसूल की जानी थी। इस नोटिस के बाद बड़ी संख्या में हितग्राही और उनकी गारंटी बने व्यक्तियों ने लोन की राशि अदा करना शुरू की।

## ये योजनाएं बंद

अनूसूचित जाति वर्ग की योजनाएं 5 वर्ष से बंद, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति वर्ग की योजना 4 साल से बंद, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग योजना 4 साल से बंद, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक वर्ग की योजना भी 4 वर्ष से बंद, सफाई कामगार वर्ग की योजना भी बंद, राज्य की मिनीमाता स्वावलंबन योजना 7 वर्ष से बंद।

## ये दो योजना चालू

राज्य की बैंक प्रवर्तित योजना अंतर्गत अंत्योदय स्वरोजगार और आदिवासी स्वरोजगार योजना अभी संचालित की जा रही है। इन दोनों योजना के तहत 50 हजार से दो लाख रुपए तक लोन देने का प्रावधान है, वहीं देय लोन पर अधिकतम 10 हजार रुपए तक का अनुदान भी हितग्राही को दिया जाता है। ये दोनों योजनाएं चालू हैं, लेकिन इन दोनों योजना के अंतर्गत भी बहुत कम फंड जारी किया जा रहा है। इसके कारण कई जिलों में आवेदनों की तुलना में बहुत कम लोगों को योजना का लाभ मिल पा रहा है।

## कॉल सेंटर की आड़ में ठगी की दुकान तीन शातिर गाजियाबाद से गिरफ्तार

रायपुर। फर्जी कॉल सेंटर की आड़ में देशभर के अलग-अलग बीमा कंपनियों के पॉलिसीधारकों को बीमा की मैच्योरिटी राशि की रकम दिलाने का झांसा देकर ठगी का नेटवर्क चलाने वाले तीन अंतर्राज्यीय जालसाजों को एसीसीयू की टीम ने उत्तरप्रदेश, गाजियाबाद से गिरफ्तार किया है। जालसाजों ने मुजगहन थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति को उसकी बीमा राशि की मैच्युरिटी राशि दिलाने के नाम पर 9.60 लाख रुपए की पिछले वर्ष ठगी की थी।ठगी के आरोप में पुलिस ने अनिल कुमार, अजय तिवारी और रिंकू सिंह को गिरफ्तार किया है। जालसाजों ने कांदुल निवासी परमजीत सिंह चड्ढा के साथ ठगी की थी।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग
• Hearing Aids
• दंत रोग
• मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी
• चक्कर, खर्राटे



शिव एम्ब्रोकेशन ऑयल
रजि नं. 1721362
कापीराइट नं. 88763/10
दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा - सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
HMS देखकर खरीदें
नकली माल से सावधान
94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com

# हरिभूमि Classified

Email- hbclassified375@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

आवश्यकता है- विज्ञापन एजेन्सी में दो ग्राफिक डिजाइनर की आवश्यकता है जिन्हें कोरलड्रॉ, फोटोशॉप, सोशल मीडिया ऑपरेट करना आता हो। वेतन 5अंकों में+ अच्छा काम करने पर इंसेंटिव सम्पर्क करें- 9131155033, 98271 80896 (40308)

आवश्यकता है- डेंटल क्लीनिक में कार्य करने हेतु अटेंडर की आवश्यकता है जीवी डेंटल क्लीनिक SBI के सामने राजकिशोर नगर 1 पद एवं जी.वी. डेंटल क्लीनिक, FS-26 प्रथम तल CLC प्लाजा मंगला चौक - 1 पद (40301)

आवश्यकता है- शीघ्र भर्ती, केयर टेकर (महिला खाना+ साफ सफाई) 20, ड्राइवर 25, गार्ड (ड्राइविंग आना चाहिए) 40, हाउस कीपिंग (बॉय/ गर्ल) 100, बिलासपुर हेतु सम्पर्क- बालाजी प्लाजा हेमू नगर बिलासपुर 8889823100 (40291)

आवश्यकता है- (1) हॉस्टल कार्य हेतु लड़के, लड़की स्मार्ट लड़के लड़कियां (3) पार्सल, खाना डिलीवरी हेतु लड़के (4) इंडियन, चाइनीज खाना बनाने हेतु कुक चाहिए सम्पर्क करें- 7869586011 (40298)

आवश्यकता है- RTO कार्य हेतु कम्प्यूटर ऑपरेटर 1पद (अनुभव 3वर्ष), वर्कशॉप में सर्विस हेतु हेल्पर 2पद, ऑटो इलेक्ट्रीशियन कार्य हेतु 2पद की आवश्यकता है सम्पर्क करें- लोकेश ऑटो तिफरा बिलासपुर 9303555032 (40292)

आवश्यकता है- तखतपुर बिलासपुर रोड में खमरिया बायपास रोड में स्थित राइस मिल में देखरेख हेतु शिक्षित 3वर्ष अनुभवी मुनीम एवं मिल चलाने के 5वर्ष अनुभवी मिस्त्री चाहिए। बायोडाटा व्हाट्सएप करें- 9893111718 (40293)

आवश्यकता है- चश्मा दुकान मे कार्य करने हेतु सेल्समैन या सेल्स गर्ल्स की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता संपर्क करें अमर ज्योति आप्टीकल, राजीव प्लाजा बिलासपुर मो. 73542 55424, 7987400950 (40295)

आवश्यकता है- ग्राफिक डिजाइनर की आवश्यकता है जिसे कोरल ड्रॉ, फोटोशॉप आता हो सम्पर्क करें- वी ग्राफिक्स बिलासपुर 97706 19078 (40276)

आवश्यकता है- DJ शोरूम में कार्य हेतु फ्रेशर, अनुभवी दो लड़को की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन 10000 से 12000+ अच्छे कार्य पर इंसेंटिव। सम्पर्क करें- कपूर चन्द & सन्स, सदर बाजार, बिलासपुर 9685005500 (40304)

आवश्यकता है- केयर टेकर (देख रेख करने वाली) बच्चों एवं घर के काम हेतु स्त्रियों/लड़कियो की आवश्यकता है रहना खाना फ्री एवं आकर्षक वेतन, सम्पर्क करें- न्यू बस स्टैण्ड जांजगीर 8600012354 (40290)

आवश्यकता है- माइनिंग एवं क्रशिंग फर्म हेतु अनुभवी सुपरवाइजर की आवश्यकता है। साइट ऑफिस, कार्य समन्वय (Coordination) माहिर, मशीन संचालन हेतु अनुभवी लोडर एवं पोखलेन ऑपरेटर भी चाहिए सम्पर्क करें- 9203390737, 93400 83807 (40280)

आवश्यकता है- इलेक्ट्रीकल कांट्रेक्टर फर्म को एक सुपरवाईजर एवं तीन ITI इलेक्ट्रीकल लड़कों की तत्काल आवश्यकता है। कोरबा निवासी एवं अनुभवी को प्राथमिकता। संपर्क करें 7987382110, 9754373800 (40296)

आवश्यकता है- सीए ऑफिस में अकाउंटिंग, ऑडिट कार्य हेतु स्टाफ की आवश्यकता है । केवल सीए ऑफिस में कार्य किये अनुभवी ही सम्पर्क करें- सीए आशीष गुप्ता 9827177457 (40297)

आवश्यकता है- बिलासपुर ऑफिस में रिसेप्शनिस्ट के लिए लड़की एवं तखतपुर ब्लॉक में सोलर पैनल के प्रचार प्रसार हेतु लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 7879298498 (40289)

आवश्यकता है- ट्रैक्टर ड्राइवर- 1, पीकप ड्राइवर- 1, एकाउंटेन्ट- 1, ITI फीटर- 1 चाहिए वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- श्री जगदेव एनर्जी बिनौरी, कानन पेंडारी के आगे मुंगेली रोड बिलासपुर 7389585235, 9131728759 (40294)

आवश्यकता है- न्यू हाई कोर्ट के पीछे छतौना के प्लॉट वर्कशॉप में ही रहकर परिवार वाले व्यक्ति चौकीदारी करने के लिए आवश्यकता है सम्पर्क करें- 9669211111, 98271 75811 (40103)

आवश्यकता है-बिस्कुट पैकिंग कार्य एवं अन्य कार्य करने हेतु रहकर काम करने वाले हेल्पर लड़कों की आवश्यकता है। रूम बिजली की सुविधा फ्री। पता- बंजारी मन्दिर के पास रावाभाटा रायपुर 7828735534 (40259)

आवश्यकता है- रियल एस्टेट कम्पनी में कार्य करने का सुनहरा अवसर टेलीकॉलिंग हेतु लड़की 4पद, मार्केटिंग हेतु लड़के 5पद चाहिए। सम्पर्क करें- अम्बे कंस्ट्रक्शन राजकिशोर नगर मोपका चौक पास बिलासपुर 79872 36607, 08109119184 (40279)

आवश्यकता है- दुकान में कार्य करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार इच्छुक व्यक्ति तुरन्त सम्पर्क करें- बादशाह सेफ्टी सर्विसेज, दुकान नम्बर 35, जवाली नाला मध्य नगरी चौक, बिलासपुर 74152 93153 (40282)

आवश्यकता है- श्याम इंटरप्राइजेज में पैकिंग कार्य व अन्य कार्य हेतु युवक/ युवती की आवश्यकता है, वेतन योग्यता अनुसार (समय 10am से 7pm) सम्पर्क करें- साइंस कॉलेज सरकंडा बिलासपुर 9074741377 (40284)

आवश्यकता है- हायर शोरूम में काम करने हेतु लड़के की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- HAIER Showroom, राजीव गांधी चौक बिलासपुर 9343951083 (40265)

आवश्यकता है- घरेलू सभी काम झाड़ू पोछा बर्तन धोने, कपड़े धोने या खाना बनाने के लिए अनुभवी बाई की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- जनता क्वार्टर नेहरु नगर बिलासपुर 9977416604 (40267)

आवश्यकता है- थोक दवा दुकान में माल डिलिवरी पेमेंट कलेक्शन हेतू लड़कों की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। वेतन 9000, सम्पर्क करें- नितिन मेडिकल एजेन्सी 34, मेडिकल काम्पलेक्स, तेलीपारा बिलासपुर 9827497711 (40244)

आवश्यकता है- शॉप में कम्प्यूटर ऑपरेटर 5 लड़के (वेतन 15000) एवं शॉप में कार्य हेतु 10 लड़के (वेतन 12000) की आवश्यकता है पता- वी.एस. रेफ्रिजरेशन, ताहा कॉम्प्लेक्स व्यापार विहार रोड बिलासपुर 9300531912 (40268)

आवश्यकता है- X-ray टेक्नीशियन, कम्प्यूटर ऑपरेटर (m/f) चाहिए, अनुभवी, अंग्रेजी जानकार को प्राथमिकता संपर्क करें- शाम 5-7 बजे तक ओम डायग्नोस्टिक सेन्टर, रेड क्रॉस मेडिकल के सामने, सिम्स रोड, बिलासपुर 9229466628, 8602000508 (40275)

आवश्यकता है- रिसेप्शनिस्ट फीमेल, कम्प्यूटर ऑपरेटर बिजी सॉफ्टवेयर जानकार और ऑफिस बॉय की आवश्यकता है सम्पर्क करें- पीआरके अग्रसेन चौक बिलासपुर 6263077177 (40277)

आवश्यकता है- कम्प्यूटर ऑपरेटर- बिलासपुर में 2पद, राजनांदगांव में 2पद (पुरुष), इलेक्ट्रिकल (बाहरी) फील्ड सुपरवाइजर राजनांदगांव में 2पद (पुरुष) सिविल इंजीनियर बिलासपुर में 1पद (पुरुष), बायोडाटा 9303023570 पर भेजें (40285)

आवश्यकता है- रियल इस्टेट आफिस में टेलीकॉलिंग, मार्केटिंग हेतु युवक, युवतियां चाहिए वेतन योग्यता अनुसार 5000 से 20000 तक दिया जाएगा सम्पर्क करें- गणपति होम्स गीता पैलेस भवन के सामने उसलापुर 7828892113 (40269)

आवश्यकता है-अनुभवी सिविल सुपरवाइजर एवं प्लम्बर की आवश्यकता है बिजौर में सम्पर्क करें- 98271 83067 (40251)

आवश्यकता है- परमानेंट जॉब सभी इंजीनियर, वेल्डर कटर, फिटर, गार्ड, कम्प्यूटर ऑपरेटर, आफिस कार्य-10, ड्राइवर, चपरासी-20, स्टोर कीपर, हेल्फर, सुपरवाईजर, 5वीं- ग्रेजुएट वेतन 11000- 30000 रहना फ्री, सम्पर्क- व्यापार विहार बिलासपुर 6232429364 (40095)

आवश्यकता है- एरिया सेल्स मैनेजर (FMCG) प्रतिष्ठित नमकीन/ फ्रायम्स निर्माता कम्पनी को ओडिशा, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखण्ड, बिहार, महाराष्ट्र टेरिटरी हेतु अनुभवी Area Sales Persons तुरन्त चाहिए। योग्यता- FMCG सेल्स अनुभवी को प्राथमिकता। वेतन- इण्डस्ट्री में सबसे बेहतर। कार्यक्षेत्र- ओडिशा, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखण्ड, बिहार, महाराष्ट्र सम्पर्क- एस.के. प्रोडक्ट्स, सिरगिट्टी इंडस्ट्रियल एरिया, बिलासपुर 62626 79797 ईमेल- skproductsbsp@gmail.com (40224)

आवश्यकता है-प्लास्टिक दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़के, लड़कियों (पेमेंट भरपुर मात्रा में) तथा कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- नानक ट्रेडर्स तेलीपारा मेडिकल काम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर (39979)

Requirment-Require for Office work knowledge of computer will be preferred minimum 12th pass. Contact- Oxy Software Rahul plaza Indu Chowk Bilaspur 7987704817, 8815753589 (40247)

आवश्यकता है- Merchant Ny को 750 लड़के लड़कियों की योग्यता 10वीं पास से स्नातक तक सैलरी (35500-85500) रहना खाना बीमा फ्री इच्छुक व्यक्ति अपने Documents WhatsApp करें अधिक जानकारी हेतु कॉल करें- 7521088984 (1350)

आवश्यकता है- दवाई दुकान में ड्राइवर की आवश्यकता है जो ऑटोमैटिक डिजायर एवं वैगनआर चला सके काम का समय सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक सम्पर्क करें- 9893285943, 92298 58916 (40281)

आवश्यकता है- इलेक्ट्रीकल्स दुकान में Marg साफ्टवेयर अनुभवी कम्प्यूटर ऑपरेटर (लड़की) एवं साईट कार्य हेतु वाईरिंग, फिटिंग इलेक्ट्रीशियन लड़के चाहिए पता अरूण इलेक्ट्रीकल्स चन्द्रा पार्क के सामने बृहस्पति बाजार बिलासपुर 7869102080 (40248)

आवश्यकता है- नौकरी का अवसर प्रतिष्ठित कार्यालय हेतु ऑफिस गर्ल (प्यून), किचन हेल्पर चाहिए। उम्मीदवार को चाय नाश्ता बनाना, स्टाफ को चाय पानी सर्व करना, किचन व ऑफिस की साफ, सफाई बनाए रखना तथा आवश्यक दस्तावेज,सामान लाने लेजाने जैसे सामान्य कार्यालय कार्य करने होंगे। मेहनती, जिम्मेदार ईमानदार महिला उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जाएगी। स्थान- शिव टॉकीज चौक, बिलासपुर, सम्पर्क करें- 7970010958 (40299)

आवश्यकता है-समीक्षा सोलर ऑफिस में निम्न पदों के लिए कर्मचारी की आवश्यकता है कम्प्यूटर ऑपरेटर, ड्राइवर, स्टोर में सामान लोड/ अनलोड करने के लिए कर्मचारी सम्पर्क करें- 8815458567 (40258)

आवश्यकता है- पुस्तक दुकान में मेहनती काम करने हेतु पुरुष कर्मचारी चाहिए 18 से 40वर्ष तक की आयु का हो जिसके पास स्वयं का ड्राइविंग लाइसेंस हो सम्पर्क करें- देवांगन बुक स्टाल सिटी सेन्टर कॉम्प्लेक्स, मारुति शोरूम के पास बिलासपुर 93002 27355, 6262227355 (40264)

आवश्यकता है-सुरक्षागार्ड एवं ऑफिस हेतु कम्प्यूटर आपरेटर चाहिए हिन्दी इंगलिश टाइपिंग अनुभवी वर्ड एक्सेल 2वर्ष अनुभवी। वेतन योग्यता अनुसार पता श्रीसाईं सिक्युरिटी सर्विस, जेजे हॉस्पिटल के बाजू तोरवा बिलासपुर 99930 57964, 8253010291 (40177)

आवश्यकता है- होटल के लिए हलवाई, मिस्त्री की तत्काल आवश्यकता है पेमेंट 18000 से 30000 सम्पर्क करें- राजपाल स्वीट्स यदुनंदन नगर तिफरा बिलासपुर 93005 21234 (40270)

आवश्यकता है-स्टेशनरी शॉप में फुल टाइम/ पार्ट टाइम कार्य करने हेतु लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है। अनुभवी सम्पर्क करें- भाटिया इंटरप्राइजेज, पेट्रोल पम्प के बाजू में नेहरू चौक बिलासपुर 7587259295 (40257)

आवश्यकता है-रेस्टोरेन्ट हेतु फ्राई पेन मिस्त्री, तंदूर रोटी कारीगर, मार्केटिंग स्टोर हेतु युवक (स्वयं का वाहन), वेटर, हेल्पर लड़के/ लड़कियां चाहिए। (खाना रहना फ्री) सम्पर्क करें- मुर्ग मसल्लम रेस्टोरेन्ट बिलासपुर 78791 21999 (40253)

आवश्यकता है-Ammaji Traders Field Officer और Salesman की आवश्यकता है। प्रारंभिक वेतन 15000 रहेगा कार्य के आधार पर आगे बढ़ाया जा सकता है। इच्छुक उम्मीदवार सम्पर्क करें- 6266732985(40262)

## बेचना है

बेचना है- नर्मदा विहार यदुनंदन नगर तिफरा में TNC स्वीकृत मकान नं 21, दो मंजिला मकान प्लाट एरिया 1650 वर्गफिट निर्मित एरिया भूतल 1350 वर्गफिट, प्रथम तल 1000 वर्गफिट एवं शेड 200 वर्गफिट कुल निर्मित एरिया 2550 वर्गफिट बेचना है सम्पर्क करें 9424146997, 7898687010 (40266

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

बेचना है- बिलासपुर RTO ऑफिस से 1KM आगे लगरा में सीपत मेन रोड से 150मी. अंदर प्रस्तावित कांक्रीट रोड में 5,10,20 डिसमिल के डायवर्टेड प्लॉट 750/- प्रति वर्गफिट फाइनेन्स सुविधा के साथ बेचना है (घर, निवेश हेतु उपयुक्त) सम्पर्क- 7974075890 (40309)

बेचना है- बिलासपुर शहर के प्राइम लोकेशन में मंगला शुभम विहार, अलका एवेन्यू, गोकुल धाम, सकरी बटालियन में मकान, प्लाट एवं कमर्शियल प्लाट बेचना है, सम्पर्क करें- 6262525232 (40283)

बेचना है- सकरी परसदा हाउसिंग बोर्ड के पीछे, सृष्टि संस्कृति कॉलोनी के पास 2BHK, 3BHK नवनिर्मित मकान एवं प्लॉट उपलब्ध है सम्पर्क करें- 7869493130 (40300)

बेचना है- TNC प्रोजेक्ट (सर्वसुविधायुक्त Plot & Home) मंगला धुरीपारा रोड एवं रतनपुर मेन रोड से 500 मीटर अन्दर, सेंदरी मोपका बाईपास फोर लेन के ऊपर बेचना है सम्पर्क करें- 9827157523, 7898318935 (40221)

बेचना है- आदिवासी प्लाट बेचना है बहतराई बिलासपुर में प्राइम लोकेशन पर 5 डिसमिल आदिवासी जमीन बेचना है। तुरन्त मकान बना सकते है। सम्पर्क करें- 9691615563, 7024069300 (40271)

बेचना है- पुराना प्रताप टॉकीज चौक, डॉक्टर कॉलोनी और कम्पनी गार्डन के पास डबरीपारा में 44×62 के कमर्शियल प्लॉट एक साथ/ 22×62 के दो टुकड़े में बेचना है @1.4Cr each सम्पर्क- 9300416538 (40306)

बेचना है- रामा मैग्नेटो मॉल के पास हॉस्टल (1000 वर्गफिट) 14कमरे, अटैच्ड बाथरूम सहित ग्राउण्ड+ थर्ड फ्लोर, सर्वसुविधायुक्त सीसीटीवी कैमरा, वाटर कूलर, दीवान+ मैट्रेस, बोरवेल, वाटर फिल्टर, पार्किंग, 1एसी कमरा सम्पर्क- 7879999932 (40305)

भोपाल में प्रोपर्टी खरीदना है
भोपाल शहर की विकसित कॉलोनीयों में होशंगाबाद रोड, कोलार रोड, में जमीन, प्लाट एवं बंगले खरीदना है
वास्तविक विक्रेता सम्पर्क करें
9826092344

बेचना है- नेहरू नगर चटर्जी गली में मेन रोड से 100मी अन्दर 25×58= 1450 वर्गफिट (4200/- प्रति वर्गफिट) 25फिट रोड बाउंड्रीवाल से घिरा 10फिट का गेट लगा प्लाट। सम्पर्क- सचिन पाण्डेय 7987968317 (40307)

बेचना है- सकरी में, टाउन एंड कंट्री अप्रूव्ड कॉलोनी मे मात्र 1290 वर्गफुट और नेशनल हाईवे बिल्हा में पूर्ण विकसित प्लांट मात्र 1190 वर्गफुट में, 80% बैंक फाइनेन्स सम्पर्क करें- 9302652734, 62622 29444 (40286)

## वाहन बेचना है

बेचना है- Benelli TNT600GT मोटर साइकल 5000 किलोमीटर चली, मॉडल 2016 गाड़ी नम्बर MH 49 AZ 2132 बेचना है सम्पर्क करें- 7000789150 (40303)

Auto Sale- (Auto EV) New. Mahindra Treo Plus Range 150 km, Running 188 km only, Passenger Vehicle for sale. Add- Om Nagar Jarhabhata Land mark- Gospal Church Contact No.-78285 37720 (40287)

## बेचना/ किराया

बेचना है-बिलासपुर में मुंगेली नाका सर्किट हाऊस के सामने वर्मा टावर में प्रथम तल में सर्वसुविधायुक्त 2BHK फ्लैट बेचना है अथवा किराये में देना है (लिफ्ट की सुविधा) सम्पर्क करें-9826389894 (40254)

## किराया

किराया- एक आधुनिक सुसज्जित भूतल मकान दो कमरे, हॉल, किचन, डाइनिंग लिविंग CCTV युक्त पूर्ण सुरक्षित किराये पर देना है। बैंक, रेलवे सरकारी कर्मचारी को परिवार को प्राथमिकता। सम्पर्क करें- 8109756006 (40263)

किराया- व्यापार विहार, गुम्बर पेट्रोल पम्प के पीछे F-293 दुकान G+2, साइज 12.5×30, 1125 वर्गफुट किराये से देना है सम्पर्क करें- 9303508203 (40302)

आपके सपनों का आशियाना
जल्द होगा आपका...
पढ़ते रहे हरिभूमि क्लासिफाइड
सब कुछ है यहां

MedicareSpecialists
गुप्त रोगी स्वयं मिले

शादी से घबराहट गुप्त रोग
■ शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
■ शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
■ लिंग में ढीलापन, छोटापन, पतलापन
■ लिंग में टेढ़ापन
■ वीर्य में शुक्राणु की कमी
■ बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
■ पेशाब में धातु जाना
■ शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी
संपर्क जे.जे. अहमद दवाखाना
सरकारी आई.टी.आई. पॉवर हाऊस अंबेडकर चौक, सी मार्ट के सामने बस स्टैण्ड, भिलाई
प्रतिदिन - सोम से शनि
समय - 9 बजे से 5 बजे तक
रविवार - 9 बजे से 2 बजे तक
9098889899

## शैक्षणिक

Addmission Open- For Session 2026-27 from class Nursery to class 8, Wanted Trained and experienced graduate Teachers for all subjects (TGT & PGT), Mother teachers, Aaya and Drivers. Address:- Krishna Public school Near Mahaveer city Rajkirshore Nagar Bilaspur (C.G.) Submit your resume in school hours. Contact- 8109912431, 9340772866, 93407 67474 (239)

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586

अक्टूबर-नवंबर 2027 में दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में होगा वनडे विश्व कप

# आईपीएल बना वनडे वर्ल्ड कप का ट्रायल 20 खिलाड़ियों पर नजर रखेंगे सेलेक्टर्स

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

वनडे विश्व कप में अभी एक साल का समय है लेकिन भारत के 20 संभावित खिलाड़ियों का अनुमान लगाया जा चुका है और पांचों राष्ट्रीय चयनकर्ता 28 मार्च से शुरू हो रहे आईपीएल में इन खिलाड़ियों पर नजर रखेंगे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने यह जानकारी दी। अजित अगरकर की अध्यक्षता वाली चयन समिति में एसएस दास, आरपी सिंह, अजय रात्रा और प्रज्ञान ओझा हैं। वनडे विश्व कप दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में 2027 अक्टूबर-नवंबर में होगा।

चयन समिति के सदस्य अपने अपने बेस में मैचों के दौरान मौजूद रहेंगे जबकि बाकी मैच टीवी पर देखेंगे। आईपीएल के पहले मैच में गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से होगा।




### घर या मैदान में हर चयनकर्ता देखेंगे एक मैच

अगरकर मुंबई में रहते हैं जबकि दास कोलकाता के रहने वाले हैं। आरपी और रात्रा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में रहते हैं जबकि ओझा अपने हिस्से के आईपीएल मैच बेंगलुरु और हैदराबाद में देखेंगे। अधिकारी ने कहा,' बीसीसीआई चाहता है कि हर चयनकर्ता कम से कम हर सप्ताह एक मैच देखे, जिससे पांच मैच प्रति सप्ताह हो जाएंगे। इसके अलावा टीवी पर मैच देख सकते हैं।' टी20 विश्व कप 2028 और उसी साल ओलंपिक को देखते हुए इस साल आईपीएल में उन 20 खिलाड़ियों को तलाशने पर नजर होगी, जो 50 ओवरों का विश्व कप खेलेंगे। चयन समिति मुल्लांपुर में छह से 10 जून तक अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के लिए भी सर्वश्रेष्ठ टीम उतारेगी हालांकि इस मैच से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अंक नहीं मिलने हैं।

### अगरकर के कार्यकाल को लेकर विराम

सीनियर अधिकारियों ने इन अटकलों को भी खारिज किया कि टी20 विश्व कप जीतने के बाद अगरकर ने अपना कार्यकाल 50 ओवरों के विश्व कप तक बढ़ाने की मांग की है। बीसीसीआई के एक सीनियर अधिकारी ने कहा,' चयन समिति बीसीसीआई की एक उप समिति है और चयनकर्ताओं का अनुबंध इस साल सितंबर तक है। अजित का करार सितंबर में खत्म हो रहा है, जिसके बाद बीसीसीआई सचिव और अजित तय करेंगे कि वह अगले साल वनडे विश्व कप तक रहेंगे या नहीं। एक सीनियर चयनकर्ता चार साल तक पद पर रह सकता है और उसे करार बढ़ाने का अनुरोध करने की जरूरत नहीं है।' अगरकर जुलाई 2023 में चयन समिति के अध्यक्ष बने थे और उन्होंने विराट कोहली तथा रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों के संन्यास के बाद टेस्ट और टी20 में बदलाव का दौर देखा है।

### सेलेक्टर्स ने की वनडे के लिए खिलाड़ियों की पहचान

भारत के सामने अभी अगली बड़ी चुनौती 2027 वर्ल्ड कप है। इसके बाद 2028 में टी20 वर्ल्ड कप और ओलंपिक होना है। तब टी20 पर फोकस रह सकता है। समझा जाता है कि सेलेक्टर्स ने वनडे के लिए स्पेशलिस्ट्स की पहचान कर ली है और आईपीएल के दौरान उनकी फॉर्म व फिटनेस पर ध्यान दिया जाएगा। हर्षित राणा को अभी ठीक होने में समय लगेगा। ऐसे में नीतीश कुमार रेड्डी पर फोकस रहेगा कि वह बतौर ऑलराउंडर किस तरह का प्रदर्शन करते हैं।

### वनडे टीम के 20 संभावित खिलाड़ी

शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, रवींद्र जडेजा, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, संजू सैमसन, ऋतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी, ऋषभ पंत, वाशिंगटन सुंदर, वरुण चक्रवर्ती।

आईपीएल-2026

# दिल्ली कैपिटल्स को झटका, मिचेल स्टार्क शुरुआती फेज से बाहर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली




आईपीएल 2026 की शुरुआत से पहले दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के लिए एक निराशाजनक खबर है। टीम के मुख्य तेज गेंदबाज ऑस्ट्रेलियाई मिचेल स्टार्क सीजन के शुरुआती मैचों से बाहर रह सकते हैं। स्टार्क के बाहर रहने से दिल्ली कैपिटल्स को सीजन के शुरुआती फेज में मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने पुष्टि की है कि तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क टूर्नामेंट की शुरुआत में उपलब्ध नहीं रहेंगे। उनकी वापसी इस बात पर निर्भर करेगी कि आने वाले सप्ताह में उनका फिटनेस प्रोटोकॉल कैसे आगे बढ़ता है। सीए के अनुसार, पिछले 12 महीनों में भारी वर्कलोड के चलते 36 वर्षीय स्टार्क को सावधानी से मैनेज किया जा रहा है। उन्होंने हाल ही में एशेज सीरीज के सभी पांच टेस्ट खेले थे और बिग बैश लीग के अंतिम चरण में भी हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में भारत के मोहम्मद सिराज को छोड़कर किसी भी तेज गेंदबाज से ज्यादा गेंदें डालीं। स्टार्क की गैरमौजूदगी दिल्ली कैपिटल्स के लिए अहम मानी जा रही है, क्योंकि टीम उनसे नई गेंद के साथ शुरुआती ओवरों में बढ़त दिलाने की उम्मीद कर रही थी। वह दुनिया के उन चुनिंदा तेज गेंदबाजों में शामिल हैं, जो पावरप्ले और डेथ ओवरों दोनों में मैच का रुख बदलने की क्षमता रखते हैं।

### आईपीएल से बाहर हुए नाथन एलिस




चेन्नई सुपर किंग्स को आईपीएल 2026 के आगाज से पहले बड़ा झटका लगा है। टीम के तेज गेंदबाज नाथन एलिस इंजरी की वजह से पूरे सीजन से बाहर हो गए हैं। चेन्नई ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर इस बात की जानकारी दी है। नाथन एलिस हैमस्ट्रिंग की इंजरी से जूझ रहे हैं, जिसके कारण वह आगामी सीजन में नहीं खेल पाएंगे। हालांकि, चेन्नई ने एलिस के रिप्लेसमेंट का ऐलान अभी नहीं किया है। चेन्नई सुपर किंग्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "नाथन एलिस हैमस्ट्रिंग की इंजरी के कारण पूरे सीजन से बाहर हो गए हैं। हम उनके जल्दी ठीक होने की कामना करते हैं।" नाथन एलिस को चेन्नई सुपर किंग्स ने ऑक्शन में 2 करोड़ रुपए में खरीदा था। इससे पहले वह चार सीजन तक पंजाब किंग्स के साथ रहे थे। एलिस का प्रदर्शन पिछले एक साल में ऑस्ट्रेलिया की तरफ से खेलते हुए शानदार रहा है।

## खबर संक्षेप



### बिना टिकट फुटबॉल स्टेडियम में घुसने पर मिलेगी सजा

लंदन। आर्सनल और मैनचेस्टर सिटी के बीच वेम्बले स्टेडियम पर होने वाले इंग्लिश लीग कप फाइनल से पहले लागू हुए नए कानून के तहत अब ब्रिटेन में बिना टिकट फुटबॉल मैच देखना अपराध की श्रेणी में आएगा। जुलाई 2021 में यूरोपीय चैंपियनशिप फाइनल में हजारों दर्शक बिना टिकट नेशनल स्टेडियम में घुस गए थे, जिससे हिंसा भड़क गई थी। इसके बाद सरकार की समीक्षा में पाया गया कि लोगों की जिंदगियां खतरे में थी और बिना टिकट स्टेडियम में घुसने वालों के लिए सजा कम थी। इसलिए इसे दंडिक अपराध बनाने की मांग की गई।

### जमशेदपुर एफसी ने एससी दिल्ली से खेला ड्रॉ

नई दिल्ली। सर्बिया के मिडफील्डर निकोला स्टोनाोविच के देरी से किए गए गोल की मदद से जमशेदपुर एफसी ने इंडियन सुपर लीग के मैच में स्पोर्टिंग क्लब दिल्ली से 1-1 से ड्रॉ खेला।



इससे पहले जोसेफ सनी ने 21वें मिनट में गोल करके दिल्ली को बढ़त दिलाई लेकिन स्टोनाोविच ने 90वें मिनट में बराबरी का गोल दागा। जमशेदपुर एफसी 13 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है जबकि एससी दिल्ली दो अंक के साथ 12वें स्थान पर आ गया है।

### आरआर के लिए नहीं खेलेंगे कुरेन

जयपुर। इंग्लैंड के करिश्माई हरफनमौला सैम कुरेन ग्रोइन की चोट के कारण राजस्थान रॉयल्स के लिए इंडियन प्रीमियर लीग का अगला सत्र नहीं खेल सकेंगे जबकि टीम विकल्प पर विचार कर रही है। कुरेन को राजस्थान रॉयल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स से खरीदा था।



उनके बदले में संजू सैमसन अब चेन्नई टीम के लिए खेलेंगे। पंजाब किंग्स और चेन्नई के लिए खेल चुके 27 वर्ष के कुरेन को आईपीएल 2023 सत्र के पहले 18.5 करोड़ रुपए में खरीदा गया था लेकिन चोट के कारण वह बाहर हो गए थे। चेन्नई के लिए 2020 और 2021 में खेल चुके कुरेन पिछले सत्र से पहले 2.4 करोड़ में टीम से जुड़े थे।

# न्यूजीलैंड ने साउथ अफ्रीका को 8 विकेट से हराया, टी-20 सीरीज में बनाई 2-1 से बढ़त

एजेंसी ▸▸ ऑकलैंड

टॉम लैथम की 63 रन की नाबाद पारी और डेवोन कॉनवे के साथ उनकी पहले विकेट के लिए 96 रन की साझेदारी की मदद से न्यूजीलैंड ने तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में दक्षिण अफ्रीका पर 8 विकेट से आसान जीत हासिल की।

दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज फिर से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए, और उसकी टीम 9 विकेट पर 136 रन ही बना सकी। न्यूजीलैंड ने 16.2 ओवर में दो विकेट पर 137 रन बनाकर 22 गेंद शेष रहते हुए लक्ष्य हासिल कर लिया और इस तरह से पांच मैच की श्रृंखला में 2-1 से बढ़त हासिल कर ली।

### लैथम ने बनाया चौथा टी20 अर्धशतक

कॉनवे ने 39 रन बनाए जबकि लैथम ने अपना चौथा टी20 अर्धशतक बनाया। टिम रॉबिंसन ने 17 रन का योगदान दिया। इस श्रृंखला में अभी तक बल्लेबाजों के लिए परिस्थितियां अनुकूल नहीं रही हैं। दक्षिण अफ्रीका को पहले मैच में केवल 91 रन का लक्ष्य मिला था, जो उसने तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया था। दक्षिण अफ्रीका की टीम दूसरे मैच में 107 रन पर आउट हो गई और न्यूजीलैंड ने 68 रन से जीत हासिल की।

दक्षिण अफ्रीका ने इस श्रृंखला में शुक्रवार को पहली बार 20 ओवर तक बल्लेबाजी की।




उसकी तरफ से नकोबानी मोकोएना ने 20 गेंद पर सर्वाधिक नाबाद 26 रन बनाए। लैथम और कॉनवे ने धीमी शुरुआत करते हुए पहले दो ओवरों में पांच रन और पहले तीन ओवरों में 12 रन बनाए। इसके बाद उन्होंने चौथे ओवर में मोकोएना पर 14 रन और लुथो सिपामला के किए पांचवें ओवर में 21 रन बनाकर न्यूजीलैंड को आसान जीत की राह पर अग्रसर किया। कॉनवे ने 11वें ओवर में केशव महाराज की गेंद पर सीमा रेखा पर कैच दिया। जब स्कोर बराबर था तब रॉबिंसन भी आउट हो गए। निक केली ने विजयी रन बनाया।

# भारत में कजाखस्तान हॉकी टीम कर रही हाई परफॉर्मेंस ट्रेनिंग

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

कजाखस्तान की सीनियर पुरुष हॉकी टीम एशियाई खेलों के क्वालीफायर के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण के सोनीपत स्थित उत्तर क्षेत्र केंद्र पर 10 से 21 मार्च तक हाई परफॉर्मेंस ट्रेनिंग कर रही है। भारत के प्रमुख हॉकी अभ्यास केंद्रों में से एक इस शिविर में आधुनिक अनुकूलन सुविधाएं, विश्व स्तरीय कृत्रिम टर्फ और बेहद प्रतिस्पर्धी माहौल है, जिससे कजाखस्तान को अच्छा अभ्यास मिल रहा है। अंतरराष्ट्रीय टीमों की मेजबानी और मदद के जरिए भारत को खेलों में श्रेष्ठता का वैश्विक केंद्र बनाने के खेल मंत्रालय के विजन के तहत यह पहल की गई है।



### सोनीपत में आकर बहुत खुशः उर्मानोवा

कजाखस्तान के कोच ओल्गा उर्मानोवा ने कहा, 'हम भारतीय खेल प्राधिकरण के उत्तर क्षेत्र केंद्र सोनीपत में आकर बहुत खुश हैं। यहां हमारा बहुत अच्छा ख्याल रखा जा रहा है। भारत में शीर्ष स्तर की हॉकी खेली जाती है और यही वजह है कि हम यहां सीखने, ढलने और विकास के लिए आए हैं।' उन्होंने कहा, 'इससे पहले हमने राजगीर में हीरो एशिया कप 2025 खेला था, जिसके बाद यह भारत का हमारा दूसरा दौरा है। एक बार फिर यह अनुभव काफी अच्छा रहा।' विश्व रैंकिंग में 55वें स्थान पर काबिज कजाखस्तान ने जकार्ता में एएचएफ कप 2025 में शानदार प्रदर्शन करके चौथा स्थान हासिल किया।

## महिला प्रो गोल्फ टूर : रिधिमा ने जीता सत्र का तीसरा खिताब




एजेंसी ▸▸ नोएडा

रिधिमा दिलावरी ने खराब शुरुआत के बाद शानदार वापसी करते हुए लगातार तीसरी बार 71 का स्कोर बनाया और महिला प्रो गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के छठे चरण का खिताब अपने नाम किया।

रिधिमा ने अंतिम दौर की शुरुआत जैस्मीन शेखर से तीन शॉट पीछे रहकर की थीं। पहले दो होल के बाद वह पांच शॉट पीछे हो गईं। इसके बाद रिधिमा ने शानदार वापसी करते हुए बाकी के 16 होल में दो बर्डी लगाईं और कोई बोगी नहीं की। दूसरी तरफ जैस्मीन ने चार ओवर 75 का स्कोर बनाया। रिधिमा ने दूसरा और चौथा चरण भी जीता था। अब छठा चरण जीतकर उन्होंने हीरो ऑर्डर ऑफ मेरिट में अपनी बढ़त बनाए रखी है। वर्तमान सीरीज का पहला चरण जीतने वाली जैस्मीन लगातार दूसरी बार दूसरे स्थान पर रहीं।

### हिताशी आठवें तो दीक्षा 16वें स्थान पर




गोल्ड कोस्ट। हिताशी बख्शी ने आस्ट्रेलियाई डब्ल्यूपीजीए गोल्फ चैंपियनशिप के दूसरे दिन तीन अंडर 68 के स्कोर के साथ संयुक्त आठवां स्थान हासिल कर लिया। दीक्षा डागर एक ओवर 72 के स्कोर के साथ संयुक्त 16वें स्थान पर है। प्रणवी उर्स भी संयुक्त 60वें स्थान पर है जबकि वाणी कपूर एक शॉट से कट में प्रवेश से चूक गई। वहीं मेनलो पार्क में अदिति अशोक ने फोर्टिनेट फाउंडर्स कप गोल्फ में अपने अभियान की धीमी शुरुआत की और इवन पार 72 के स्कोर के साथ वह संयुक्त 72वें स्थान पर है।

## महिला क्रिकेट टीम के दौरे का ऐलान दिसंबर में साउथ अफ्रीका का टूर

साउथ अफ्रीका के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज और एक टेस्ट मैच

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने इस साल के अंत में भारत और ऑस्ट्रेलिया के साथ सीरीज का ऐलान किया है। भारतीय महिला टीम और साउथ अफ्रीका महिला टीम के बीच इस दौरे पर तीन मैचों की वनडे सीरीज और एकमात्र टेस्ट मैच खेला जाएगा। दोनों टीमों के बीच ये एकमात्र टेस्ट मैच 20 से 23 दिसंबर तक गकेबेरहा में खेला जाएगा। वनडे सीरीज को लेकर बात करें तो तीनों मुकाबले आईसीसी



महिला चैंपियनशिप के तहत खेले जाएंगे। तीन मैचों की ये वनडे सीरीज 9 से 15 दिसंबर तक पोटचेफस्ट्रूम, ब्लोमफ़ोन्टेन और केप टाउन में खेली जाएगी। भारत के साउथ अफ्रीका दौरे की शुरुआत 6 दिसंबर से होगी। टीम इंडिया 6 दिसंबर को बेनोनी में साउथ अफ्रीका इमर्जिंग टीम के खिलाफ एक वार्म-अप मैच खेलेगी। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच अब तक कुल 3 टेस्ट मैच खेले जा चुके हैं और दोनों टीमों के बीच खेला जाने वाला ये मैच चौथा टेस्ट मुकाबला होगा। साउथ अफ्रीका के क्रिकेट बोर्ड ने आगामी समर सीजन के लिए एक बड़े शेड्यूल का ऐलान किया है।

### ईरानी महिला फुटबॉल टीम का तेहरान में स्वागत

तेहरान। ईरान की राष्ट्रीय महिला फुटबॉल टीम का लौटने के बाद भव्य स्वागत किया गया जबकि कई खिलाड़ियों ने आस्ट्रेलिया में शरण मांगी थी। मिडफील्डर फातिमा शबान ने कहा, 'सबसे पहले तो मैं ईरान आकर बहुत खुश हूं क्योंकि यह हमारा देश है।' दर्शकों ने झंडे लहराए और कुछ खिलाड़ियों के हाथ में गुलदस्ते भी थे। शबान ने कहा,' मैंने सोचा नहीं था कि इतने लोग हमारा स्वागत करने आएंगे। मुझे ईरान की बेटी होने की खुशी है।


समाहरणालय, बाँका
(मद्य निषेध शाखा)

वाहन नीलामी हेतु अति अल्पकालीन आम सूचना

(बिहार मद्यनिषेध एवं अधिनियम 2016 एवं संशोधित अधिनियम 2018 के सुसंगत प्रावधानों के तहत् राजसात्‌किये गये वाहनों की अल्पकालीन सार्वजनिक नीलामी सूचना)


एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि बाँका जिलान्तर्गत विभिन्न थाना काण्डों / उत्पाद वादों में राजसात किये गये वाहनों को बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2016 के सुसंगत प्रावधानों के तहत् विभिन्न अधिहरण वादों में अधिहरण न्यायालय अनुमंडल दण्डाधिकारी, बाँका, भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, बाँका, अपर समाहर्त्ता–सह–मद्यनिषेध दण्डाधिकारी, बाँका, जिला प्रंचायती राज पदाधिकारी–सह–मद्यनिषेध दण्डाधिकारी, बाँका एवं जिला परिवहन पदाधिकारी–सह–मद्यनिषेध दण्डाधिकारी, बाँका द्वारा राजसात् किये वाहनो कि सार्वजनिक नीलामी जो जहाँ है जैसे है के रुप में **11.30 बजे पूर्वाह्न में अधीक्षक मद्यनिषेध, महेषाडीह, बाँका के कार्यालय वेश्म में निम्न प्रकार से की जायेगी।**

| वाहन नीलामी की तिथि | | आवेदन प्राप्त की अंतिम तिथि | आवेदन प्राप्त करने का स्थान |
|---|---|---|---|
| दिनांक 06.09.2025 (पहली नीलामी), 07.01.2026 (दूसरी नीलामी), 09.02.2026 (तीसरी नीलामी) एवं 12.03.2026 (चौथी नीलामी) को आयोजित नीलामी से शेष बचे वाहनो की पाँचवी नीलामी की तिथि नये SOP (विभागीय पत्रांक–809, दिनांक–03.02.2026) के आधार पर। | 08.04.2026 | 06.04.2026 को अपराह्न 05:00 बजे तक | कार्यालय अधीक्षक मद्यनिषेध बाँका |

नोटः– (1) विभागीय पत्रांक–809, दिनांक–03.02.2026 के आलोक में चार बार नीलामी होने के पश्चात शेश बचे वाहनों की नीलामी "AS IS WHERE IS BASIS" पर किया जायेगा एवं AS IS WHERE IS BASIS पर प्रत्येक नीलामी में वाहनों के मूल्य को 10% कम करते हुए तब तक नीलामी की जायेगी, जब तक वाहन नीलाम न हो जाये।
(2) निम्नांकित वाहन के स्वामियों को भी सूचित किया जाता है कि यदि वे निम्नांकित वाहनों के लिये अपील / रिवीजन / प्रपत्र IV दायर किये हों तो इसकी सूचना साक्ष्य सहित नीलामी की तिथि के पूर्व नीलामी समिति को उपलब्ध करा देंगे।
(3) उक्त वाहन से संबंधित वाहन स्वामी यदि इच्छुक हैं तो नीलामी में भाग ले सकते हैं।

| क्र0 सं0 | न्यायालय, बांका का ज्ञापांक / दिनांक | उत्पाद / थाना नाम | उत्पाद / थाना कांड सं0 | वाहन का प्रकार | पंजीयन संख्या | चेचिस सं0 | इंजन सं0 | MVI द्वारा मूल्यांकित राशि (रुपया में) | दिनांक 12.03.2026 की नीलामी की राशि | SOP के आलोक में पाँचवी नीलामी की राशि | अग्रधन की राशि (20%) | वाहन स्वामी का नाम व पता | वाहन निर्माण का वर्ष (मॉडल) | वाहन की भौतिक उपस्थिति | नीलामी समय बीमाकृत मूल्य (वाहन की बीमाकृत मूल्य) | वाहन जहाँ पर है |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
| 01 | 6035/R 23.10.24 | रजौन (नवादा बाजार) | 618/22 | कार | CG12R 2266 | MA3ESK D1S0031 9899 | K12MN 108118 7 | 110000 | 79200 | 71280 | 14256 | नाम–डबलू कुमार पे0–प्रशांत सा0–रेलवे कॉलनी झोपड़ पट्टी हाउस नं0–213 थाना वो जिला कोरबा छत्तीसगढ़ | 2010 | | | रजौन (नवादा बाजार) |

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/pihar पर देखी जा सकती है।
PR- 26858 ( EXCISE ) 2025-26
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।
समाहर्त्ता, बाँका।






# बम फोड़कर बुझाई जाती है आग

## तेल के कुओं में लगी भीषण लपटों को काबू करने का खतरनाक तरीका

**नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट में लगातार बढ़ते तनाव और युद्ध के बीच दुनिया की नजरें तेल के कुओं पर टिकी हैं। क्योंकि, युद्ध जैसे जैसे आगे बढ़ रहा है, सबसे बड़ा खतरा गैस और तेल फील्ड्स में लगने वाली आग को लेकर सामने आ रहा है। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि जब इन कुओं में भीषण आग लगती है, तो उसे बुझाने के लिए पानी नहीं, बल्कि 'बम' का इस्तेमाल किया जाता है? मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव और यूएस इजरायल ईरान के बीच चल रहे युद्ध ने दुनिया भर की चिंता बढ़ा दी है। इस युद्ध में ईरान और इजरायल यूएस मिलकर गैस के कुओं को निशाना बना रहे हैं। इससे कई देशों में गैस और तेल के कुओं में आग लग जा रही है। यह आग इतनी भीषण होती है कि उसे पानी या साधारण फोम से बुझाना नामुमकिन होता है। ऐसी स्थिति में वैज्ञानिक और इंजीनियर एक बेहद हैरान करने वाला तरीका अपनाते हैं। इन आग की लपटों को शांत करने के लिए वैज्ञानिक 'बम' का सहारा लेते हैं।

### क्यों अलग होती है यह आग

तेल के कुओं में लगी आग लगातार जलती रहती है, क्योंकि नीचे से तेल और गैस का बहाव रुकता नहीं है। इसका मतलब है कि आग को खुद ही ईंधन मिलता रहता है। यही वजह है कि यह आग बहुत तेज और खतरनाक होती है। इसके पास जाना भी खतरे से खाली नहीं होता है। क्योंकि, तापमान इतना ज्यादा होता है कि मशीनें तक पिघल सकती हैं।



### पानी भी आता है काम

तेल की आग बुझाने के लिए भारी मात्रा में पानी का भी इस्तेमाल किया जाता है। बड़े पाइप और मशीनों से तेज दबाव में पानी डाला जाता है, जिससे तापमान कम होता है और आग कमजोर पड़ती है। लेकिन, सिर्फ पानी से काम हमेशा नहीं चलता, क्योंकि तेल का बहाव जारी रहता है।

### बम से कैसे बुझती है आग

कुओं की आग को बुझाने के लिए वैज्ञानिक और इंजीनियर विस्फोट करते हैं। इसमें एक्सपर्ट आग के पास खास तरह का बम लगाते हैं और उसे उड़ाते हैं। धमाके से तेज झटका पैदा होता है, जो आग के आसपास मौजूद ऑक्सीजन को कुछ समय के लिए हटा देता है। जैसे ही ऑक्सीजन खत्म होती है, आग बुझ जाती है। इसे ऐसे समझिए जैसे आप जोर से फूंक मारकर दीया बुझाते हैं, बस यहां इसी विधि को बहुत बड़े स्तर पर करने के लिए बम का इस्तेमाल किया जाता है।




# नवरात्रि में उमड़ता है आस्था का सैलाब!

## छतरपुर के पाताल वाले मंदिर में रोज होते हैं चमत्कार

भोपाल। छतरपुर जिले के बारीगढ़ में माता का एक ऐसा मंदिर भी है, जिसे सैकड़ों सालों साल पुराना बताया जाता है। यह मंदिर जंगल-पहाड़ में स्थित है। लेकिन, आज भी मान्यता है कि यहां आने वाले श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूरी होती हैं। जिन श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूरी होती हैं, वो यहां आकर सांग चढ़ाते हैं। साथ ही चेचक के मरीज अस्पताल न जाकर मंदिर आकर ठीक होते हैं। जिनको संतान प्राप्ति नहीं होती हैं उन्हें संतान प्राप्ति का सुख मिलता है।

### सैकड़ों साल पुराना मंदिर

65 वर्षीय पुजारी रामफल शर्मा बताते हैं कि माता का जो यह मंदिर है, इसे अर्द्धक्वारी माता के नाम से जाना जाता है। ये मंदिर सैकड़ों साल पुराना बताया जाता है। हम इस मंदिर को पीढ़ियों से पूजते आए हैं। हमारे बाबा के बाबा भी इस मंदिर में पूजा-अर्चना करते आए हैं। हालांकि, जंगल-पहाड़ में मंदिर होने की वजह से हर दिन लोग नहीं आ पाते हैं लेकिन हर सोमवार को यहां सुबह श्रद्धालु आते हैं। साथ ही शारदीय और चैत्र नवरात्रि में यहां जंवारे रखे जाते हैं। जिनकी मनोकामनाएं पूर्ण हुई हैं, वह यहां नवरात्रि में आते हैं। इसके अलावा यहां मनोकामनाएं मांगने हजारों श्रद्धालु नवरात्रि में आते हैं।



### पाताल फोड़कर निकली माता

पुजारी बताते हैं कि यहां जो माता विराजमान हैं, वह पाताल फोड़कर प्रकट हुई हैं। ये कितने साल पुरानी हैं यह तो हमारे बाबा को भी नहीं पता था। आसपास के गांव में जिनके यहां शादी होती हैं वह जोड़े के रूप में आकर यहां हत्था लगाते हैं।

### प्राचीन स्थल में नहीं विकास

वहीं, स्थानीय निवासी रुपेश तिवारी बताते हैं कि पहले माता जी का प्राचीन स्थान बड़ी चट्टान के नीचे था। लेकिन, किन्हीं कारणवश सालों पहले माता जी का स्थान परिवर्तित कर दिया गया। हालांकि, प्राचीन स्थान होने के बाद भी यहां रात में लाइट भी नहीं जलती है,जबकि यहां बिजली खंभे और लाइट भी लगी हैं।

### रोग होते ठीक

स्थानीय निवासी रोहित चौरसिया बताते हैं कि हमारे यहां माता जी का जो प्राचीन स्थान है, वह बहुत प्रसिद्ध स्थान हैं। हालांकि, जंगल-पहाड़ क्षेत्र होने की वजह से लोग हर दिन नहीं जा पाते हैं , लेकिन जब भी किसी के घर में शादी-विवाह जैसे कार्यक्रम होते हैं वह यहीं आते हैं। यहां बच्चों का मुंडन भी होता है। यहां नवरात्रि में मेला भी लगता है। इसके अलावा यहां चेचक के मरीज भी ठीक होकर जाते हैं।

# 2 सालों से दुनिया घूम रही लड़की, नहीं देना पड़ता किराया, रहना-खाना बिल्कुल फ्री!

**लंदन।** दुनिया में शायद ही ऐसा कोई व्यक्ति होगा, जिसे अपने सपनों को पूरा करने के दौरान पैसों की चिंता नहीं होती होगी। इंसान के सपने जितने बड़े होंगे, उसे उन्हें पूरा करने के लिए उतने ज्यादा पैसों की जरूरत पड़ेगी। मगर एक महिला ने अपने ट्रैवल करने के सपने को पूरा किया और इस दौरान उसे पैसों की चिंता नहीं करनी पड़ी। एक रिपोर्ट के अनुसार सारा नाम की एक महिला ने हाल ही में लोगों को बताया कि वो कैसे अपने ट्रैवलिंग के शौक को बिना पैसे खर्च किए पूरा कर रही है। दरअसल, वो एक लग्जरी यॉट पर काम करती है जहां उसकी सारी बेसिक जरूरतों को पूरा कर दिया जाता है और उसके लिए पैसे नहीं चुकाने पड़ते। उसकी लगभग पूरी सैलरी वो सेव कर लेती है क्योंकि उसे रेंट, खाना या बिजली-पानी के लिए पैसे नहीं देने पड़ते।



### पैसे सेव कर के दिया घर का डिपॉजिट

सारा के अनुसार यॉट पर सब कुछ पहले से कवर कर लिया जाता है। जिसमें उसका रहना, 3 वक्त का खाना, टॉयलेट्रीज और नाव से तट तक और तट से नाव तक के सफर का खर्च भी कंपनी के द्वारा ही दिया जाता है। उनका कहना है कि बीते 2 सालों में उन्होंने रहने-खाने के लिए एक रुपए भी नहीं खर्च किए हैं। इस वजह से उन्होंने काफी रुपए सेव कर लिए। 24 साल की उम्र आते-आते उनके पास इतने रुपए बच गए कि उन्होंने अपने नए अपार्टमेंट के लिए डिपॉजिट दे दिया।








# मामूली बुखार पर डॉक्टर ने बना दिया 10 हजार का बिल

**चेन्नई।** चेन्नई के एक शख्स का ट्वीट इन दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। उन्होंने दावा किया कि एक साधारण बुखार के इलाज के लिए उनसे करीब 9,900 रुपए का बिल लिया गया, जिसके बाद लोगों के बीच बहस छिड़ गई है। प्रशांत रंगास्वामी नाम के इस शख्स ने बताया कि वह हल्के बुखार और सर्दी के लिए अपोलो क्लीनिक गए थे। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा कि कंसल्टेशन, ब्लड टेस्ट, स्वैब टेस्ट और दवाइयों का कुल बिल करीब 9,000 रुपए से ज्यादा हो गया, जिसमें सिर्फ दवाइयों की कीमत ही 900 रुपए थी। उन्होंने इस खर्च को बिल्कुल भी वर्थ नहीं बताया। इस मामले पर अपोलो क्लीनिक ने जवाब देते हुए कहा कि वे इस फीडबैक को गंभीरता से ले रहे हैं और मरीज से डिटेल्स शेयर करने को कहा, ताकि टीम इस पर कार्रवाई कर सके। इस घटना के बाद सोशल मीडिया पर लोगों की अलग-अलग प्रतिक्रियाएं देखने को मिलीं। कुछ लोगों ने अस्पताल पर ज्यादा पैसे लेने का आरोप लगाया तो वहीं कई यूजर्स ने कहा कि कॉर्पोरेट अस्पतालों में जाना मतलब उनकी फीस को स्वीकार करना होता है। डॉ. सुधीर कुमार ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वह खुद साधारण बुखार के लिए डॉक्टर के पास नहीं जाते और न ही कोई टेस्ट करवाते हैं। उन्होंने कहा कि इससे उन्होंने पिछले कई सालों में काफी पैसे बचाए हैं। कुछ यूजर्स ने यह भी सवाल उठाया कि लोग छोटे क्लीनिक या सरकारी अस्पतालों में क्यों नहीं जाते, जहां मामूली बीमारियों का इलाज कम या बिना खर्च में हो सकता है। वहीं, कुछ लोगों का कहना है कि प्राइवेट अस्पतालों में बेहतर सुविधाएं होती हैं, लेकिन उनकी कीमत भी ज्यादा होती है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com